UPNUL/2013/51445 **अभिनिर्देशित** ISSN 2277-5854

श्रीविद्यामन्त्रमहायोग

(आगमतन्त्र की शोधपत्रिका)

(षाण्मासिकी)

संस्थापक सम्पादक
श्री दत्तात्रेयानन्दनाथ जी
(सीताराम कविराज)

सम्पादक मण्डल
प्रो. कमलेशदत्त त्रिपाठी
सम्मानित आचार्य, संस्कृतविद्या धर्मविज्ञान संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

प्रो. श्रीकिशोर मिश्र
संस्कृत विभाग, कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
पूर्व-अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

श्रीविद्यासाधनापीठ
वाराणसी (उ.प्र.)

वर्ष 9 अङ्क 2

श्रीविद्या साधना पीठ शिवसदन गणेश बाग, नगवा, वाराणसी के लिये प्रकाशानन्दनाथ द्वारा श्रीविद्या साधना पीठ, शिवसदन, गणेश बाग, नगवा, वाराणसी से प्रकाशित एवं स्टार लाईन भवन संख्या बी 13/90 सोनारपुरा, वाराणसी से मुद्रित।

फरवरी, 2020

सम्पादक :
डॉ. राजेन्द्रप्रसाद शर्मा

प्राप्तिस्थान
प्रकाशन विभाग
श्रीविद्यासाधनापीठ
शिवसदन, गणेशबाग, नगवाँ, वाराणसी
दूरभाष : 0542-2366622

UPNUL/2013/51445
ISSN. 2277-5854
UGC Approved Journal (No. 40949)
UGC CARE-listed in Religious Studies

सङ्गणकटङ्कित :
विशाल कम्प्यूटर्स, जयपुर

मुद्रक :
स्टार लाईन
सोनारपुरा, वाराणसी।

मूल्य : 125/-

नोट : इस अंक में प्रकाशित समस्त लेखों के सम्बन्ध में सभी विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

UPNUL/2013/51445 Peer Reviewed ISSN 2277-5854

ŚRĪVIDYĀ MANTRAMAHĀYOGA

Āgamic-Tāntric Research Journal

(Bi-annual)

Founder-Editor

Sri Dattātreyānandanāth

(Sitaram Kaviraj)

Editorial Board

Prof. Kamaleshdatta Tripathi

Emeritus Professor, Faculty of S.V.D.V.
BHU, Varanasi-5

Prof. Shree Kishore Mishra

Department of Sanskrit, Faculty of Arts,
BHU, Varanasi-5

Dr. Rajendra Prasad Sharma

Ex-Head, Department of Philosophy,
University of Rajasthan, Jaipur.

ŚRĪVIDYĀ SĀDHANĀ PĪTHA

Varanasi (U.P.)

वर्ष 9 अङ्क 2

Printed and Published by Prakashanand Nath on behalf of Shree Vidya Sadhna Peeth, Shivsadan Ganesh Bagh, Nagwa, Varanasi.
Printed at Starline, H. No.-B-13/90, Sonarpura, Varanasi and Published at Shree Vidya Sadhna Peeth, Shivsadan, Ganesh Bagh, Nagwa, Varanasi.

February, 2020

Editor :
Dr. Rajendra Prasad Sharma

Publications are available at :
Publications Department
ŚRĪVIDYĀ SĀDHANĀ PĪTHA
Shiv Sadan, Nagawa, Varanasi-221005
Ph. 0542-2366622

UPNUL/2013/51445
ISSN. 2277-5854
UGC Approved Journal (No. 40949)
UGC CARE-listed in Religious Studies

Type Setting :
Vishal Computers, Jaipur.

Printer :
Starline, Sonarpura, Varanasi

Price : 125/-

Note : Any dispute arising on articles published in this issue shall be decided under the jurisdiction of Varanasi Court only.

विषय–सूची

	सम्पादकीय	डॉ. राजेन्द्रप्रसादशर्मा	
शोधलेख			
1.	श्रीविद्या का रहस्य	अनन्तश्रीविभूषित स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराज	1–10
2.	उपचार मीमांसा की भूमिका	ब्रह्मलीन प्रो. विद्यानिवास मिश्र	11–24
3.	वैदिक विज्ञान के अनुसार ब्रह्म का स्वरूप विमर्श	आचार्य गुलाब कोठारी	25–33
4.	मूर्धन्य तन्त्रशास्त्री शिवानन्द गोस्वामी	महामहोपाध्याय देवर्षि कलानाथ शास्त्री	34–39
5.	आगमोक्त गुरुस्तोत्र विमर्श	डॉ. राजेन्द्रप्रसाद शर्मा	40–48
6.	शब्दब्रह्म एवं उसकी शक्तियों का दार्शनिक विमर्श	कीर्तिका भट्टाचार्य	49–57
7.	आश्वमेधिक पर्व में ब्रह्माजी का सांख्य शास्त्रीय उपदेश	समीर कुमार	58–61

8.	श्रीकरपात्रस्वामिमते श्रीमद्भगवद्गीतायां अद्वैततत्त्वविमर्श:	प्रो. उमारानी त्रिपाठी	62-71
9.	वैखानसागमे मन्त्रविमर्श:	प्रो. शीतलाप्रसादपाण्डेयः	72-75
10.	तन्त्रागमस्वरूपवर्णनम्	योगेशप्रसादपाण्डेयः	76-79
11.	वेदागमयोस्सम्बन्धविचारः	दीपक पालीवालः	80-84
12.	प्रत्यभिज्ञादर्शने षट्त्रिंशत्तत्त्वानि	भास्कराय:	85-88
13.	Yoga: Ancient Indian Philosophy to Practical Life of Common Man	Dr. Sushim Dubey	89-97
14.	Lalita abides in the Heart	Dr. Chaman Lal Raina	98-104

सम्पादकीय

सौभाग्य का विषय है कि परमपूज्य गुरुदेव की असीम अनुकम्पा से *श्रीविद्यामन्त्रमहायोग* का नवीन अङ्क प्रकाशित हो रहा है। इस अङ्क के प्रथम आलेख में अनन्तश्रीविभूषित परमगुरु स्वामी करपात्री जी के द्वारा लिखित 'श्रीविद्या का रहस्य' संकलित किया गया है। यह आलेख सन्मार्ग के तन्त्र विशेषाङ्क में श्री नन्दनन्दनानन्द सरस्वती जी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। अब ये दोनों विभूतियाँ ब्रह्मलीन हो गई है। इसमें श्रीविद्या के दुर्गम एवं गूढ रहस्यों की व्याख्या की गई है। ग्रन्थि भेदन का रहस्य भी सुस्पष्ट किया गया है। श्रीयन्त्र तथा षोडशी मन्त्र की अक्षर ब्रह्ममयी गूढ व्याख्या साधकों के अवबोधार्थ प्रस्तुत है। इस उत्तम लेख के लिए शतश: प्रणाम।

द्वितीय आलेख ब्रह्मलीन प्रो. विद्यानिवास मिश्र के द्वारा *उपचार मीमांसा* की भूमिका के रूप में लिखा गया था। इस आलेख में उपचार मीमांसा के गूढ रहस्यों को अनावृत्त किया गया है तथा उपासकों के लक्ष्यों को सुस्पष्ट किया गया है। यह लेख विस्तृत है तथा उपासनों के उपचारों की सार्थकता का सयुक्तिक प्रतिपादन करता है। श्रीविद्या के साधकों के लिए अवश्य मननीय है।

तृतीय आलेख 'वैदिक विज्ञान के अनुसार ब्रह्म का स्वरूप विमर्श' में राजस्थान पत्रिका के प्रधान सम्पादक तथा पं. मधुसूदन ओझा वैदिक अध्ययन संस्थान के आचार्य प्रख्यात वेदमनीषी गुलाब कोठारी ने ब्रह्म के स्वरूप का श्रुति के आधार पर विवेचन किया है। ब्रह्म की प्रतिष्ठात्रय को वैदिक विज्ञान के आधार पर विवेचित किया है। मन के अव्यय रूप को श्वोवसीयस ब्रह्म सिद्ध करने का सफल प्रयास किया है। यहाँ पं. मधुसूदन ओझा की वैज्ञानिक व्याख्या के आधारों को परखने का कार्य सम्पन्न हुआ है। अत: सादर प्रणाम एवं अभिनन्दन।

चतुर्थ आलेख में महामहोपाध्याय देवर्षि कलानाथ शास्त्री ने मूर्धन्य तन्त्रशास्त्री शिवानन्द गोस्वामी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का विवरण साररूप में दिया है जो इनके महत्त्व को रेखांकित करता है। अत: सादर प्रणाम।

पञ्चम आलेख 'आगमोक्त गुरुस्तोत्र विमर्श' में ब्रह्ममुहूर्त में पठनीय आगमोक्त गुरु स्तोत्रों का भावार्थ साधकों के अवबोधार्थ समुपस्थापित किया गया है। ये स्तोत्र तन्त्रसाधकों की साधना के लिए अनुपम साधन है। इन स्तोत्रों के अर्थज्ञान से साधक अपनी अन्तर्याग साधना को विधिवद् अनुष्ठित कर सकता है।

षष्ठ आलेख 'शब्दब्रह्म एवं उसकी शक्तियों का दार्शनिक रहस्य विमर्श' में कीर्तिका भट्टाचार्य ने भर्तृहरि के वाक्यपदीय के आधार पर शब्द ब्रह्म की शक्तियों की समीक्षा की है।

सप्तम आलेख 'आश्वमेधिक पर्व में ब्रह्माजी का सांख्य शास्त्रीय उपदेश' में समीर कुमार द्वारा दु:ख नाश में सांख्य के दार्शनिक ज्ञान की उपयोगिता सिद्ध करने का प्रयास हुआ है।

अष्टम आलेख 'श्रीकरपात्रस्वामिमते श्रीमद्भगवद्गीतायां अद्वैततत्त्वविमर्शः' में प्रो. उमारानी त्रिपाठी ने गीता की अद्वैत परक व्याख्या को सयुक्तिक एवं सप्रमाण प्रमाणित किया है। अतः सादर प्रणाम।

नवम आलेख 'वैखानसागमे मन्त्रविमर्शः' में प्रो. शीतलाप्रसाद पाण्डेय ने वैखानस आगम में मन्त्र विद्या के गम्भीर रहस्यों को सुस्पष्ट करते हुए पिण्ड शरीर में ब्रह्माण्ड की कल्पना विधान की अद्भुत प्रस्तुति की है। अतः हार्दिक अभिनन्दन।

दशम आलेख 'तन्त्रागमस्वरूपवर्णनम्' में तन्त्र और आगम को प्रामाणिक आधारों पर परिभाषित करने की सफल चेष्टा की गई है। एतदर्थ हार्दिक साधुवाद।

एकादश आलेख 'वेदागमयोस्सम्बन्धविचारः' में दीपक पालीवाल ने वेद और आगम के अन्तःसम्बन्ध को तार्किक रूप में प्रस्तुत किया है जिससे दोनों का ऐक्य सिद्ध होता है।

द्वादश आलेख 'प्रत्यभिज्ञादर्शने षट्त्रिंशत्तत्त्वानि' में भास्कर राय ने कश्मीर शैव दर्शन के 36 तत्त्वों को परिभाषित किया है। शाक्तदर्शन भी इन्हें इसी रूप में अङ्गीकार करता है। साधकों के लिए इन तत्त्वों का बोध परमावश्यक है।

त्रयोदश आलेख 'Yoga: Ancient Indian Philosophy to Practical Life of Common Man' में डॉ. सुशिम दूबे ने योगदर्शन की गहनता, ऐतिहासिकता, विविधता, स्वरूप एवं अष्टांग योग का सारभूत प्रतिपादन किया है। यह योग आज के वर्तमान जीवन में कितना आवश्यक है इसे सुस्पष्ट किया है। एतदर्थ हार्दिक साधुवाद।

चतुर्दश आलेख 'Lalita abides in the Heart' में विश्रुत विद्वान् डॉ. चमनलाल रैना ने श्रीललितात्रिपुरसुन्दरी के श्रीचक्रमय अन्तर्यजन को शैवदृष्टि से प्रतिपादित किया है। शाक्त साधना का सूक्ष्म स्वरूप इससे सुस्पष्ट होता है। एतदर्थ सादर प्रणाम।

यह अङ्क न केवल अभूतपूर्व एवं महत्त्वपूर्ण सामग्री को साधकों के लिये उपलब्ध कराता है अपितु नई अनुसन्धानपरक रचनाओं के द्वारा तन्त्रशास्त्र की सार्वकालिक उपादेयता पर विचार करता है। हमें विश्वास है कि साधकवर्ग में इस अङ्क का भी यथापूर्व स्वागत होगा और यह उनके लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा।

जो साधक इस सारस्वत यज्ञ में लेख रूपी आहुति देना चाहते हैं, वे इमेल पर 'वर्ड डाकुमेन्ट' में भेज सकते हैं।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
सम्पादक
rajendrasharmauniraj@gmail.com

श्रीविद्या का रहस्य

अनन्तश्रीविभूषित स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराज

अनाद्यनन्त संसारसागर में डूबता इतराता जीव अवश्य ही पार जाने को इच्छा करता है। किसी भी योनि में स्वाभाविकास्वाभाविक सुखदुःख का अनुभव करता, अपनी परिस्थितियों के अनुसार उनसे यथाशक्य जूझने का प्रयास करता तथा परमकरुणामयी पराम्बा द्वारा निरन्तर प्राप्ताश्रय रहता है। सुषुप्ति में सुप्ति के व्याज से 'स्वमतीतो भवति' परमकरुणामयी अकारणकरुण करुणावरुणालय माँ की गोद में भवाटवी के सभी दुःखों को भूल कर पुनः नूतन शक्ति नूतन स्फूर्ति सम्पन्न हो, परिस्थितियों से जूझने के लिये नूतन शक्ति सम्पन्न हो जाता।

मानवजीवन के चतुर्विधपुरुषार्थ में अर्थ काम दो मध्यवर्ती और धर्म मोक्ष दोनों आद्यन्तसीमावर्ती चरमलक्ष्य हैं। दृष्टपरिणामफलक दृष्टोपाय ऐकान्तिक तथा आत्यन्तिक फलाभाव के कारण चरमोपायत्वेन समाश्रयणीय नहीं हैं। कर्मकाण्ड, भक्ति, ज्ञानादि विविध उपाय शास्त्रसम्मत है। स्वल्पायास साध्य इष्टप्राप्ति अनिष्टपरिहारोपाय वेदशास्त्र में गूढ भाषा सांकेतिक मन्त्र (बीजादि) यन्त्र तन्त्र आदि द्वारा गुप्त-प्रकट है। इसका रहस्योद्घाटन गुरुमुखैकसम्भव है। वेदपुरुष द्वारा भी गूढार्थ गुम्फितवाक्यों द्वारा सङ्केतित तथा उपनिषद् द्वारा भी लक्ष्यार्थ रूप में प्रतिपादित है।

आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक दुःखों से संत्रस्त प्राणी भले उनसे मुक्ति पाने के लिए उपनिषदादि चरमोपायों का आश्रयण करें किन्तु उसके मन में पूर्णवैराग्यप्रादुर्भाव से पूर्व सांसारिक भावनाएँ बनी रहती है। उनकी तृप्ति के बिना मोक्ष का अधिकारी भी नहीं हो सकता और न उसके मन में वास्तविक मुमुक्षा ही प्रादुर्भूत होती है। कर्मफल की स्वाभाविक इच्छा पूर्ति के लिए वैदिक कर्मकाण्ड ऐहिकामुष्मिक इष्टप्राप्ति अनिष्टपरिहारार्थ यज्ञादि का आश्रयण करते हैं। किन्तु ऐषणात्रय से व्युत्थित व्यक्ति के लिए गुरूपसदन द्वारा परतत्त्वचिन्तन का ही अवलम्बन इष्ट है। किन्तु मध्यवर्ती उपासक इष्टप्राप्ति अनिष्टपरिहार भी चाहता हुआ भवाटवी के जंजालों से उन्मुक्त भी होना चाहता है। ऐसे व्यक्ति के लिए 'श्रीविद्या' ही एकमात्र साधन है। लक्ष्यरूप (बिम्ब) परब्रह्म का एक मात्र आश्रयण करने वाली जाग्रत-स्वप्न-सुषुप्ति रूप त्रिलोकी में विहरणशील लक्ष्मी पराम्बा ही श्री शब्दवाच्या है। अथवा सृष्टि-स्थिति-संहारचक्र प्रवर्तन इच्छावान् परब्रह्म ही परशिवरूप हो जिस महाशक्ति का समाश्रयण करते हैं वहीं श्रीशब्दवाच्या पराशक्ति है। अथवा संसारदावाग्निसंदग्धजीव अखिलदुःखनिवृत्ति तथा परसुखप्राप्त्यर्थ जिन पराम्बा का समाश्रयण करते हैं वह

श्रीशब्दवाच्या पराविद्या श्रीविद्या कहलाई है। इस अर्थ में उपनिषद् विद्या के समान गत्यवसादनविसरण आदि लौकिक उपाय द्वारा मुमुक्षु को सर्वविध मलावरणविक्षेपादि आत्यन्तिक निवृत्ति द्वारा स्वरूपाभिव्यक्तिपुरस्सर परमानन्दपरमेश्वर्य सम्पादन इस विद्या का परम लक्ष्य है। कहीं-कहीं इस अद्भुत विद्या में जादू का चमत्कार भी कहा है। अजर अमर अविनाशी तत्त्व की प्राप्ति अविद्या निवृत्ति द्वारा ही दार्शनिकों ने सम्भव बताई है। किन्तु श्रीविद्या का उपासक अद्भुत मस्ताना संसारदशा में भी संकल्प और भावना के स्थिरीकरण का सामर्थ्य रखता है।

सरस्वत्या लक्ष्म्या विधिहरिसपत्नो विहरते,
रतेः पातिव्रत्यं शिथिलयति रम्येण वपुषा।
चिरञ्जीवन्नेव क्षपितपशुपाशव्यतिकरः,
परानन्दाभिख्यं रसयति रसं त्वद्भजनवान् ॥ — *सौन्दर्यलहरी*

परानन्दकोटि प्रवेश से पूर्व ही ईश्वरकोटि प्रविष्ट ब्रह्मा विष्णु की नित्यशक्ति सरस्वती लक्ष्मी के आधिपत्य में तत् तद् गुणेश्वरों का साफल्य और दैहिकरमणीयता में कामपत्नी रति के पातिव्रत्य का भी उन्मन्थन चरमलक्ष्य प्राप्ति से पूर्व ही श्रीविद्या का चमत्कार है। इस प्रकार सर्व-लोकातिशायी उपादेयता तथा हितसम्पादननिपुणविद्या को वेदपुरुष ने भी अत्यन्त गूढ सांकेतिक शब्दों में वर्णित किया है। इसलिये कहा है दूसरी लौकिक-अलौकिक विद्याएं वेश्या की भाँति प्रकट है। परन्तु असूर्यम्पश्या राजमहिषी के समान 'वेदेष्वपि चतुर्षु परमत्यन्तं गोपनीयतरम्' श्रीविद्या का अत्यन्त गुप्तरूप है। इस कारण वरिवस्याकार श्रीभास्कराय ने—

कामो योनिः कमलेत्येवं सांकेतिकैः शब्दैः।
व्यवहरति न तु प्रकटं यां वेदपुरुषोऽपि।।

श्रीविद्या का उद्धार शांख्यायनश्रुति के अनुसार इसी गूढ़ साङ्केतिक भाषा में कामः (ककारः) योनिः (एकारः) कमला (तुरीयस्वरः) वज्रपाणिः (इन्द्रो लकारः) गुहा (लज्जाबीजम्) हसा (हसेति) मातरिश्वाभ्रमिन्दः (सकलेतिस्वरूपम्) पुनर्गुहा सकला (मायाबीजं सकलेति) मायया च (लज्जाबीजेन) पुरुच्येषा विश्वमाताऽऽदि विद्या। "एतादृशैः साङ्केतिकैः शब्दैरत्यन्तगोपनीयत्वं समर्थितं भवति।" इस प्रकार श्रुति ने तथा अभियुक्तों ने एक स्वर से इस पर विद्या की परमगोपनीयता का प्रतिपादन किया।

चतुर्दशविद्याओं का सार वेदत्रयी, वेद का सार, वेदमाता गायत्री और गायत्री भी अपरा और पररूप से दो प्रकार की। अपरा गायत्री भी पादत्रयों तथा तुरीयपाद से युक्त परावरतत्त्व का प्रतिपादन करती है। वह समस्त गायत्री चतुर्विंशत्यक्षरा शब्दमयी विश्वमूर्ति अपने प्रथमपाद के अष्टाक्षर से भूमि (दो) अन्तरिक्ष (चार) तथा द्यौः (दो) अक्षरों से विनिर्गत अर्थ (तत्त्व) मयी देवता है। गायत्री द्वितीयपाद से शब्दमयी मूर्ति ऋचः (दो) यजूंषि (तीन) सामानि (तीन), इस प्रकार द्वितीयाष्टाक्षर पादा तथा तृतीयाष्टाक्षर से प्राणः (दो) अपानः (तीन) तथा व्यानः (तीन) अध्यात्मरूप हुई तथा तुरीय परोरजसेऽसावदोम् प्रणव युक्त समस्त गायत्री की

प्रतिष्ठा परमतत्त्व का द्योतन करती है। श्रीविद्या का चमत्कार है कि ऐसी आलौकिक चतुष्पदा गायत्री श्रीविद्या के प्रथम वाग्भवकूट में अन्तर्भूत है। द्वितीय तृतीय कामराज सथा शक्तिकूट लौकिकालौकिक चमत्कार समस्त दुःखों की आत्यन्तिक निवृत्ति या सर्वातिशायी ऐश्वर्य भूमा सुखसम्पादन आदि दिव्यातिदिव्य विभूतियों के आकार माने गये हैं।

समस्त श्रीविद्या तो क्या इसमें केवल ह्लेखा ही दिव्य चमत्कारों का भण्डार है। ह्लेखा की द्वादश संहतिः, हकार रेफ तुरीय स्वर तथा अनुस्वार के सूक्ष्म सूक्ष्मतर सूक्ष्मतमादि नवध्वनि विशेष बिन्दु, अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिका, समना, उन्मना एक से एक बढ़कर अलौकिक चमत्कारों के निधान हैं। बिन्दु से महाबिन्दु पर्यन्त यात्रा सुषुम्ना से परे आज्ञाचक्रानन्ता योगी और श्रीविद्या अन्तरङ्गोपासक का आराध्य क्षेत्र है। मूलरूप से आज्ञापर्यन्त कुण्डलिनी महाशक्ति का विविधदल कमलों का आक्रीड है। तदनन्तर परतत्त्व का ईषत्ज्ञान होने के कारण ज्ञानसिन्धु तथा आनन्दसिन्धु का अवगाह आरम्भ होता है। उच्चगणित में जैसे निपुणगणितज्ञ एक और शून्य की परिधि में अन्तर्निदिष्ट हो सूक्ष्मसूक्ष्मातरादि स्तरों से पार जाकर ससीम की अन्तिम बीज, ज्यामिति तथा गणितानुसार परिधियों का विश्लेषण कर परिधि विलयनानन्तर असीम में विहार करता है। ठीक वैसे ही योगी और साधक भी मात्रा में सन्निविष्ट 256 काल के लव परमाणुओं का क्रमशः ह्रास बिन्दु में 128, अर्द्धचन्द्र में 64, रोधिनी में 32, नाद में 16, नादान्त में 8, शक्ति में 4 व्यापिका में 2 लव, समना में 1 तथा उन्मना में सूक्ष्मानन्त (Infinitesimal) का अनुभव करता अत्यन्त असीम महाकाल महाकाश परातत्त्व में विहरण करता परानन्दाभिख्य पद का अस्वाद करता है। यहाँ अर्थमयी सृष्टि का बाह्य (व्यापक) तथा सूक्ष्म (आन्तर) परिधि विलयन अन्तर्याग द्वारा प्रायः प्रतिदिन साधक को होता है। शब्दमयी सृष्टि भी संहारक्रम से बैखरी, मध्यमा, पश्यन्ती तथा परावाक् में सूक्ष्मसूक्ष्मतर पद्धति से प्रविष्ट हो शब्दमयी सृष्टि में श्रीविद्या के पञ्चदश अक्षरों, कूटत्रय तथा प्रतिपन्मुख्यराकान्ततिथिमण्डल तथा राकादिदर्शान्तपञ्चदशनित्यामण्डल में व्याप्त तथा तज्जीवनाधारभूता पोडशी कला के रूप में अभिव्यक्त है।

'छादनात् छन्दः' इस न्याय से शब्दमयी मूर्ति देवतात्मा होकर शब्दरूप शरीर को धारण करती है।

अकचादिटतोन्नद्धपयशाक्षरवर्गिणीम्।
ज्येष्ठाङ्गबाहुहृत्पृष्ठकटिपादनिवासिनीम्॥

इस प्रकार साधक शब्दमयी मूर्ति के सम्पर्क से देवतात्मा या सन्निधान प्राप्त करता है। ककारादि किसी एक अक्षर अथवा ह्लेखान्तर्गत किसी एक ध्वनि के बल पर दिव्य चमत्कारों का आश्रय बन जाता है।

यदक्षरैकमात्रेऽपि संसिद्धे स्पर्द्धते नरः।
रवितार्क्षेन्दुकन्दर्पशंकरानलविष्णुभिः।।

जिस विद्या के एक अक्षर मात्र के सिद्ध होने पर साधक पुरुष सूर्य, गरुड, चन्द्र, कामदेव, शंकर, अग्नि और विष्णु आदिकों के साथ ऐश्वर्य स्पर्धा करने लगता है। अद्वैतसिद्धान्तानुसार भी—

कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः।
कार्यकारणतां हित्वा पूर्णबोधोऽवशिष्यते ॥

दिक्कालवस्तुपरिच्छेद ही उच्चावच सभी भेदों का कारण है। समस्त परिच्छेदशून्य शुद्धचैतन्य ही परम पद है जिसे '**तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः**' कहा गया है। वहीं विष्णु का परमपद है। श्रीविद्या की कृपा से साधक के लिए हस्तामलकवत् सदा प्राप्त है।

श्रीविद्याप्रतिपादक तन्त्र चन्द्रकला विद्याष्टक के अनुसार—चन्द्रकला, ज्योत्स्नावती, कलानिधिः, कुलार्णवम्, कुलेश्वरी, भुवनेश्वरी, बार्हस्पत्यम्, दूर्वासमतम्—यह तन्त्राष्टक है। इसमें तीनों द्विजाति वर्णों और शूद्रों का भी अधिकार है। ब्राह्मणादित्रैवर्णिका के लिए दक्षिण मार्ग से अर्चनादि प्रतिपादित है, शूद्रादिकों के लिए अपसव्यमार्ग का विधान निरूपित है। दक्षिण वैदिक मार्ग को श्री लक्ष्मीधराचार्य ने 'समयाचार यही है' ऐसा कहा है। यही आद्यशंकर भगवत्पाद द्वारा प्रतिपादितमार्ग वसिष्ठ, सनक, सनन्दन, शुक, सनत्कुमार इन पाँच मुनियों ने अपनी-अपनी संहिताओं में किया है। इन पांचों संहिताओं को मिलाकर शुभगाशुभपञ्चक कहा है। इनमें निरूपित मार्ग समयाचार अथवा वैदिक मार्ग कहा जाता है। चन्द्रकला विद्याष्टक में कुलमार्ग एवं समय मार्ग दोनों निरूपित है, इसलिए विद्वद्वर्ग ने उसे 'मिश्रक' कहा है।

'मिश्रकं कुलमार्गं च परित्याज्यं हि शाङ्करि॥' इस ईश्वर वचनानुसार मिथ और कौलमार्ग का त्याग करना चाहिए। चतुःषष्टितन्त्र कौलों द्वारा समादृत होने से कौल मार्ग ही हैं तथा चतुःषष्टिविद्यान्तर्भूता चन्द्रज्ञान विद्या में षोडशनित्याओं का प्रधानतया निरूपण है और चक्र विद्या में मूल विद्यान्तर्भूत होने के कारण उनका अङ्गतया ग्रहण है।

षोडशनित्या चन्द्रकलाप्रतिपदादिपूर्णान्त तथा पूर्णादिदर्शान्त तिथियों और षोडशस्वरों से परिलक्षित हैं। श्रीचक्र में अष्टदलकमल में प्रतिदल में दो-दो करके और षोडशदल कमल में प्रतिदल एक के अनुपात से स्थित है। इनमें से प्रथम नित्याद्वय त्रिकोण बिन्दु रूप में तथा शेष चतुर्दशार में तथा मेखलात्रय, नूपुरत्रय तथा बिन्दुत्रिकोण में अन्तर्भूत है। इसी अन्तर्भाव को 'मेरुप्रस्तार' कहा है।

सनन्दनसंहिता में भी षोडशनित्याओं को चन्द्रकला और चक्र विद्या की अङ्गभूता माना है। यहां षोडशनित्या स्वरात्मिका होकर जीवकलारूप से पञ्चदशाक्षरी मन्त्र में एकारादिभूत अकार और विसर्गात्मक सकार द्वारा बैन्दवस्थान में स्थापित तथा अन्तर्भूत है। 'क' से आरम्भ तथा 'म' पर्यन्त सभी स्पर्श अष्टार और दशकोणद्वय में अन्तर्भूत हैं। शेष मकारादि नव वर्ण दो बार आवृत्ति से चतुर्दशार के चौदह कोणों में तथा शेष चार शिवत्रिकोणों में अन्तर्भूत होंगे। इस प्रकार के अन्तर्भाव को 'कैलासप्रस्तार' कहा है।

इसी प्रकार 'भू-प्रस्तार भी सनत्कुमारसंहिता के अनुसार चक्रविद्यामें षोडशनित्याओं का अङ्गत्वेन अन्तर्भाव दिया है। वशिनी आदि अष्ट देवताओं को दो-दो करके बिन्दुत्रिकोण को छोड़कर अष्टकोण में

अन्तर्भाव किया है, मध्य में त्रिपुरसुन्दरी का अन्तर्भाव है। अष्टवर्ग में वशिनी आदि आठ को, षोडशनित्याओं को, द्वादशयोगिनी और चार गन्धाकर्षिणी आदि को अन्तर्भूत करके एक त्रिपुरसुन्दरी को वैन्दवस्थान के नीचे तथा चार द्वारों में चार गन्धाकर्षिणी आदि का अन्तर्भाव है। इस प्रकार षोडशनित्याओं का विभिन्न प्रकार से चक्रविद्या में अन्तर्भाव और अङ्गत्व माना है।

इन पर चन्द्रकलात्मिका षोडशनित्याओं का स्थान विशुद्धचक्र (कण्ठ) और षोडशार है। वहाँ पूर्वादिदिशाके क्रम से षोडशनित्या घूमती रहती है। उसके नीचे संवित्कमल द्वादशार में सूर्यमण्डल की द्वादश कलाएँ पूर्वादि दिशाक्रमानुसार परिभ्रमण है। सूर्य-चन्द्र के देवयान पितृयान रूप इडा पिङ्गला मार्ग से दिन-रात्रि का सञ्चार होता है। इनमें चन्द्र वामनाडीमार्ग से सञ्चार करते हुए बहत्तरसहस्र नाडियों का अमृत से अभिषिञ्चन करते हैं। सूर्य दक्षिणनाडीमार्ग से सञ्चार करते हुए उन नाडियों में परिषिक्त अमृत को खींच लेते हैं। जब चन्द्र-सूर्य दोनों का आधार चक्र में समावेश होता है तब अमावस्या तिथि कहलाती है। कृष्णपक्ष की तिथियों का यहीं से प्रादुर्भाव है। कुण्डलिनीशक्ति इसी मूलाधार कुण्ड में सूर्यकिरणों के सम्पर्क से विलीन चन्द्रमण्डल मध्यवर्ती अमृतधारा परिप्लुत कुण्ड में सुप्त पड़ी रहती है। यही स्वापावस्था ही कृष्णपक्ष कहलाती है। जब योगी योगसमाधि द्वारा चन्द्र को चन्द्रस्थान में और सूर्य को सूर्यस्थान में प्राणायाम द्वारा निगृहीत करने में समर्थ होता है। तब निरुद्धचन्द्रसूर्य अमृतसेचन अथवा अमृतशोषण में असमर्थ हो जाते है। तब प्राणायामवायु से प्रेरित स्वाधिष्ठानाग्नि मूलाधारस्थित अमृत कुण्ड को सुखा देती है, तब बिना आहार के कुण्डलिनी फूत्कार करती हुई सुप्तिसर्पिणी के समान उठती हुई स्वाधिष्ठान में ब्रह्मग्रन्थि, अनाहत में सूर्यग्रन्थि और आज्ञाचक्र में रुद्रग्रन्थि को भेदन कर सहस्रदल कमल मध्यवर्ती चन्द्रमण्डल को डसती है। इस प्रकार चन्द्र से प्रस्फुटित अमृत धाराएं आज्ञाचक्र के ऊपर चन्द्रमण्डल को आप्लावित करती समस्त देह को अमृतधारा से आप्लावित करती हैं। इस प्रकार आज्ञाचक्र के ऊपर स्थित चन्द्र की पन्द्रह कला पञ्चदश नित्या है। यही नित्यायें नीचे विशुद्धिचक्र में आश्रित हो परिभ्रमण करती है। सहस्रदलकमलान्तःस्थित चन्द्रमण्डल ही बिन्दु (वैन्दव) स्थान है। उसकी कला आनन्दमयी त्रिपुरसुन्दरी, आत्मा कही जाती है। इस प्रकार योगीश्वर लोग शुक्ल पक्ष में ही कुण्डलिनी प्रबोध कर सकते हैं, कृष्ण पक्ष में नहीं। यह एक रहस्य है। शुक्ल पक्ष की तिथि या पौर्णमासी नाम से पुकारी जाती हैं। ऐसे ही कृष्णपक्ष की तिथियाँ अमावस्या में अन्तर्भूत होती है। वहीं एक मात्र अमावस्या ही कृष्णपक्ष है। इस कारण मूलाधार चक्र को अन्धतामिस्र भी कहा है। स्वाधिष्ठान में सूर्यकिरणों का सम्पर्क होने से मिश्रलोक है। मणिपूरक में अग्निसम्पर्क रहने पर भी सूर्य किरणों का प्रतिविम्ब जल में पड़ता है, अतः यह मिश्रक लोक ही हैं। अनाहतपर्यन्त ज्योति और तमस का मिथ लोक है, अनाहत ज्योतिर्लोक है। विशुद्धि चक्र से चान्द्र लोक का आरम्भ है। विशुद्धि चक्र चान्द्र लोक है। आज्ञाचक्र चन्द्र स्थानवत् सुधालोक है। इन दोनों चक्रों में सूर्य किरणों के सम्पर्क के कारण ज्योत्स्ना (स्वप्रकाश) नहीं है। सहस्र दल कमल ज्योत्स्नामय लोक है। वहाँ स्थित चन्द्र मण्डल नित्यकला से युक्त रहता है।

यह चन्द्रबिम्ब श्रीचक्र है, साधारण कला है, इसलिये त्रिकोण आधार (मूल) है, अष्टकोण स्वाधिष्ठान, दशार मणिपूरक, द्वितीय दशार अनाहत, चतुर्दशार विशुद्धिचक्र, चार शिवचक्र (योनियाँ-त्रिकोण) आज्ञाचक्र, बिन्दुस्थानचतुरस्र सहस्रदल पद्म। इस प्रकार **'शरीरं चिन्तयेदादौ निजं श्रीचक्ररूपिणम्।'** आज्ञाचक्रगत चन्द्र में पञ्चदशकला, श्रीचक्र रूप चन्द्र बिम्ब में परमा एक ही कला का निवास है। इस प्रकार कुल मिलाकर षोडशकला श्रीचक्र में, षोडशाक्षर कला मन्त्र में, तथा बैखरी शब्दराशि में व्याप्त है। यही सरस्वती के पञ्चाशद्वर्णात्मक अङ्ग हैं, शब्दमयी मन्त्र मूर्ति है, तथा श्रीयन्त्र के कूटत्रय—वाग्भव, कामराज और शक्तिकूट है।

षोडशेन्दोः कला भानोः द्विद्वादशदशानलैः।
सा पञ्चाशत्कला ज्ञेया मातृकाचक्ररूपिणी।।

'अकारादि षोडशस्वर चन्द्र की षोडशकला, कवर्गादि से लेकर पवर्गान्त अनुलोम प्रतिलोम मेलनरूप 'कं मं खं बं गं पं' आदि विधि से सूर्य की द्वादशकला रूप चौबीस वर्ण तथा यकारादि क्षकारान्त अग्नि की दशकला, इस प्रकार पचास कला हुई। इनमें व्यञ्जन स्वरों के अङ्ग मात्र हैं। इसलिए ककारादि से लकारान्त 'कला' शब्द का प्रत्याहार गौण है, कला स्वरों का प्रधान सम्बन्ध बताना मुख्यार्थ है। यही पञ्चदशाक्षरी में 'क' से लेकर अन्तिम तृतीय कूटस्थ लकार के प्रत्याहार से 'कला' शब्द का निर्वचन है—अकार की प्राप्ति 'ए'कार मध्यवर्ति अकार से होती है। चार अनुस्वार बिन्दु का लक्ष्य करते हैं, इस कारण बिन्दुओं को ऊपर ग्रहण किया गया है। इस प्रकार बिन्दु से ऊपर का नाद भी संगृहीत है। इस प्रकार नाद बिन्दु कलात्मक श्रीचक्र त्रिखण्ड रूप है। षोडशी सादाख्या कला नादबिन्दुकला से अतीत नित्य कला है, इसी का दूसरा नाम 'श्रीविद्या' है।

प्रत्याहार (आदि अन्त का मिलापन) चार प्रकार के ऐक्य का स्पष्टीकरण करते हैं। अकारादिषोडशस्वर, स्पर्शों में 'क' से लेकर 'त' तक सोलह स्पर्श और 'थ' से लेकर 'स' तक सोलह-स्पर्श ऊष्माणादि यह षोडश त्रिक षोडश नित्याओं में अन्तर्भूत हैं। हकार आकाशबीज वैन्दवाकाश में निलीन हुआ। लकार अन्तस्थों में रहने पर भी पुनः 'क' कार से प्रत्याहृत होकर 'कला' रूप में परिणत हुआ। 'क्ष' कार 'क' और 'ष' का संयोग होने से समुदाय रूप हुआ। इस प्रकार 'अ' कार से 'क्ष' कार तक प्रत्याहार करके अक्षमाला बनी। इस कारण यन्त्र के शक्ति खण्ड (तृतीय) में 'सकलह्रीम् में 'क' और 'ल' के योग से 'ला' शब्द, 'क' और 'ष' के योग से 'क्ष' शब्द का प्रादुर्भाव हुआ और इस प्रकार मन्त्र वर्णों से सभी मातृकाओं की उत्पत्ति हुई, इस विधि से षोडश नित्याओं की षोडशवर्णात्मिकता, षोडशवर्गों की पञ्चदर्शवर्णात्मकता और पञ्चदशवर्णों की चन्द्रसूर्याग्नि-कलात्मकता, चन्द्रसूर्याग्निरूप में मन्त्र की त्रिखण्डात्मकता, ऐसे चतुर्विध ऐक्य का अनुसन्धान हुआ।

ऐसे ही चक्र और 'मन्त्र' का भी ऐक्यानुसन्धान है। तीन 'ह्रींकार' और श्रीबीज शिवचक्रचतुष्टय त्रिकोणों में बिन्दुरूप से अन्तर्भूत है। 'सकल' के वर्णत्रय से अक्षमालात्मिका मातृका संगृहीत है। दोनों मातृका और अक्षमाला चक्र में अन्तर्भूत है, जैसे चार 'अन्तस्था' और (य र ल व) 'ऊष्माण, (श ष स ह) अष्टकोणात्मक चक्र में लीन हुए। 'क' से 'म' तक पञ्चम वर्णों (ङ ञ ण न म) को छोड़कर दशार युग्म में लीन हुए। वर्गों के पञ्चमाक्षर अनुस्वार सहित 'बिन्दु' में अन्तर्भूत हुए। चतुर्दश स्वर चतुर्दशार में और अनुस्वार विसर्ग का 'बिन्दु' में अन्तर्भाव हुआ। इस प्रकार सुभगोदय मत के अनुसार चक्र मन्त्र का ऐक्यानुसन्धान है।

पूर्णोदय के मतानुसार चक्र चन्द्र सूर्य अग्नि रूप त्रिखण्ड है। ऐसे मन्त्र का भी त्रिखण्डत्व प्रसिद्ध है। चन्द्र की 16 कला इन्दु खण्ड में, सूर्य की अनुलोम प्रतिलोम 24 कला सौरखण्ड में और अग्नि की दश कला अग्निखण्ड में अन्तर्भूत हैं। इस प्रकार से कला, यन्त्र और मन्त्र का ऐक्यानुसन्धान है। यह ऐक्यानुसन्धान ही मन्त्र-यन्त्र पूजा का मुख्य लक्ष्य है। मन्त्र में—

कत्रयं , 'हद्वयं' चैव शैवो भागः प्रकीर्तितः।
शक्त्यक्षराणि शेषाणि ह्रींकार उभयात्मकः ॥

तीन ककार और दो हकार शिव का भाग, शेष अक्षर शक्ति भाग तथा ह्रींकार उभयभाग है। इसी प्रकार चक्र में भी—

चतुर्भिः शिवचक्रैश्च शक्तिचक्रैश्च पञ्चभिः।
नवचक्रैश्च संसिद्धं श्रीचक्रं शिवयोः वपुः ॥

चार शिव चक्र और पाँच शक्ति चक्र मिलकर नव चक्रों से शिवशिवादेहात्मक श्री चक्र बनता है। इनमें पाञ्च शक्ति चक्र—

त्रिकोणमष्टकोणं च दशकोणद्वयं तथा।
चतुर्दशारं चैतानि शक्तिचक्राणि पञ्च च।।

और चार शिव चक्र—

बिन्दुश्चाष्टदलं पद्मं पद्मषोडशपत्रकम्।
चतुरश्रं च चत्वारि शिवचक्राण्यनुक्रमात्।।

अब इन दोनों का ऐक्यानुसन्धान 'त्रिकोण' में बिन्दु को, अष्टार में अष्टदल कमल को, दो दशारों में षोडशार को और चार भूगृहों को चतुर्दशार में विलीन करे।

त्रिकोणं बैन्दवे श्लिष्टमष्टारेऽष्टदलाम्बुजम्।
दशारयोः षोडशारं भूगृहं भुवनाश्च के।।

इस प्रकार—

शैवानामपि शाक्तानां चक्राणां च परस्परम्।
अविनाभावसम्बन्धं यो जानाति स चक्रवित्।।

शिव शक्ति चक्रों का ऐक्यानुसन्धान ही श्रीचक्र पूजन है। कारण कि शक्ति त्रिकोणरूपिणी बिन्दुरूप परमशिव से सदा समरसभाव को प्राप्त है—

त्रिकोणरूपिणी शक्तिर्बिन्दुरूपः परः शिवः।
अविनाभावसम्बन्धः तस्माद्बिन्दुत्रिकोणयोः।।

इस विभाग और ऐक्यानुसन्धान ज्ञान के बिना श्रीचक्रपूजन यथोक्त फलदायक नहीं होता।

सुभगोदयानुसार षोडशनित्या शुक्ल-कृष्ण पक्षों में विनिर्गत अथवा अन्तर्लीन चन्द्र षोडशकला 'दर्शाद्याः पूर्णिमान्ताः' तिथियाँ हैं—

दर्शाद्याः पूर्णिमान्ताश्च कलाः पञ्चदशैव तु।
षोडशी तु कला ज्ञेया सच्चिदानन्दरूपिणी ॥

दर्शा नाम अमावस्यानन्तर प्रतिपत् तिथि जिनमें किञ्चिन्मात्रदर्शन होता है, दर्शा कहलाती है। इस प्रकार श्रुति ने दर्शा, दृष्टा, दर्शता, विश्वरूपा, सुदर्शना, आप्यायमाना, आप्याया, सूनृता, इरा, आपूर्यमाणा, पूरयन्ती, पूर्णा और पौर्णमासी ऐसे पञ्चदश शुक्ल तिथियों के नाम हुए। इनके अनुसार *वसिष्ठसंहिता* में—

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि नित्याषोडशकं तव।

कहकर महात्रिपुरसुन्दरी, कामेश्वरी, भगमालिनी, नित्यक्लिन्ना, भेरुण्डा, वह्निवासिनी, महावज्रेश्वरी, रौद्री, त्वरिता, कुलसुन्दरी, नीलपताका, विजया, नित्या, सर्वमङ्गला, ज्वालामालिनी, चित्रा। इस प्रकार षोडशनित्याओं का षोडश चन्द्रकलाओं के साथ तादात्म्य होकर श्रीचक्राङ्गतया उपासन ऐक्यानुसन्धान है।

इस समस्त ऐक्यानुसन्धान का सार विश्वरूपिणी, विद्यारूपिणी तथा चक्ररूपिणी शक्ति का शिव के साथ सामरस्यस्थापन है।

बन्धनं योनिमुद्राया मन्त्राणां वीर्ययोजनम्।
गुरोर्लक्षणमेतावदादिमान्त्यं च वेदयेत्।।

यहाँ आदि 'अकार' का अन्त्य 'ह' कार के साथ समाहारद्वन्द्व कर 'अहम्' तत्त्व का प्रतिपादन 'हंसः' 'सोऽहम्' के रूप में अवस्थिति तथा तुरीयस्वर मैं कामकलारूपत्व हादिकलासंयोग का रहस्यानुसन्धान और योगिनीहृदयानुसार—

मध्यबिन्दुविसर्गान्तः समास्थानमये परे।
कुटिलारूपके तस्याः प्रतिरूपं वियत्कले॥

अर्थात तुरीयबिन्दु कामाख्या, वह तुरीयबिन्दु और विसर्ग के समष्टि-व्यष्टि-रूप मध्य में अन्तःपाति होने से। यहाँ समष्टि बिन्दु है, व्यष्टि विसर्ग के दो बिन्दु हैं, इन दोनों में चैतन्यात्मक अवस्थान है। अतः अन्तिम अकार हकार मातृकाओं में चरम होने के कारण अकार-हकार अनुलोम-प्रतिलोम क्रम से उभय चरम संज्ञा युक्त हैं। यह दोनों अक्षर कुटिला तुरीय स्वर अथवा अकुल-कुल-कुण्डलिनी में अन्तर्निविष्ट है। वियत्पद से शून्याकार काम संगृहीत है, कला से हार्दकला। इस प्रकार प्रकार हकार स्वरूपा कामकला इस महामन्त्रराज से सम्प्राप्त है। इसका सार श्री भास्कररायमस्करी ने सुन्दररूप से अङ्कित किया है।

अहकारौ शिवशक्ती शून्याकारौ परस्पराश्लिष्टौ।
स्फुरप्रकाशरूपावुपनिषदुक्तं परं ब्रह्म।
विश्वसिसृक्षावशतः स्वार्धां शक्तिं विलोकयद् ब्रह्म।
बिन्दुर्भवति तमिन्दुं प्रविशति शक्तिस्तु रक्तबिन्दुतया ॥
एतत्पिण्डद्वितयं विसर्गसंज्ञं हकारचैतन्यम्।
मिश्रस्तु तत्समष्टिः कामाख्यो रविरकारचैतन्यम् ॥
एषाऽहंपदतुर्यस्वरकामकलादिशब्दनिर्देश्या॥
वर्ण्यसृष्टिबीजं तेनाऽहन्तामयं विश्वम् ॥
अन्त्यप्रथमे मध्ये चतुर्थे मन्त्रेऽपि तौ व्यक्तौ।
तेनाम्बामनु जगतामभेद एवात्र भावार्थः ॥

अर्थात् शिवशक्तिरूप अकार हकार स्वयं आकाशरूप शून्याकार होकर परस्पर आलिङ्गन करते हुए स्फुरण और प्रकाश रूप से उपनिषद्वर्णित पर ब्रह्म है।

वही ब्रह्म विश्वसृष्टि की भावना से स्वात्मशक्ति (अर्द्धशक्ति) का अवलोकन कर बिन्दु (श्वेतवीर्य कीटाणु) बनकर स्वात्मशक्ति में प्रविष्ट होता है। उसी इन्दुरूप प्रकाश बिन्दु में रक्त बिन्दु रूप होकर शक्ति प्रवेश करती है।

यह दो बिन्दु दो पिण्ड विसर्ग (अः) नाम से अभिव्यक्त चैतन्य हकार रूप में परिणत होते हैं। इन दोनों की मिश्रित समष्टि रूप से 'काम' नाम से प्रसिद्ध अकार चैतन्य रूप सूर्य आ मिलता है।

इस प्रकार अकार हकार पद परस्पराश्लिष्ट तुरीय स्वर (ई) कामकला आदि शब्दों से व्यवहृत हो समस्त वाणी और शब्दार्थ सृष्टि में व्याप्त है। इस कारण सभी विश्व अहन्तामय ही है।

मन्त्र के अन्तिम शक्तिकूट के प्रथमाक्षर (स) में और मध्य (कामराजकूट) के चतुर्थाक्षर रूप में उल्लिखित हैं, इस कारण समस्त समष्टि व्यष्टि भावापन्न अहन्तापरिलक्षित पराम्बा, मन्त्र और जगत् का परस्पर अविनाभाव सम्बन्ध है।

जिस प्रकार सागर को गागर में भरना केवल प्रयास मात्र है वैसे ही 'श्रीविद्या' को एक लघुलेख की परिधि में बाँधना। यदि सिन्धु बिन्दु में समा सकता है—तो दिक् काल वस्तु परिच्छेद शून्यतत्त्व को 'ललिता' ऐसे तीन अक्षरों में समस्त परावरानन्द का निर्देश किया जा सकता है। अशेषता समस्त जगत् हृल्लेखात्मक है। वही गुप्त रूप से समस्त तन्त्रों का भार है—

व्योम्ना प्रकाशमानत्वं ग्रसमानत्वमग्निना।
तयोर्विमर्श ईकारो बिन्दुना तन्निभालनम्।।

हकार रूप आकाश से प्रकाशमान, रकार रूप अग्नि से उपसंहृत, उभय विमर्शरूप ईकार से संयुक्त अन्तिम बिन्दु (अनुस्वार) से परिपूर्ण है। यही हृल्लेखा लक्षित परब्रह्म है।

प्रस्तुतकर्ता–नन्दनन्दनानन्द सरस्वती
('सन्मार्ग' तन्त्रविशेषाङ्क से साभार)

उपचार मीमांसा की भूमिका

ब्रह्मलीन प्रो. विद्यानिवास मिश्र

उपचार मीमांसा में वस्तुत: विविध प्रकार के द्रव्यों से अथवा मन से इष्टदेवता के प्रति श्रद्धा निवेदित करने पर विचार है। ***उपचार मीमांसा*** के **'उपचारखण्ड'** में सिद्धान्तपक्ष पर विचार है और विचार करते समय यह ध्यान दिया गया है कि बाह्यपूजा के सोपान से ही आभ्यन्तर पूजा तक आदमी सुगमता से पहुँचता है। सीधे अव्यक्त तक पहुँचना क्लेशप्रद होता है। भगवान् श्रीकृष्ण ने *गीता* में भी यही बात कही है—

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्।
अव्यक्ता हि गतिर्दु:खं देहवद्भिरवाप्यते॥

जो लोग बाहरी पूजा को निरर्थक मानते हैं, वे यह नहीं सोचते हैं कि हम इन्द्रियगोचर संसार में रहते हैं, हम कितना भी प्रयत्न करें, इस संसार से ऊपर उठने के लिए इसके भीतर से गुजरना होगा। हर एक प्रज्ञावान् पुरुष जानता है कि बाह्यपूजा प्रथम है, पर साधारण व्यक्ति कहाँ से प्रारम्भ करे, जो उसको सुगम लगता है, उसी से न प्रारम्भ करेगा। गहराई में सोचने पर पता चलेगा कि बाह्यपूजा बाह्य विषयों को भीतर विलीन करने की प्रक्रिया है। उपचार-मीमांसा में यही दृष्टि रखी गयी है और इसका विशेष लक्ष्य **श्रीविद्या साधना** पीठ के साधक हैं। उपचार शब्द के तीन अर्थ है—

1. पास पहुँचना, पास पहुँचने की योग्यता प्राप्त करना।
2. अपने को गौण बनाना, इष्टार्थ को मुख्य बनाना।

दूसरा अर्थ ही उसे लक्षणा शब्द का पर्याय बनाता है। प्राचीन शास्त्रों में लक्षणा के लिए भक्ति शब्द का प्रयोग है इस प्रकार उपासना और भक्ति समानार्थक हो जाते है। भक्ति का अर्थ भी यही है कि अपना अधिक प्रिय अंश दूसरे को सौंपना, दूसरे को बटना। जब हम 'यज्ञ' शब्द पर विचार करते हैं, तो उसमें भी यही अर्थ पाते हैं कि अपने इष्टदेव के लिए इष्टद्रव्य का त्याग, और त्याग के द्वारा उसके साथ संगति या सामञ्जस्य स्थापित करना। उसी यज्ञ का रूपान्तर भक्ति में या उपचार में हुआ है। जैसे यज्ञ के अनेक प्रकार हैं - द्रव्ययाग, स्वाध्याय यज्ञ, जपयज्ञ वैसे ही, भक्ति के भी कई स्तर है। विविध उपचारों से पूजन, धीरे-धीरे इस पूजन के द्वारा अन्तर्मुख होना और बाहर के पञ्चमहाभूतों को भीतर के पञ्चमहाभूतों के साथ एकीकृत करना और अन्त में मानसपूजा में उसे परिणत करना। इस मानसपूजन से भी उच्चतर स्तर है—समाधि।

उपचार शब्द का तीसरा अर्थ है शिष्ट व्यवहार, आदर, सजावट। (जैसे विभिन्न जयन्तियों पर झलकियाँ सजाते हैं। अनेक प्रकार की वेश-भूषा से, अलङ्कारों से इष्टदेवता की मूर्ति को सजाते हैं।)

उपचार का एक और अन्तिम अर्थ है, ब्याज, बहाना। हमारे वेदों में भी यह विचार मिलता है—

परोक्षप्रिया: देवाः प्रत्यक्षद्विषः।

इसलिए हम किसी मूर्ति का पूजन नहीं करते, मूर्ति में आराधित परोक्ष देवता की पूजन करते हैं। हम पूजन करते समय अपने भीतर न्यास के द्वारा, पूजा की वस्तुओं के भीतर मन्त्र के, द्वारा मूर्ति के भीतर आवाहन के द्वारा परमतत्त्व की, परमव्यापक तत्त्व को ही प्रतिष्ठित करते है। इसलिए कहा जाता है—**'देवो भूत्वा देवं यजेत'**। देवता के लिए यज्ञ करें, उसके पहले अपने भीतर देवत्व की स्थापना कर लें, उसी को **न्यास** भी कहते है और जिन वस्तुओं से यज्ञ यागादि करें, उन वस्तुओं में भी दिव्यता का आवाहन कर लेते हैं।

पूजा के अर्थ वाले उपचार में सारे अर्थ सिमटे हुए हैं। प्रसङ्गवश यहाँ उपचार के लिए प्रयुक्त होने वाले अन्य शब्दों (वरिवस्या, सपर्या, पूजा, अर्चा) पर विचार कर लेते हैं। वरिवस्या शब्द का प्रयोग तान्त्रिक साधना में विशेष रूप से हुआ है। वेदों में वरिवस का अर्थ है खुला स्थान, अवकाश, ऐसा स्थान जो ठीक-ठाक करके किसी के लिए तैयार किया गया हो। उससे नामधातु बनायेंगे तो उसका अर्थ यह होगा कि, अपने इष्ट के लिए स्थान बनाना। उनको प्रतिष्ठित करने के लिए उचित आसन देना। तान्त्रिक पूजा की विशेषता यही है कि वहाँ पहले पूजा सामग्री के लिए, पूजा पात्र के लिए, देवता के लिए स्थान बनाना होता है। जड़ता के वितान में कहीं एक चिन्मय स्थान बनाना। पूजा का अभिप्राय ही यह है कि चिन्मय पदार्थो से चिन्मयी की पूजा हो। अपने शरीर के प्रत्येक अवयव को चिन्मय बनाना होता है क्योंकि शरीर का प्रत्येक अवयव तभी अर्पणीय होता है जब देवी से एकाकार हो जाए। सपर्या शब्द दूसरा है। यह सत्कार मात्र के लिए प्रयुक्त होता है। इसकी व्युत्पत्ति तो नहीं मिलती लेकिन मेरे अनुभव से संस्कृत में विरल धातु है स्पृणाति। उससे स्पर या सपर निकला हो और उससे यह शब्द बना हो, सपर्या अथवा इसका अर्थ भी उच्छ्वासित होना है, उच्छ्वसित करना है। किसी भी व्यक्ति या इष्ट के सत्कार के लिए उमगना और उस व्यक्ति या इष्ट देवता का उमंग के वातावरण में आहूत करना सपर्या है। सपर्या का एक अर्थ तैयारी भी है, जो लोक-भाषा के सपरने अर्थ में आज भी जीवित है। तीसरा शब्द है पूजा। यह प्रत्यक्ष या कल्पना में ध्यात द्रव्यों का इष्ट देवता के लिए निवेदन करना है। यह सत्कार का पूरक है। अर्चना इसी अनुभाव्य रूप की होती है। चाहे श्रीचक्र हो, मूर्ति हो। इसीलिए अर्चा का एक अर्थ विग्रह भी होता है। इसका अर्थ किसी यन्त्र पर कुछ चढ़ाना भी होता है। इतनी बात मैंने केवल सूचना देने के लिए जोड़ी है क्योंकि प्राय: इन शब्दों के सूक्ष्म भेद की चर्चा नहीं मिलती।

उपचार के कई प्रकार हैं। पञ्चोपचार, षडुपचार और षोडशोपचार मुख्य हैं। पञ्चोपचार वस्तुत: पाँच महाभूतों के पाँच प्रतीक द्रव्यों का अर्पण है। पृथ्वी तत्त्व का गन्ध के द्वारा, आकाश तत्त्व का पुष्प के द्वारा, वायु तत्त्व का धूप के द्वारा, अग्नि तत्त्व का दीप के द्वारा एवं जलरूपी अमृत तत्त्व के द्वारा नैवेद्य का समर्पण

करते है। षडुपचार में छठा द्रव्य समष्टि रूप आ जाता है और वह ताम्बूल के द्वारा अर्पित होता है। षोडशोपचार में वस्तुतः इन छह उपचारों को समेटते हुए कुछ अन्य उपचार भी होते हैं, जिनका यथास्थान ग्रन्थ में वर्णन किया गया है। पञ्चमहाभूत, पञ्चतन्मात्रा, पञ्चज्ञानेन्द्रिय और मन—ये मिलकर सोलह उपचार हो गए। फिर दूसरा भी अर्थ है कि चन्द्रमा की सोलह कलाएँ होती है। अंतिम कला अदृश्य होती है और उसका नाम अमृता है। वेदों में पुरुष को भी 'षोडशकल' कहा गया है—**षोडशकलोऽयं पुरुषः** सोलह उपचारों के द्वारा सोलह कलाओं से सम्पन्न पूर्णतत्त्व की प्रस्थापना ही अभीष्ट है। अन्त में नमस्कार निवेदित करने के लिए पुरुष सूक्त में भी सोलह मन्त्र हैं उन मन्त्रों का विनियोग विविध पुष्पाञ्जलि में होता है—

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।

मन्त्र का अर्थ यह है कि देवताओं ने यज्ञ से यज्ञ का यजन किया, वे ही प्रथम धर्म हुए। प्रथम धर्म का अर्थ यह है कि समस्त धर्मविधि के वे ही आधार हुए। इसका तात्पर्य है कि सर्वभाव से सर्वमय की आराधना सर्वद्रव्यों से की जानी चाहिए और यह भाव जितना पूजा के समय रहे उतना ही दैनन्दिन व्यवहार में भी रहे। जब विचार मन में समा जाते है, विशेष रूप से जब मन्त्र श्वास–प्रश्वास के साथ एकाकार हो जाते है तब जो भी आदमी करता है, अहङ्कार छोड़कर करता है। सर्वात्म होकर करता है और उसका लक्ष्य भी सर्वात्मता लाभ है इसीलिए *छान्दोग्य उपनिषद्* में घोर आङ्गिरस ने देवकीपुत्र श्रीकृष्ण को उपदेश दिया कि पूरे जीवन को यज्ञ मानो और अमर हो जाओ। मृत्यु तब अवभृथस्नान हो जाएगी और तब यदि नया जन्म होता है तो अहङ्कार के विसर्ग का पूरा संस्कार लेकर होता है।

छान्दोग्य उपनिषद् में ही एक महीदास ऐतरेय है, उसमें पूरे जीवन को सोम के सवन ही चार अवस्थाओं के रूप में दिखलाया गया है। उपासना वस्तुत: देवऋण को चुकता करना है। तीसरा ऋण है, देव–ऋण। इसका शोध लोग मानते हैं कि वानप्रस्थ आश्रम से और यज्ञ–उपासना आदि से होता है, किन्तु देवता की भावना जिस रूप में हिन्दू धर्म में है, वह जीवन के प्रत्येक क्षण के साथ जुड़ी हुई है। प्रत्येक स्थान, प्रत्येक परिधि, प्रत्येक बाह्य और अभ्यन्तर क्षमता का एक देवता होता है और प्रत्येक क्षण या प्रत्येक कण के साथ आदमी जब अपने को इस भावसे जोड़ना चाहता है कि उस क्षण और कण के आगे वह छोटा है. उस क्षण और कण में भी कोई विशेषता है, जिसे उसे पाना है और विनम्र होकर छोटा होकर ही यह पाना सम्भव है, तब–तब वह देव–ऋण चुकाता रहता है। जिस क्षण वह विशिष्टता से जुड़ने के लिए विनम्र होता है, उसी क्षण उसे देवत्व की दीक्षा लेनी पड़ती है। उसी शरीर में वह उस एक क्षण के लिए वह देवता हो जाता है और फलस्वरूप अपनी बाह्य स्थूलता से और अपने भीतरी दुराव की सीमा से विलग हो जाता है। यज्ञ का अर्थ है, देवता के लिए इष्ट द्रव्य का त्याग, अर्थात् जो वस्तु अपने को अतिशय प्रिय हो उसको देवता को इस भाव से अर्पित करना कि यह तुम्हारे लिए प्रिय हो और यह वस्तु भाव 'मेरेपन' (ममकार) से न जुड़ी रह जाये।

इस प्रकार यज्ञ के अनुष्ठान में मनुष्य और देवता के बीच जो सम्बन्ध स्थापित होता है, वह बाह्य और आभ्यन्तर सृष्टि को नयी सार्थकता देता है। ज्यों-ज्यों यज्ञ का विस्तार हुआ, त्यों-त्यों यज्ञ करने वाले के संसार का विस्तार हुआ और पूरा संवत्सर (कालचक्र) यज्ञ हुआ, पूरी सृष्टि यज्ञ हुई, पूरी सामाजिक व्यवस्था यज्ञ हुई और एक ऐसे पुरुष–मेध की अवधारणा विकसित हुई, जिसमें विराट्-पुरुष के रूप में यह सृष्टि ही यज्ञ का उपकरण बनी। देवता यजमान बने और यज्ञरूप परब्रह्म ही देवता बना। इस प्रकार यज्ञ की भावना का अर्थ ही ब्रह्म ही भावना हो गया। एक प्रकार से यज्ञ संस्था हिन्दू समाज संस्था की आधारशिला है। आज के हमारे सभी अनुष्ठान, हमारे मन्दिरों का स्थापत्य, हमारे घरों का स्थापत्य, हमारा पूरा जीवन किसी न किसी रूप में, यज्ञ के किसी न किसी रूप, आकार या अर्थ से जुड़ा हुआ है।

उपासना का अर्थ हैं[1], पास बैठना, समीप होना, आत्मीय होना। देवता के साथ मनुष्य का सम्बन्ध हिन्दू जीवन-दर्शन में परस्पर सहयोगी का सम्बन्ध है। मनुष्य ही सहभोक्ता का अभ्यास करते-करते ऐसी ऊँचाई पर पहुँच जाता है कि देवता उसके आगे दीन बन जाते है और वही देवता मनुष्य की दुर्बलता में उसके आह्वान पर उसके सहायक बन जाते हैं। हिन्दू धर्म में देवताओं की अपेक्षा असुर शक्तिशाली रहे हैं, पर देवताओं को इस कारण बड़ा और आराध्य माना गया है कि उनमें अच्छा रास्ता फिर से पकड़ने का विवेक होता है, असुर सुरों की अपेक्षा अधिक प्राणवान् हैं, अधिक मेधावी हैं, शक्तिशाली हैं, वे उद्यमी भी हैं, परन्तु असुर बुरे रास्ते को एकमात्र रास्ता मानने का अविवेकपूर्ण दुराग्रह रखते हैं, इसीलिए तिरस्करणीय हैं, हेय हैं, त्याज्य हैं। अविवेक के प्रति कृतज्ञता नहीं होती, होती है विवेक के प्रति, क्योंकि विवेक जगाकर ही मनुष्य भटक-भटककर भी अच्छे रास्ते पर आता रहता है। देव-ऋण विवेक के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन से परिशोधित होता है, क्योंकि देवत्व के स्मरण के द्वारा ही हम अपने सत् का, सत्य का, प्रकाश का, दूसरे के सत् का, दूसरे के प्रकाश का स्मरण करते हैं। देव-ऋण से मुक्ति का अर्थ केवल बाह्य अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपने भीतर सुप्त देवता का आह्वान भी है। मनुष्य के प्रत्येक अङ्ग में देवता का निवास है। बाह्य अनुष्ठान आवश्यक इसलिए माना जाता है कि एक तो बाह्य से कटकर कोई आभ्यन्तर है नहीं, दूसरे बाह्य अधिक सुगम है। साधारण आदमी उसी द्वार से भीतर की ओर प्रवेश कर सकता है। देव-ऋण से बँधे रहने का भाव आदमी को निरन्तर यह स्मरण दिलाता रहता है कि कोई क्षण नहीं जो पवित्र न हो, कोई स्थान नहीं जो पवित्र न हो, कोई वस्तु हेय नहीं, क्योंकि हर वस्तु में कहीं न कहीं देवत्व है। साथ ही जिस क्षण जो वस्तु पवित्र है, उस क्षण उसकी तरह कोई दूसरी वस्तु पवित्र नहीं है। प्रत्येक में अपनी एक अद्वितीयता है। सभी वस्तुएँ एक ही सनातन भाव की ओर अग्रसर हैं, किन्तु अनुभव-गोचर रूप में सबकी विविधता और सबकी अद्वितीयता भी विशिष्ट मूल्य रखती है। यह बात अत्यन्त एकत्ववादियों की समझ में नहीं आ सकती, इसीलिए वे हिन्दू को

1. उप+अस = समीप जाकर बैठना। अत: उपासना का अर्थ है, सामीप्यप्राप्ति का प्रयत्न। उपनिषद् का भी यही अर्थ है। किसी से उसका अनुग्रह उसके आत्मीय हुए बिना नहीं पाया जा सकता। यह सामीप्यप्राप्ति इसीलिए नतमुख होकर ही सम्भव है।

बहुदेववादी समझते हैं। वे लोग यह बात भूल जाते है कि हिन्दू अपने देवता को परोक्ष-प्रिय मानता है[2], वह जिस भी रूप में देवता को सामने रखता है, उस रूप की ओट में ही देवता रहता है, जिसकी मूर्ति के आगे नमन करता है, देवता उस मूर्ति में न रहकर उसके द्वारा ध्याये गये अर्थ में रहता है। इसलिए हिन्दू देववाद जड़वाद नहीं है, स्थूल वस्तुवाद नहीं है, प्रत्येक जड़ में चैतन्यमयी स्फूर्तिदायिनी शक्ति की सक्रियता देखने वाली एक जीवन-दृष्टि है। इसलिए न तो देवता की आराधना का कोई निश्चित एक प्रकार है, न कोई निश्चित स्थान है। उसके अनेक प्रकार, अनेक स्थान,अनेक विधियाँ और अनेक अवसर हैं। प्रत्येक अवसर, या प्रत्येक स्थान, या प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता के अनुरूप देवता और उसकी उपासना का विधान है। किसी के लिए नाम का जप पर्याप्त है, किसी के लिए कीर्तन, किसी के लिए आत्मविभोर नृत्य, किसी के लिए शिल्प, किसी के लिए यज्ञ, किसी के लिए तप और किसी के लिए बड़े विशद अनुष्ठान के साथ पूजा। देवता की पूजा-कामना से भी की जा सकती है, निष्काम भाव से भी की जा सकती है। कामनापूर्वक की गयी पूजा आदमी को बाँधती है, पर निष्काम भाव से की गयी पूजा आदमी को मक्त रखती है। इस प्रकार निष्काम भाव से देवता का सान्निध्य पाने का भाव हिन्दू के लिए भ्रम, या नशा, या हिन्दू कहलाने की औपचारिकता नहीं है, वह उसकी आवश्यकता है, किन्तु तभी जब आवश्यकता का अनुभव करे, जबतक न करे तबतक वह जो भी देवोपासना करेगा, वह भावहीन होगी। देवोपासना एक विशेष प्रकार की विश्व-दृष्टि की भावना से जुड़ी है और एकान्त रूप से वानप्रस्थ आश्रम में साधारण जन (वैश्य-विश् = बैठना, वैश्य = एक जगह जमकर काम करने वाला) बनकर, वन के सहज जीवन में प्रकृति के परिवेश से अन्तरंग सम्बन्ध जोड़ने पर यदि आदमी देवोपासना करता है तो इससे देवोपासना सीमित नहीं होती है। यह मनुष्य को सृष्टि में मूर्धन्य या विशिष्ट बनाने के अभिप्राय से नहीं, वरन् सामान्य और विनीत बनाने के भाव से की जाती है, ताकि मनुष्य अपने को परिवेश का स्वामी न समझे, अपने को परिवेश का एक अङ्ग समझे। वह अपने ऊपर विजय प्राप्त करने पर बल दे, अपने को नियन्त्रित करने पर बल दे, परिवेश के नियन्त्रण की बात न सोचे, वह परिवेश के साथ समरसता और सन्तुलन के मार्ग की निरन्तर खोज करे, जिससे उसके लिए परिवेश सुखद हो, समरस हो और उस परिवेश में जीना अर्थ रखे। देवोपासना वस्तुत: अपने आस-पास शक्ति के विकिरण को ग्रहण करने का एक प्रकार है, बिना यह ग्रहण करना सीखे आदमी अपने देवता से उऋण नहीं होता।

देवयज्ञ देवताओं के निमित्त प्रात: और सायं दी गयी आहुतियों से सम्पन्न होता है। प्रत्येक आहुति के अन्त में **स्वाहा** और **इदं देवाय न मम**, कह कर 'अब यह मेरा नहीं' का भाव, ममकार के त्याग का भाव भावित किया जाता है। भूतयज्ञ का ही नाम बलिवैश्वदैव भी है। अन्न-भोजन के पूर्व अन्न का कुछ भाग समस्त देवताओं और समस्त प्राणियों को अर्पित किया जाता है, जिससे अपने स्वयं की अन्न की तृप्ति समस्त प्राणिलोक की तृप्ति बने। देखने में यह ढोंग लगे, पर जो व्यक्ति यह समझ जाता है कि इस अन्न में अकेले मेरा

2. क. परोक्षप्रिया वै देवाः प्रत्यक्षद्विषः (*वृहदारण्यक उपनिषद*,4-2-2) ख.परोक्षकामा हि देवा (*शतपथ ब्राह्मण*, 6-1-1-2) ग. परोक्षप्रिया इष्टिदेवाः (*ऐतरेय ब्राह्मण*, 3-33)

हिस्सा नहीं है, वह किसी भी प्राणी को भूखा देखकर स्वयं अन्न नहीं ग्रहण कर सकता है। नृयज्ञ या मनुष्य-यज्ञ का दूसरा नाम अतिथि-यज्ञ भी है। जो भी मनुष्य दरवाजे पर आ जाये, वह वैश्वानर है, विष्णु है नारायण है, केवल नर नहीं। उसे खिलाये बिना स्वयं खाना मनुष्य-यज्ञ के साथ अपघात करना है।

इन पञ्च महायज्ञों का निष्ठापूर्वक पालन आज भी बालिद्वीप में होता है, वहाँ प्रतिदिन बिना भूत-यज्ञ का अनुष्ठान किये हुए कोई भी गृहस्थ घर में अन्न नहीं ग्रहण करता। भूत-यज्ञ में देश-काल दोनों का सम्पूर्ण स्मरण होता है। दस दिशाओं और तीन कालों को एक साथ देखने पर इसमें बल दिया जाता है, आभ्यन्तर और बाह्य दोनों ही सत्ताओं के तादात्म्य की भावना की जाती है, बाह्य परिवेश से सामञ्जस्य की साधना की जाती है। इन यज्ञों के द्वारा मनुष्य विनम्रता, अकिंचनता और परार्थता का अभ्यास करता है और अपने भीतर एक नया आपूरण-विश्वास दिन-प्रतिदिन भरता है। इन समस्त यज्ञों को भी संस्कार माना गया है, क्योंकि इनकी भावना से जीवन नया होता रहता है। भगवान् श्रीकृष्ण ने *गीता* में यह उपदेश दिया कि—

ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना।। *(गीता **1/24**)*

अर्थात् ब्रह्म होकर व्यक्ति अर्पण करता है, जो हवि अर्पण करता है वह भी ब्रह्म है, जिस अग्नि में अर्पण करता है वह भी ब्रह्म है, जिसे अर्पण करता है वह भी ब्रह्म है और अर्पण का व्यापार भी ब्रह्म है, बस एक शर्त है, अर्पण करते समय मन एकाग्रभाव से यह सोचता रहे कि यह अर्पण ब्रह्म होने की प्रक्रिया है। इस उपदेश के पीछे उनकी गहरी तत्त्वसाधना है। उन्होंने अपने गुरु घोर आंगिरस से गुह्य ज्ञान की ज्योति पायी, इसका उल्लेख बड़ी काव्यमय भाषा में *छान्दोग्य उपनिषद्*[3] में मिलता है—

"यह आदमी जो है न, जब उसे भूख लगी होती है, प्यास लगी होती है, कहीं उसे चैन नहीं पड़ता है, उस समय वह जीवन यज्ञ में दीक्षा ले रहा होता है। दीक्षा की शर्त है खाली होकर भरने की आकांक्षा करना।"

जब वह खाता है, पीता है और उसका मन रमने लगता है, तब समझना चाहिए कि वह यज्ञ वेदी के पास पहँच गया। जब वह हँसता है, जब वह भोग को आत्मसात् करता है, जब वह अपने संसार को नष्ट करता रहता है, जब वह दो का एक होता रहता है, जब वह स्त्री-पुरुष संयोग के अद्वैतात्मक क्षण में प्रविष्ट होता रहता है, रूपक की भाषा में निगीर्ण होता और निगीर्ण करता रहता है, तब वह यज्ञ में शस्त्र और स्तोत्र नामक मन्त्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ के भीतर अग्निसात् हुआ, यह मानना चाहिए और इस यज्ञ की दक्षिणा के रूप में इस जीवन-यज्ञ के उस कर्ता को जिसने अपने को इस जीवन में झोंका और अपने को अलग रखा – दक्षिणा के रूप में मिलते हैं तप, दान, आर्जव (सबसे सीधा भाव रखना), अहिंसा और सत्य। एक प्रकार से यह यज्ञ पुनरुत्पादन है, नया जन्म है, इस भावना से जिया गया जीवन मृत्यु है अहंकार का। इसीलिए यज्ञ

3. *छान्दोग्य उपनिषद्*, 3. 17

के बाद स्नान करना इस जीवन का अवभृथस्नान है। पूरा जीवन लिया गया यज्ञ पूरा हुआ, पुन: संसार में प्रवेश करने से पूर्व अवभृथ स्नान होता है, वही मृत्यु है। [एक यज्ञ का देहरूप परिधान उतरा, नये परिधान धारण करना है। हाँ, दक्षिणा जो टेंट मे बँधी थी, वह सहेज कर रख लेनी चाहिए।]

यही विद्या घोर आंगिरस ने देवकी-पुत्र श्रीकृष्ण को सिखायी और उनकी प्यास बुझ गयी, जिससे अंतबेला में उन्हें यह ज्ञान बना रहे—तुम्हारा कोई घर नहीं, तुम अक्षत हो, तुम्हारा कुछ नहीं घटता, तुम अच्युत हो, प्राण तुम्हें और सान पर चढ़ाते रहते हैं, तुम प्राणसंशित हो। मृत्यु प्राचीन बीज का नया अंकुरण है। हम अंधकार के पार जाते रहें, बराबर आगे की ज्योति से देखते रहें, आत्मरूप प्रकाश से आगे देखते रहें—यही देवता होना है, क्योंकि इसी मार्ग से देवता परम प्रकाश के पास पहुँचते रहे हैं।

श्रीकृष्ण का जीवन इसी प्रकार का यज्ञ है और उस यज्ञ से अभिभूत है उत्तरवर्ती हिन्दू धर्म। यहाँ एक ऐतिहासिक सन्दर्भ और देना आवश्यक है। पहले चर्चा की जा चुकी है कि ब्रह्मपरक और आत्मपरक चिन्तन उपनिषद् और *श्रीमद्भगवद्गीता* में एक बिन्दु पर मिल गए हैं। इसका क्रम सम्भवत: इस प्रकार रहा होगा—मन्त्रवाचक ब्रह्म, मन्त्र से मन्त्रवक्ता, मन्त्रवक्ता से यज्ञ हुआ, यज्ञ से समस्त सृष्टि हुआ, क्योंकि सृष्टि का उद्भव बिना विराट् पुरुष के द्वारा अपने को यज्ञीय वस्तु के रूप में, पशु के रूप में अर्पित किये होता तो वह मनमानी सृष्टि होती। वह सृष्टि सोद्देश्य नहीं होती,वह विराट् सत्ता की लीला का अधिष्ठान न होती। इस तरह अर्थ-विस्तार के द्वारा और यज्ञ के प्रतीकार्थ की गहरी सामाजिक और आध्यात्मिक व्याख्या के निरंतर अभ्यास के द्वारा ब्रह्म का अर्थ हुआ चर-अचर समस्त सृष्टि, समस्त व्यापार, समस्त स्तरों की चेतना, समस्त ऐंद्रिय और अतींद्रिय जगत् और उस समस्त में देखनेवाला, समझने वाला भी, क्योंकि उस समस्त से एकाकार हुए बिना वह यज्ञ कर ही नहीं सकता। इस ब्रह्म के साक्षात्कार की प्रक्रिया में देवता स्वयं ब्रह्मभाव के अभ्यर्थी हो गये, देवता यज्ञ करने वाले हुए, यज्ञ के प्रथम प्रतिष्ठापक हुए, वे इस सृष्टि के लिए विसृष्ट हुए (अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेन, *ऋग्वेद* के नासदीय सूक्त में ही यह विचार पल्लवित हो चुका था) मनुष्य का स्थान ऊँचा हुआ, क्योंकि यज्ञ की इस विस्तृत भावना का विकास करने वाला ब्रह्मवेत्ता स्वयं ब्रह्म होने की ओर उन्मुख हुआ (ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति)।

यज्ञ के रहस्य का साक्षात्कार ब्राह्मणों और उपनिषदों में बहुत क्रमिक था। इसका एक दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष आनन्द और अमृतत्व की प्राप्ति भी था। यज्ञ में सोम और अग्नि का संबंध रहस्यान्वेषण का माध्यम बना, सोम अग्निसात् हो जाता है, अग्निमय हो जाता है और अग्नि भी सोम पीकर सोम बन जाता है, सूर्य अमावस्या को चंद्रमा को आत्मसात् कर लेते हैं, तो सूर्य और चन्द्र का एकीकरण हो जाता है, यही अमावस्या है, दो प्रेमियों का एकीकरण है, द्यौः और पृथ्वी का, वाङ् और मन का, व्यक्त और अव्यक्त का एकीकरण है। अपने को पूर्ण रूप से विनष्ट करके ही प्रजापति अपने शरीर को विश्वभाव के लिए अर्पित करते हैं तो सृष्टि उत्पन्न होती है, यज्ञ प्रथम धर्म होता है, मनुष्य भी उसी का अनुकरण करता है अर्थात् सृष्टिकर्ता की भूमिका

में अपने को स्थापित करता है। यज्ञ इस प्रकार सर्जनात्मक व्यापार होता है और इसीलिए यह निरतिशय आनन्द देता है, इस व्यापार से गुजरकर भीतर का वृत्र (अंधकार) मर जाता है और दूसरे के लिए सोचने वाला प्रकाशित होकर बाहर आता है।

इस यज्ञ-चिंतन में ही इस प्रकार आत्मचिंतन के बीज पड़े। अग्निचयन-विद्या का जब विकास हुआ तो उसमें प्रतीक रूप में पुष्करपर्ण पर हिरण्मय पुरुष के रूप में प्रजापति की स्थापना हुई और ईंटें (इष्टकाएँ) शंक्वाकार स्तूप के रूप में चारों ओर चिनी गयीं। इस चिंतन को बल मिला, बाह्य अनुष्ठानों की उपेक्षा करके शरीर को और मन को साधने वाले योगियों से। यह नहीं है कि योग की अवधारणा यज्ञ में नहीं थी, पर वह योग का बहिःक्षेप, उसका मुँह बाहर था। योग का मूल अर्थ था जोतना, शरीर के रथ में इंद्रियों के घोड़ों को जोतना या दूसरे शब्दों में, अपने को समझदारी के साथ शरीर की चेष्टाओं के नियंत्रक की भूमिका में डालना। इसका अर्थ दमन नहीं है, इसीलिए यह क्रमशः यम से समाधि तक पहुँचता है। समाधि की अवस्था में योग केवलीकृत, परिशुद्धीकृत आत्मा से जुड़ना या मिलन हो जाता है। इस प्रकार की स्थिति प्राप्त कर लेने पर आदमी जो करता है, जो रचता है, उसमें उसके रागद्वेष, उसको बाँधने वाली सीमाएँ, उसका कलुष, उसका छुटपन—ये सब नहीं रहते, उसकी आसक्ति नहीं रहती, वह रचते हुए, देते हुए, गढ़ते हुए, काम करते हुए बराबर उस कार्य में अपने को जोते रहता है, वह फल में नहीं कर्म में तल्लीन रहता है, इसलिए उसे कौशल या कुशलता प्राप्त होती है। इस कौशल को भी योग कहा गया। इस प्रकार योग की साधना ने शरीर को, देह को महत्त्व दिया। बाद के तंत्रग्रन्थों में इसे परम उत्कर्ष तक पहुँचाया। परशुराम कल्पसूत्र में कहा गया : **"आनन्दं ब्रह्मणो रूपं तद्धि देहे व्यवस्थितम्"** (आनन्द, जो ब्रह्म का अभिव्यंजक रूप है इसी देह में विशेष रूप से अवस्थित है।) यह शरीर आनन्द का, आनन्द-रूप परमात्मा का विग्रह है। *श्वेताश्वतर उपनिषद्*[4] में योग के अनुभव का वर्णन इस प्रकार मिलता है—पहले कुहासा छाया दीखता है, फिर धुआँ दीखता है, फिर कई प्रकार के प्रकाश दीखते हैं-सूर्य का प्रकाश, अग्नि का प्रकाश, जुगुनू का प्रकाश, विद्युत् का प्रकाश, स्फटिक का प्रकाश और निर्मल शशि का प्रकाश। भीतर ये प्रकाश ही यह तादात्म्य स्थापित करते जाते हैं कि वह मैं हूँ 'सोऽहम्'। योग का बाहरी लक्षण है हलकापन, स्वस्थता, ललक का अभाव, चेहरे की प्रसन्नता, स्वर में सौष्ठव, शरीर से सुगंधि निकलना, मल-मूत्र की प्रवृत्ति कम होना।

जैसे कोई प्रकाशमान बिम्ब हो, उस पर मिट्टी लेप दी गयी हो, उसे कोई धोकर सामने रख दे, उसी प्रकार योगी अपने स्वरूप का, प्रकाशमान आत्मा का साक्षात्कार करके कृतार्थ हो जाता है, फिर कोई दुःख-शोक नहीं रहता।"

योग की इस धारा ने शरीर के भीतर ब्रह्माण्ड का दर्शन किया और इसने बाह्य अनुष्ठान को आभ्यंतर अनुष्ठान बनाया, प्राणों में आहुति का अभ्यास कराया। बाह्यानुष्ठान के विकास, अग्निचयन के रहस्य के

4. *श्वेताश्वतर उपनिषद्*, 2.11,2.13-14

अभ्यास और योग के विकास की परिणति हुई ब्रह्मात्मैक्य में, ब्रह्म और आत्मा की एकता की स्थापना में। उपनिषदों ने पुकारा—वह तुम हो (तत्त्वमसि), बाहर जो कुछ फैला हुआ या फैलाने वाला व्यापार या सत्ता या भाव देख रहे हो, तुम हो; समस्त भूत तुममें है और तुम सबमें हो। यज्ञ और योग के संयोग से हमारी उपासना-पद्धति विकसित हुई, कायशुद्धि, चित्तशुद्धि और वाक्शुद्धि उपासना के लिए आवश्यक हुई।

एक ओर यज्ञ के बाहरी वितान ने उत्तरकालीन मंदिर को आकार दिया जिसे इसके साथ दिये गये तुलनात्मक चित्र से समझा जा सकता है तो दूसरी ओर यज्ञ के प्रतीकार्थ चिंतन ने षोडशकलाओं वाले पुरुष की पूर्वभावना के लिए षोडशोपचार पूजन की व्यवस्था विकसित की, इसीलिए षोडशोपचार पूजन में 'पुरुषसूक्त' के मंत्रों का विनियोग प्रचलित हुआ। योग ने उपासना में ही प्रत्युत प्रत्येक अर्पित कर्म में प्राणायाम और ध्यान का समावेश कराया। यज्ञ-संस्था का अवदान है, बाह्य भौतिक संसार का महत्त्व और विश्व अखण्डता पहचनवाने में, यज्ञ संस्था में भौतिक ऐंद्रिय सुखों का तिरस्कार नहीं था, वह भाव हिन्दू धर्म में यज्ञ-संस्था के उपासना और कर्म में रूपांतरित हो जाने पर भी बना रहा। इस संस्था ने आशा और विश्वास की दृढ़ भित्ति तैयार कर दी, जिससे सूर्य की उपासना प्रात:काल जब व्यक्ति करे और सूर्य को संबोधित करे कि तुम तमोमलिन दिशाओं के पुण्डरीक हो, तब मन में यह आशा रखे कि मैं मनुष्यों में पुण्डरीक हूँगा।[5] पुंडरीक होने का अर्थ है सर्जक होना, आनन्दप्रद होना और गहरी जड़ों वाला होना। यह आकस्मिक नहीं था कि हमारे समस्त कला-अभिप्राय पुण्डरीक के ही किसी न किसी रूप में विकसित अभिव्यक्तियाँ हैं, जैसे कि एफ. डी. के. बाश ने अपनी *द गोल्डेन जर्म* पुस्तक में विस्तार से प्रतिपादित किया है। यज्ञ-संस्था का दूसरा अवदान यह है कि आदमी जब खाता है, पीता है तो अन्न और रस से अक्षय तृप्ति पाता है कि "हम भोजन करें, हम रस पियें, हमारे लिए वरुण, प्रजापति और सविता अन्न लायें हे अन्नपते, अन्न लाओ, लाओ अन्न"।[6] आगे जब भक्ति का विकास हुआ तो अन्न प्रसाद हो गया। देवता की प्रीति उसमें समाविष्ट हो गयी। अतिशय वैराग्य को महत्त्व देने वाले लोग इस भाव को कुछ हीनभाव मानते हैं, पर यही जीवन का स्वीकार है।

यज्ञ-संस्था और योग-संस्था दोनों का एकीकरण एक नया मूल्य-संतुलन लाया, व्यक्ति के विकास और समष्टि की निरंतर भावना और दोनों का समन्वय इससे हो सका। ये दोनों संस्थाएँ हमारे जीवनक्रम के प्रत्येकक्षण को उद्भासित करने लगीं। हिन्दू उपासना में चाहे कितने भी तत्त्व क्यों न मिले हों (और सामान्य लोक की आदिम श्रद्धाभिव्यक्ति के तत्त्व मिले, यह हिन्दू धर्म के लिए गौरव की बात थी, वह कभी भी उच्चवर्ण की सम्पत्ति नहीं रहा), उसका प्राणभूत तत्त्व है आत्मशुद्धि द्वारा विश्वात्मा की व्यापकता का साक्षात्कार। मनोवाक्कायशुद्धि के अनंतर जब व्यक्ति सर्वभूतात्मा का साक्षात्कार करता है और उसे प्रणाम निवेदन करना चाहता है तो उसे लगता है—"उसकी सब तरफ आँखें हैं, सब ओर मुख है, सब ओर बाँहें

5. *वृहदारण्यक उपनिषद्*, 6.3.4.6
6. *छान्दोग्य उपनिषद्*, 1-12-5

हैं,अपनी बाँहों में सब घेरता रहता है, वह एक है, वही स्फुरण-मात्र से आकाश और पृथ्वी की सृष्टि करता है।" इस एकता का साक्षात्कार उसे प्रणाम करने वाला नहीं रहने देता, उसे साक्षात् प्रणम्य परमात्मा उस एक क्षण के लिए बना देता है। यह उपासना कहीं भी की जा सकती है, उस स्थान को शुद्ध करना होता है, भौतिक रूप से, मन्त्रोच्चारण से और मानस भावना, तीनों से। मंदिर में की जाये, पवित्र तीर्थ में की जाये, अरण्य में की जाये, पर सर्वत्र एक सौष्ठव और सामंजस्य होना चाहिए, एक अनुपात होना चाहिए। जैसा कि पहले कहा जा चुका है, यज्ञवेदी और अग्निचयन की स्तूपाकृति दोनों मिलकर मंदिर के आयाम बने, अग्निचयन के स्तूप में ज्यों-ज्यों ऊपर जाते हैं, त्यों-त्यों आकार छोटा होता चला जाता है और यह आरोह क्रमिक होता है। हिन्दू उपासना भी क्रमिक साधना है, धैर्य माँगती है, कोई वादा नहीं करती कि बस तुम्हें छुट्टी मिल गयी, तुम्हें कुछ नहीं करना है; बराबर कहती रहती है, आत्मदीप बनो, अपने उद्धारकर्ता स्वयं तुम बनो। प्रत्येक व्यक्ति शुरू से ही अव्यक्त का ध्यान नहीं कर सकता, इसलिए 'धियालंबध' के रूप में उसे व्यक्त से प्रारंभ करना पड़ता है, पर वह व्यक्त भी ऐसा होता है जो अव्यक्त का आभास कराता है। हिन्दू मंदिर बाहर की बहुरंगी विविधता और गर्भगृह की निविड़ शांति और सघन एकरसता के द्वारा उस परम तत्त्व की दुहरी भाववत्ता का ही विग्रह है, वह देवता का गृह-मात्र नहीं, स्वयं देवता है, चर-अचर सृष्टि का एक कला के भभके से खींचा हुआ मादन रस है।

उपासना, अर्चा और पूजा – ये तीन शब्द मिलते है। उपासना में गुरु के समीप बैठकर रहस्य में प्रवेश किया जाता है, अर्चा आकार की होती है, पूजा प्राणाविष्ट आकार की होती है। अब सब एकाकार हो गये है। दैनन्दिन सन्ध्योपासन में एक ओर वैदिक मंत्रों का पारायण है। इनमें मुख्य मन्त्र हैं, सृष्टि मन्त्र (ऋतं च सत्यं च...), पापक्षपन मन्त्र (सूर्यश्च...), पवित्रीकरण मन्त्र (आपो हिष्ठा...तथा द्रुपदादि...), गायत्री मन्त्र और सूर्योपस्थान मन्त्र। सृष्टिमन्त्र का अर्थ है - "तप से ऋत और सत्य उत्पन्न हुए, उसके बाद अव्यक्त सृष्टि - यह समुद्र (यहाँ दृश्य जल से अभिप्राय नहीं) हुई, इससे संवत्सर उत्पन्न हुआ (सावधि काल का बोध हुआ), आत्मवशी प्रजापति ने तब दिन-रात पलक झँपाते-झँपाते पैदा किये। उन्होंने पूर्वसृष्टि के अनुसार सूर्य और चंद्रमा को उत्पन्न किया। अंत में द्युलोक, अंतरिक्ष और भूमि का विभाजन हुआ।" इस मन्त्र का प्रयोजन प्रतिदिन सृष्टि व्यापार का अनुध्यान है।

पापक्षपन मन्त्र का तात्पर्य है कि "(प्रात:) सूर्य [(सायं) अग्नि], आवेग और आवेगों के स्वामी आवेशजन्य पापों से रक्षा करें, रात्रि में (प्रात:काल की संध्या में) या दिन में (सायंकाल की संध्या में) जो कुछ इंद्रियों और मन से पाप हुए हों, उन्हें मैं अमृतयोनि, सूर्य की ज्योति में आहुति के रूप में सौंपता हूँ।" यह मन्त्र पाप का स्वीकरण तक ही सीमित नहीं है, पाप का समर्पण भी है, पाप के रूप में अपने ही अंश की आहुति है।

पवित्रीकरण मन्त्र में जल (जो अव्यक्त सृष्टि का प्रतीक है) से कल्याण कामना की जाती है कि "हे जल देवताओं, हमारे लिए कल्याणकर हो, हमें ऊर्जस्वी बनाओ, हमें महनीय और दर्शनीय बनाओ। जो तुम्हारा

शिवतम रस है, उसमें हमें हिस्सा मिले, तुम हमारी उदार माताएँ हो, हम आपकी कृपा से श्रेष्ठतर हों, तुम हमें पुनरुत्पन्न करो।" जल अर्थात् अव्यक्त आद्याशक्ति का यह ध्यान अपनी सुषुप्त शक्ति का ध्यान है।

तीसरा शुद्धीकरण मन्त्र भी पापशोधन-मन्त्र है, इसमें ध्यान किया जाता है, 'जैसे पसीने में सराबोर आदमी नहाकर निर्मल हो जाता है, जैसे आग में तपाने पर घी निर्दोष हो जाता है, वैसे ही जलदेवता संचीयमान मल को दूर करके हमें शुद्ध करें।'

लगेगा कि पाप का बड़ा दबाव है, पर वास्तविकता यह है कि यह सब भूमिका है सावित्री उपासना की। सविता अर्थात् जगत् की प्रेरक शक्ति को अर्घ्य देना है, सूर्य के रूप में जो उसका प्रकाश जीवन को खोल रहा है, उसके सम्मान में खड़ा होना है (उपस्थान करना है), इसलिए कलुष-मुक्त होकर सावित्र होना उचित है। यह अर्घ्य गायत्री मन्त्र से दिया जाता है। गायत्री मन्त्र का रहस्य बहुत विशद है, वह एक वाक्य में बाहर के प्रेरक और प्रसरणशील प्रकाश को भीतर की बुद्धि के प्रेरक और गतिशील प्रकाश से जोड़ता है, बाहर इतना यकायक प्रकाश का भरना भीतर एक आकुलता पैदा करना है कि वहाँ भी प्रकाश उमड़ पड़े, जिससे जो भी इंद्रियाँ काम करें वह काम उस प्रकाश से प्रेरित हो।

ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्।

इस गायत्री मन्त्र में ॐ भूः भुवः और स्वः ये व्याहृतियाँ इसलिए जोड़ी जाती है कि ॐ से अनादि सृष्टि को समेटते हुए भूः भुवः स्वः से तीनों भुवनों को समेटने वाला प्रकाश गृहीत हो। सूर्योपस्थान के चार मन्त्रों का क्रमशः अर्थ यह है कि—

"1. हम अपने आगे उत्तरोत्तर प्रकाश देखें और उस सूर्य (स्वररूप ज्योति) को प्राप्त करें।

2. ये जो लाल-लाल रोशनी के झंडे सुबह-सुबह दीख रहे हैं, वे बस बता रहे हैं कि सूर्य आ रहा है।

3. देवताओं का अग्रणी (या मुखिया) मित्र, वरुण और अग्नि का नेत्र उदित हुआ, उसने आकाश, पृथ्वी और अन्तरिक्ष को चर, और अचर को भर दिया।

4. उसकी ओर, जो देवताओं में वर्तमान है, यह कहते हुए अभिमुख हों, हम तुम्हें इसीप्रकार उदित होते हुए सौ बरस देखें, सौ बरस सुनें, सौ बरस इसी तरह तुम्हारा स्वागत करें, सौ बरस तुमसे भरकर हम किसी के आगे दीन न बनें, सौ ही क्यों, उसके बाद सैकड़ों वर्ष यही निरन्तर ज्योतिः साक्षात्कार होता रहे।"

ये चारों मन्त्र जीवन में प्रकाश और उल्लास के मन्त्र हैं। सन्ध्योपासन का यही चरम तात्पर्य है। इसके बाद पाना नहीं रहता है, बस सावित्री को टिकाना रहता है और इसके लिए गायत्री जप सर्वश्रेष्ठ उपाय है।

सन्ध्योपासन के अनन्तर देव, ऋषि और पितरों का तर्पण होता है, सांख्य और योगविद्या के प्रवर्तक आचार्यों का विशेष रूप से तर्पण होता है, बलिवैश्वदेव होता है, जिसकी चर्चा पहले हो चुकी है। उसके

अनंतर जिसका जो उपास्य देव हो, उसका मन्त्र जपे, उसका स्तोत्र पढ़े, उसकी लीला गाये। चाहे तो इष्टदेवता का पूजन करे। यह पूजन षोडशोपचार किया जाता है तो इसमें इतने अङ्ग होते हैं—आसन, स्वागत, अर्घ्य, पाद्य, आचमन, मधुपर्क, स्नान, वस्त्र, सुगन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, माल्य, नमस्कार और विसर्जन। और संक्षिप्त करना है तो पञ्चोपचार के दो हैं—पहला : ध्यान, आवाहन, नैवेद्य, आरती और प्रणाम और दूसरा : गंध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य। कुछ लोग गन्ध के पूर्व पाद्य और जोड़ देते हैं। वस्तुतः षोडशोपचार पूजन में आराध्य के षोडशकल दिव्यवपु का निर्माण ही उद्दिष्ट होता है। मंदिर में पूजा होती है, तब या प्राणप्रतिष्ठित प्रतिमा के पूजन में आवाहन की आवश्यकता नहीं होती, पर जब प्रतीक रूप में आवाहन किया जाता है तो प्राणप्रतिष्ठा करनी पड़ती है, उसके लिए जो वैदिक मन्त्र पढ़ा जाता है, वह बृहस्पति का ध्यान है, अर्थात् मन्त्रशक्ति के देवता का मन्त्र है, इस मन्त्र के द्वारा यह ध्यान किया जाता है कि "मन में इष्ट-शक्ति अर्पित वस्तु को पसन्द करे, बृहस्पति इस उपासना यज्ञ का विस्तार करें। इसे धारण रखें, इसमें विश्वदेव उपस्थित होकर आनन्दित हों।" दूसरे शब्दों में, इसका अभिप्राय यह है कि मन्त्र के मनन से देवता की उपस्थिति हो जाये और वह उपस्थिति आत्मीय है।

तांत्रिक साधना से जुड़कर पूजा का अनुष्ठान बहुत विशद हुआ। यहाँ किस प्रकार पूजा ऐंद्रिय संसार के समर्पण के अंत में जीव का आत्मनिवेदन है, वह इस तालिका के द्वारा स्पष्ट किया जा रहा है। यह तालिका *उपहार-प्रकाशिका* नामक ग्रन्थ से *द कल्चरल हेरिटेज,* खंड 4 में उद्धृत है।।

पूजा के इन उपचारों का गहरा प्रयोजन है, उपहार-प्रकाशिका नामक ग्रन्थ में इनके प्रयोजन का वर्णन जैसा किया गया है, उसे अधोलिखित तालिका में स्पष्ट किया गया है—

उपचार	तत्त्व	बीज	द्रव्य	प्रयोजन
पाद्य	जल	वं	जल	स्नेह, देवता के साथ परिचय प्राप्त करना।
गंध	पृथ्वी	लं	चंदनादि	विश्वास कि देवता रक्षा करेंगे।
पुष्प	आकाश	हं	पुष्प	सम्मान, इस भाव से इष्ट देवता सर्वोच्च हैं।
धूप	वायु	यं	धूपद्रव्य	भक्ति, जिसके द्वारा देवता अपने हो जाते हैं।
दीप	तेजस्	रं	दीप	ज्ञान, इस बात का कि भक्त और उपास्य देवता एक हैं,पर यह दशा साक्षात्कार के पूर्व की है।
नैवेद्य	जीव	सं	मधुरद्रव्य	पूर्ण तादात्म्य बोध नैवेद्य के द्वारा जीव अपने आपको समर्पित करता है और देवता द्वारा स्वीकृत होने के बाद फिर उसका प्राशन करता है।

इस तालिका से स्पष्ट है कि पूरी प्रक्रिया एक अत्यन्त सुनिश्चित क्रम से आत्मसमर्पण की प्रक्रिया है। यह यज्ञ के समानांतर है। जिस प्रकार यज्ञ का उच्छिष्ट अमृत होता है, उसी प्रकार नैवेद्य (जो देवता द्वारा स्वीकार किया जा चुका है) अमृत होता है। यज्ञ में, द्रव्य में जिस प्रकार यजमान रहता है, उसी प्रकार नैवेद्य में स्वयं जीव रहता है। अग्नि द्वारा पीत होकर यजमान अजर-अमर होता है। देवता द्वारा स्वीकृत होकर उपासक उस नैवेद्य को ग्रहण करके अपने भीतर असीम आनन्द और अक्षय तृप्ति का अनुभावन करता है, और ध्यान से इस क्रम को देखें तो लगेगा, अव्यक्त जल से प्रारम्भ करके व्यक्त प्रकाश तक आते हैं और अंत में तब जीव और परमात्मा का तादात्म्य होता है, पूरा सृष्टि-चक्र घूमने पर तादात्म्य अपने आप हो जाता है। पूजा में इसीलिए ध्यान पर बहुत बल रहता है। ध्यान पहले आकार का, बाद में सूक्ष्म सत्ता का, फिर शून्य का, फिर अंत में बिन्दु का, फिर बस ध्यान करने वाला ही विलीन हो जाता है; बच जाता है एक गूंज, एक नाद जिसमें ध्येय भी है, ध्यान भी है, ध्याता भी है। हर पूजा की आरती के साथ जो घण्टे का, शंख का अविच्छिन्न निनाद होता रहता है, वह प्रकाश और नाद की एकाकारता को स्थापित करने के लिए ही प्रयोजित है। वह बाह्य प्रकाश और नाद की स्तंभक दीवाल का काम करता है, इस दीवाल के घेरे में बस आपूरित करने वाला उल्लास है, वही आराध्य है, वही आराधक है। हिन्दूपूजा एक छन्दोबद्धलयबद्ध व्यापार है। यह जीवन का संगीत है। इस लय में विरसता तभी पैदा होती है, जब लोग दूसरे मजहबों की प्रतिस्पर्धा में माइक-युद्ध शुरू कर देते हैं। काशी में अलग-अलग मन्दिर में आरती अलग-अलग हो, यह अच्छा है कि एकरूपता के उन्माद में एक साथ सारे शहर में एक ही स्तुति का पाठ अधिक मन को तृप्ति देने वाला है? हिन्दू दृष्टि तो शृंखला दृष्टि है, वह कूटस्थ नित्य धर्म नहीं, सनातन-प्रवाही नित्य धर्म है, बिन्दु-बिन्दु में सिंधु उठता रहे, इसी में वह पूर्णतर होता रहता है।

जो लोग बाह्यपूजा में आडम्बर देखते हैं, उनके लिए अलग विधान है, वे जप करें, वे निराकार का ध्यान करें, समाहित चित्त से प्राणों का प्राणों में होम करें, कुंडलिनी साधे, सनातन-प्रवाही सत्य को अपने जीवन की सच्चाई और सिधाई में उतारें, ऐसे सुकृती लोग कम होते हैं। हिन्दू विश्वास करता है कि बिना भगवत्कृपा के ऐसी संसिद्धि नहीं मिलती कि निष्प्रयत्न सीधे भगवान् में लौ लग जाये। जिसे मिलती है, उसके लिए भगवान् को होना पड़ता है। यहीं भक्ति की भूमिका आती है। भक्ति की कई परिभाषाएँ की गयी हैं— *शाण्डिल्यसूत्र* में 'सा परानुरक्तिरीश्वरे' (भगवान् में परम अनुरक्ति भक्ति है) परिभाषा दी गयी; *नारद भक्ति-सूत्र* में इसी को दूसरे शब्दों में कहा गया – 'सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा' (वह इसमें जो सब ओर एकदम प्रत्यक्ष प्रस्फुरित हो रहा है जिसकी सुरभित श्वास रोम-रोम को छूकर प्रहर्ष दे रही है, इस बड़ी वास्तविकता में ऐसा प्रेम, जिसके आगे और सभी प्रेम, सभी आसक्तियाँ छोटी पड़ जायें, बिसर जायें। और गोस्वामी तुलसीदास के समकालीन मधुसूदन सरस्वती ने भक्ति की व्याख्या इस प्रकार की है—

अन्याभिलाषिताशून्यं ज्ञानकर्माद्यनावृतम्।
आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा।। *(भक्ति रसायन)*

अर्थात् भगवान् श्रीकृष्ण के अतिरिक्त किसी के लिए कोई अभिलाषा रहे, ज्ञान और कर्म का चाहे वे कितना भी पवित्र क्यों न हो, बहुमूल्य क्यों न हो, कोई आच्छादन न रहे, समस्त इंद्रियों से केवल भगवान् की सेवा हो, यही उत्तम भक्ति है, इसमें भक्ति ही कर्म और ज्ञान बन जाती है। इस प्रकार की भक्ति उत्तरोत्तर विकास करती हुई उस अवस्था में पहुँच जाती है, जब वह शुद्ध रूप से श्रीभगवान् का आकार ग्रहण कर लेती है और वह प्रवाह की तरह बहती रहती है, फिर उसका कोई लक्ष्य नहीं रह जाता, सिवाय इसके वह तन्मय हो और चूँकि वह तन्मय हो चुकी है, इसलिए भगवान् को अवश्य विवशता हो जाती है कि वह उसके आकार में अपने को अर्पित करता रहे। इस दशा का वर्णन करते हुए मधुसूदन सरस्वती ने कहा कि—

द्रुतस्य भगवद् धर्माद् धारावाहिकतां गता।
सर्वेशे मनसो वृत्तिर्भक्तिरित्यभिधीयते।। *(भक्ति रसायन)*

पहले तो भगवान् के गुण, महात्म्य और उदारता आदि धर्मों के निरन्तर स्मरण से ऐसी लौ लगती है कि कठिन से कठिन चित्त पिघल जाता है, पिघलकर बहने लगता है। वह चित्त धारावाही हो जाता है, उसमें भगवान् ही भगवान् ही रह जाते हैं और वे इस धारा के साथ बह चलते हैं।

प्रस्तुत भूमिका *उपचार-मीमांसा* की पृष्ठभूमि प्रस्तुत करती है। *उपचार-मीमांसा* अपने आप में केवल संकलनात्मक ग्रन्थ नहीं है, यह सूक्ष्म व्याख्या भी है, और किसप्रकार इसे जीवन की प्रक्रिया का अभिन्न अङ्ग बनाए, इसका उपदेश भी है। ऐसी सर्वाङ्गपूर्ण अन्य कोई पुस्तक नहीं है, जिसमें समस्त पक्षों का निदर्शन किया गया हो और प्रमाणपूर्वक किया गया हो। जैसाकि पहले कहा जा चुका है यह श्रीविद्या साधना के लिए विशेष रूप से लिखी गयी है, वैसे सभी प्रकार के उपासकों के लिए है, श्रीविद्या साधना करने वाले से कुछ अधिक अपेक्षा की जाती है। उसके लिए विशेष रूप से पद्धति तैयार की गयी है। इसमें सिद्धान्तपक्ष बड़ी स्पष्टता के साथ सामने लाया गया है। मुझे पूरा विश्वास है कि साधक समाज इससे लाभान्वित होंगे।

पूज्य गुरुचरण ने इस पुस्तक के लिए इतना समय दिया और कु. प्रेमवती ने उनके इस पवित्र ग्रन्थ में गणेश का कार्य किया। गुरुजी को प्रणाम करता हूँ और प्रेमवती को आशीर्वाद देता हूँ।

पूर्वकुलपति,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
संसद सदस्य
न्यासी, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र

वैदिक विज्ञान के अनुसार ब्रह्म का स्वरूप विमर्श

आचार्य गुलाब कोठारी

एक नियमित सत्य है कि पानी सदा नीचे की ओर बहता है। अग्नि की गति ऊपर की ओर होती है। वायु तिरछी चलती है। यही सत्य का स्वरूप है। जो पदार्थ कभी नहीं बदलता उसी का नाम सत्य है। नियति नाम प्रकृति का है। यह प्रकृति सत्य चेतना मिश्रित है, चिदनुगृहीत है। चिदनुगृहीत नित्य सत्य का ही कृष्ण से सम्बन्ध है। इसी से जगत् का निर्माण होता है। यह निर्माण चिदनुगृहीत होता है। अर्थात् प्रकृति निर्माण करती है किन्तु चेतना को साथ लेकर। यही चित् का अनुग्रह है।

'**सर्वं खल्विदं ब्रह्म**-इति सर्वस्य ब्रह्मत्वविधानं प्रतिसंचर: पक्ष:'। कारण से कार्योत्पत्ति का जो क्रम है, उसे ही सञ्चर या सृष्टि कहते हैं। सारे कार्यों का अपने कारण में विलीन हो जाना प्रतिसञ्चर क्रम कहलाता है। सृष्टिक्रम में एक ही नाना बन जाता है। प्रलय क्रम में सारे जीव एक हो जाते हैं। ब्रह्म के सर्वतत्त्व का विधान करने वाली **श्रुति-ब्रह्मैवेदं सर्वम्** - से इस ज्ञान का प्रतिपादन होता है। एक से अनेक की ओर जाना विज्ञान है—'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'। अर्थात् कारण एक है, कार्य अनेक है कारण सत्य है और सञ्चर क्रम में विश्वरूप हो जाता है।

ब्रह्म समस्त पदार्थों की प्रतिष्ठा है एवं ब्रह्म ही सबसे प्रथमज है। '**ब्रह्मैवास्य सर्वस्य प्रतिष्ठा ब्रह्म वै सर्वस्य प्रथमजम्**'—श्रुति। पदार्थों में जो ठहराव दिखाई देता है, उसी का नाम प्रतिष्ठा ब्रह्म है। यह प्रतिष्ठा ब्रह्म किसी पदार्थ में अति मात्रा में और किसी पदार्थ में अल्प मात्रा में रहता है। विद्युत, कर्पूर, मेघ आदि में ब्रह्म अल्पमात्रा में रहता है। जिसमें इन्द्र की मात्रा कम होती है, उसमें प्रतिष्ठा अधिक होती है। इन्द्र विक्षेपण शक्ति का नाम है। इन्द्र की विक्षेपण-धर्म शक्ति को 'शचि' कहते हैं। इन्द्रशचि ही ईथर है और सारे ब्रह्माण्ड में व्याप्त है। जो पदार्थ तुरन्त हवा में उड़ जाते हैं—स्प्रिट, तारपीन आदि, उनको इन्द्र उसी समय चूस लेता है। अत: उनकी प्रतिष्ठा नहीं हो पाती। ठोस पदार्थ अधिक काल तक रहते हैं। यही ब्रह्म प्रतिष्ठा है। पदार्थों का यह अस्तित्व ही ब्रह्म है। स्थिति तत्त्व का, प्रतिष्ठा तत्त्व का नाम 'ब्रह्मा' है। गति तत्त्व का, विक्षेपण शक्ति का नाम ही इन्द्र है। आदान शक्ति विष्णु है। उस प्रतिष्ठा ब्रह्म पर विष्णु और इन्द्र में स्पर्धा चला करती है। इन्द्र शरीर के प्राण को बाहर फेंकता रहता है। विष्णु बाहर से अन्न ला-लाकर उस कमी को पूरा किया करता है। अत: विष्णु को प्रतिष्ठा की भी प्रतिष्ठा कहा जाता है।

गति समष्टि ही स्थिति अथवा प्रतिष्ठा है। अर्थात् जब वस्तु एक साथ चारों ओर जाना चाहती है, वह किसी तरफ भी नहीं जा सकती। यही स्थिति है। इन्द्र ही सर्वत: गतिमान् होकर विष्णु कहलाते हैं। यदि क्रिया के लिए कोई निष्क्रिय आलम्बन न हो तो क्रिया पैदा ही नहीं होती। प्रतिष्ठा में आदान सोम का होता है और विसर्ग अग्नि का होता है। आदान-विसर्ग क्रिया के लिए आलम्बन की आवश्यकता रहती है। यदि बीज प्रतिष्ठा न हो तो अङ्कुर नहीं निकलता। अङ्कुर जब प्रतिष्ठा ब्रह्म से ऊपर जाते-जाते रुक जाता है, तब उसकी गांठ हो जाती है। फिर उससे और शाखा निकलती है। हर नई चीज की उत्पत्ति के लिए प्रतिष्ठा का जन्म आवश्यक है। '**ब्रह्म वै सर्वस्य प्रथमजम्**'।

प्रतिष्ठा ब्रह्म तीन भागों में विभक्त है। सभी पदार्थों में तीनों प्रतिष्ठाएं रहती हैं। इनमें अव्यय लक्षण प्रथम प्रतिष्ठा है, आलम्बन है। त्रयी विद्या लक्षण दूसरी ब्रह्म प्रतिष्ठा है। वीर्य लक्षण तीसरा ब्रह्म है। '**य: सर्वज्ञ: सर्वविद्यस्य ज्ञानमयं तप:**'। ब्रह्म से ही-ब्रह्म, नाम-रूप तथा अन्न तीन तत्त्व उत्पन्न होते हैं। ब्रह्म से वेद प्रतिष्ठा, नाम-रूप से ज्योति तथा अन्न से यज्ञ समझना चाहिए। अव्यय ब्रह्म रूप, प्रतिष्ठा ब्रह्म है। यह प्रतिष्ठा दो प्रकार की होती है-आत्म प्रतिष्ठा एवं विधृति प्रतिष्ठा। आत्म प्रतिष्ठा को सत्ता प्रतिष्ठा या आत्मन्वी कहते हैं। जो भिद्यमान सत्ता है उसको परप्रतिष्ठा कहा है। आत्म प्रतिष्ठा में यह परप्रतिष्ठा भी रहती है। भिद्यमान सत्ता ही 'व्यक्ति' है। आत्म प्रतिष्ठा व्यापक, सर्वालम्बन प्रतिष्ठा है। एक आत्म प्रतिष्ठा (है) पर नाना व्यष्टियां (हैं) नाच रही हैं। भिद्यमान सत्ता को ही त्रयी लक्षणा प्रतिष्ठा कहते हैं। यह भी आत्म प्रतिष्ठा से ही उत्पन्न होती है। अव्यय के कारण इसको ही वेद प्रतिष्ठा कहते हैं। ऋक्-यजु-साम की समष्टि ही वेद है। इसी के लिए 'अनन्ता वै वेदा:' कहा है, क्योंकि भिद्यमान सत्ता प्रतिष्ठा अनन्त है। वेद प्रतिष्ठा अव्यय का महिमा मण्डल ही है। इसी स्वमहिमा में अव्यय ब्रह्म प्रतिष्ठित रहता है।

सर्वप्रथम यह अव्यय ब्रह्म मन-प्राण-वाक् रूप सृष्टि साक्षी बल से ऋक्-यजु-साम रूप वेद प्रतिष्ठा को ही उत्पन्न करता है। तथा स्वयं उसके केन्द्र में प्रतिष्ठित हो जाता है।

> **सोऽयं पुरुष: प्रजापतिरकामयत। भूयान्त्स्याम् प्रजायेयेति, सोऽश्राम्यत। स तपोऽतप्यत।**
> **स श्रान्तस्तेपानो ब्रह्मैव प्रथमसृजत त्रयीमेव विद्याम्।**
> **सैवास्मै प्रतिष्ठा भवत् तस्मात् ब्रह्मण: सर्वस्य प्रतिष्ठेति।**
> **तस्मादनूच्य प्रतितिष्ठति। प्रतिष्ठा ह्येतद् ब्रह्म।'** (*शतपथ.* **6-1-8**)

यदि सूर्य सर्वालम्बन अव्यय ब्रह्म हैं तो रश्मियां महिमा मण्डल हैं। इनको वृहत् साम कहते हैं। यही वेद मण्डल है। जैसे सूर्य का महिमा मण्डल सूर्य से पृथक् नहीं रह सकता, वैसे अव्यय ब्रह्म भी वेद ब्रह्म से अलग नहीं हो सकता। प्रत्येक रश्मि एक वेद है। अनन्त रश्मियां ही अनन्त वेद हैं। सूर्य ही त्रयी विद्यामय है। सूर्य पिण्ड ऋक् (महदुक्थ) और सूर्यमण्डल साम है। इसी ऋक्-साम के मध्य जो पदार्थ हैं, उन्हीं की समष्टि यजु

पुरुष है। यही तीसरा वीर्य ब्रह्म है। आत्म प्रतिष्ठा व्यापक है तथा भिद्यमान प्रतिष्ठा व्यक्ति है। यह आत्म प्रतिष्ठा से उत्पन्न होती है। इसी भिद्यमान सत्ता को त्रयी विद्या प्रतिष्ठा कहा है।

ऋक् और साम से कोई वस्तु पैदा नहीं हो सकती। यजु में यत् वायु है, जू है आकाश। यजु को अग्नि या पुरुष कहते हैं। अग्नि की ही अवस्था विशेष का नाम वायु है। यह अग्नि की तरल अवस्था है। आकाश में जब वायु का सञ्चार होता है, तभी देवता-भूत आदि पदार्थ पैदा होते हैं। अध्यात्म में वायु ही जन्म का मूल है। वायु ही शुक्र-शोणित मिश्रण में रक्त का सञ्चार करके सप्त धातुओं का निर्माण करता है। गर्भ-स्वरूप में परिणत करता है। इस वायुमय यजुर्ब्रह्म को वीर्य लक्षण ब्रह्म कहते हैं।

आलम्बन ब्रह्म ज्ञानघन, वेद ब्रह्म क्रियाघन तथा वीर्य ब्रह्म अर्थघन है, शक्तिघन है। अव्यय ब्रह्म ज्ञाता है, सच्चिदानन्द है। वेद ब्रह्म ज्ञान है, ज्ञाता की रश्मियां है, तथा सारे पदार्थ ज्ञान रश्मियों से निर्मित ज्ञेय हैं। ये तीनों अविनाभूत हैं। विश्व के सभी पदार्थों में ये तीनों प्रतिष्ठा रहती हैं। इन्हीं के तीन नाम-अन्तर्यामी सत्य, वेद-सत्य तथा सूत्र-सत्य भी हैं।

परात्पर ब्रह्म घेरे में (पुरुष) नहीं होने से व्यापक था। मायाबल के उदय होते ही एक अंश में वह ससीम हो जाता है। परात्पर अब पुरुष कहलाने लगता है। पानी के पात्र में सूर्य की छाया माया से नष्ट नहीं होती। माया से आवृत्त पुरुष का भी कुछ नहीं बिगड़ता। दिन-रात माया में रहता हुआ भी आकाश में वायुवत् विकृत नहीं होता। श्रुति प्रसिद्ध है कि **'असीमं हीदं परात्परं ब्रह्म मायाबलावच्छेदाद् मितिं गत्वा पुरुषो भवति।'** यह पुरुष भी निष्कल और पञ्चकल दो प्रकार का होता हैं। जब केवल माया से रस परिविच्छिन्न होता है, एक ही घेरा होता है, तब वह निष्कल कहलाता है। जब दो भाव होते हैं, तब कला यानी आनन्द, विज्ञान, मन, प्राण, वाक् इन पांच योगमायाओं से अवच्छिन्न पुरुष पञ्चकल होता है। इस रस या अव्यय में अन्तर्लय तथा बहिश्चिति नाम से दो बल पैदा होते हैं। अन्तश्चिति का रूप आनन्द-विज्ञान-मन है, बहिश्चिति का नाम मन-प्राण-वाक् है। प्रत्येक बल की माया पृथक्-पृथक् होती है। माया का ही नाम परिच्छेद है। परिच्छेद ही पृथक् करता है। पांच बल सिद्ध करते हैं कि पांचों की पांच माया हैं। पांचों का योग महामाया से युक्त रहता है, अत: पांचों को ही योगमाया कहा जाता है। इस महामाया के उदर में जितनी भी माया उत्पन्न होगी, उन सबको योगमाया कहेंगे। पञ्चकलाओं वाला ब्रह्म पञ्चकल तथा महामायापेक्षया अखण्ड पुरुष निष्कल कहलाता है। पांच योगमाया के कारण वहीं पञ्चकल होता है। मनोमय प्राण शरीर का अधिष्ठाता जो ब्रह्म है, वह अन्न में अपना हृदय रखकर प्रतिष्ठित रहता है। अत: मन-प्राण रूप आत्मा की प्रतिष्ठा ब्रह्म है। अन्न ही वाक् है। मन-प्राण ऋत है, अशरीर हैं, अत: स्वरूप से दोनों ही अप्रतिष्ठित हैं। पिण्ड होने से वाक् केन्द्र युक्त है। मन-प्राण शरीर में ही प्रतिष्ठित रहते हैं। इस प्रतिष्ठित तत्त्व को विज्ञान रूप से देखा जाता है। निष्कल तत्त्व ही अनिरुक्त कहलाता है। उसका अनुभव नहीं होता। कलाओं का अनुभव होता है। जिसका ज्ञान हो सके उसे शुक्ल तथा जो अनिरुक्त हो उसे कृष्ण कहा जाता है।

अव्यय पुरुष की पांचों कलाएं अपनी-अपनी अवच्छेदक माया से युक्त रहती हैं। पांचों ही महामाया से युक्त होकर योगमाया कहलाती हैं। इनसे ढका हुआ महामायी अव्यय किसी के प्रत्यक्ष का कारण नहीं बनता। योगमाया इतनी उल्वण रहती है, उद्बुद्ध रहती है। अत: कृष्ण ने भी गीता में कहा है—

नाहं प्रकाश: सर्वस्य योगमायासमावृत:।

अत: पुरुष अनिरुक्त है और कलाएं निरुक्त हैं। अव्यय मन का नाम ही निष्कल पुरुष है। मन के बिगड़ते ही शरीर का आकार बिगड़ जाता है। यह मन ही केन्द्र है, नित्य तत्त्व है। इसके बिना कोई वस्तु ठहर नहीं सकती।

इस असत् (प्राणहीन) मन से पहले काम ही उत्पन्न होता है। '**कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेत: प्रथमं यदासीत्।**' यह इच्छा बल सृष्टि निर्माण में तीसरा बल है। पहला बल मायाबल, जिसने परात्पर को परिच्छिन्न (सीमित) बनाया। दूसरा हृद्बल, जो कि ससीमता होते ही उत्तरकाल में तुरन्त उत्पन्न हो जाता है। तीसरा बल इच्छा या काम है। जो वस्तु परिच्छिन्न होती है, इच्छा उसका स्वाभाविक धर्म बन जाती है। अशनाया बल को ही इच्छाबल कहते हैं। जो तत्त्व व्यापक था, वह माया से सीमित हो गया, अत: इसमें उस सीमा को तोडऩे की इच्छा का अपने आप उदय हो गया। अभाव में ही वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा उठती है। इस रस के तथा व्यापक रस के बीच माया का पर्दा आ गया, अत: इसी पर्दे को हटाने के लिए इच्छाबल पैदा हो गया। इस इच्छा के उत्पन्न होने का एकमात्र कारण है-मन। सृष्टि में मन से भी पहले काम ही उत्पन्न हुआ था। 'मनसो रेत: प्रथमं यदासीत्' यही अर्थ रखता है। वैसे इच्छा तो मन का धर्म ही है। दोनों अलग नहीं हो सकते। मन में सारी इच्छाएं सदा मौजूद रहती हैं। इसी में से इच्छाएं प्रादुर्भूत होती रहती हैं एवं विलीन होती हैं। वस्तुत: दूध की उन्मुग्ध अवस्था का घृत उद्बुद्ध अवस्था में प्रादुर्भूत हो जाता है। नया कुछ उत्पन्न नहीं होता।

इस मन से सर्वप्रथम पैदा होने वाली वस्तु को प्रजापति कहा है। इच्छा से प्राण तथा प्राण से वाक् व्यापार होता है। वाग् व्यापार होना ही नई वस्तु है। अव्यय मन की इच्छा से अक्षर तथा क्षर प्रकृतियां उत्पन्न होती हैं। निष्कल अव्यय मन में मायाबल के कारण इच्छाबल पैदा हो जाता है, इच्छाबल से अन्य बल पैदा होते हैं। इन बलों से मन ढक जाता है। सारे बलों का मन पर चुनाव होने से अव्यय मन को चिदात्मा कहते हैं। जिन बलों का चयन होता है वे अन्तश्चिति और बहिश्चिति रूप में बंट जाते हैं। आनन्द-विज्ञान अन्तश्चिति तथा प्राण-वाक् बहिश्चिति के बल को कहते हैं। मन दोनों के बीच रहता है। एक मुक्ति साक्षी तथा दूसरा सृष्टि साक्षी बल है। मन दोनों ओर रहता है। इस प्रकार एक ही निष्कल तत्त्व बलों के कारण पांच कलाओं में बंट जाता है। इनमें से प्राण द्वारा अक्षर सृष्टि तथा वाक् द्वारा क्षर सृष्टि का निर्माण अव्यय मन करता है।

मन ही अक्षर बन जाता है, मन ही क्षर बन जाता है। अक्षर की समष्टि भी पञ्चकल हैं-ब्रह्मा-विष्णु-इन्द्र-अग्नि-सोम। इनमें ब्रह्मा-विष्णु-इन्द्र हृदय कहलाते हैं। ब्रह्म प्रतिष्ठा में है '**ब्रह्मवैतास्य सर्वस्य प्रतिष्ठा, ब्रह्म वै सर्वस्य प्रथमजम्**' कहा गया है। विष्णु आदान करने वाले हैं। अर्क रूप से बाहर जाकर अन्न लाते हैं।

आए हुए अन्न को बाहर फेंकने वाले प्राण को इन्द्र कहते हैं। विष्णु सोम रूप अन्न लाते है। इन्द्र अग्नि को बाहर फेंकते हैं। इस अक्षर से ही अव्यय मन पर अन्नादि का चुनाव होता है। अव्यय मन के सृष्टि साक्षी प्राण से अक्षर उत्पन्न होता है। वाग् भाग से क्षर उत्पन्न होकर अक्षर से बद्ध रहता है। इन सबकी समष्टि ही प्रजापति है। मन ही प्रजापति है। अक्षर-क्षर प्रजा है। यह प्रजापति ही षोडशी कहलाता है।

प्रजापति मन में ही प्रतिष्ठित रहता है। मन से पांच कलाएं उत्पन्न होती हैं। इनमें प्राण द्वारा अक्षर उत्पन्न होते हैं। अक्षर से वाक् द्वारा क्षर पैदा होता है। क्षर से विकार पैदा होते हैं। विकारक्षरों से यज्ञक्षर उत्पन्न होते हैं। प्रत्येक आगे की सृष्टि की पिछली सृष्टि प्रतिष्ठा बनती जाती है। यज्ञक्षर की प्रतिष्ठा विकारक्षर है। विकारक्षर की प्रतिष्ठा आत्मक्षर है। आत्मक्षर की प्रतिष्ठा अक्षर है। अक्षर की प्रतिष्ठा प्राण तथा प्राण की प्रतिष्ठा मन है। सब की मूल प्रतिष्ठा मन ही है। इसके बिना किसी की प्रतिष्ठा सम्भव नहीं। यही 'परम' कहा गया है। सम्पूर्ण सृष्टि उस 'पर-मन' पर आलम्बित है।

वाक् से उत्पन्न होने वाला क्षर तीन प्रकार का (आत्म-विकार-यज्ञ)होता है। आत्मक्षर से प्राण, आप, वाक्, अन्न, अन्नाद ये पांच विकारक्षर उत्पन्न होते हैं। ये अलग-अलग न रहकर, एक-दूसरे में आहूत हो जाते हैं। इसी को सर्वहुत यज्ञ कहते हैं। इसी से पांच यज्ञक्षर उत्पन्न होते हैं। अपञ्चीकृत प्राण, आप, वाक्, अन्नाद और अन्न विकारक्षर हैं। प्राण ब्रह्मा (अक्षर) का विकार है। आप विष्णु का, वाक् इन्द्र का, अन्नाद अग्नि का तथा अन्न सोम का विकार है। इन पांचों की परस्पर आहुति से 'पञ्चीकृत'पांच क्षर उत्पन्न होते हैं। आहुति ही यज्ञ है। अत: ये पांचों यज्ञक्षर कहलाए। पञ्चीकृत यज्ञक्षर ही स्वयंभू, परमेष्ठी, सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी कहलाते हैं। सारे देवता और सारे भूत इन्हीं यज्ञक्षरों से उत्पन्न होते हैं। आत्मक्षर (प्रजापति) से ही भूत-देवता पैदा होते हैं। षोडशी आत्मा से या पुरुष प्रजापति से उत्पन्न होते हैं। अर्थात् यही सारा प्रपञ्च अव्यय मन में प्रतिष्ठित रहता है। यह परात्पर सजातीय, विजातीय, विगत भेद से शून्य है। एक रूप है। न घटता है, न बढ़ता है। इससे सृष्टि नहीं हो सकती। सृष्टि माया से आवरित मन से ही होती है। यही अव्यय मन, पुरुष प्रजापति नए-नए स्वरूप धारण करता जाता है। मन में नई-नई वस्तुएं पैदा होती रहती हैं। अत: इसको 'श्वोवसीयस' मन कहते हैं। '**उत्तरोत्तरं वसीय: अतिशयेन श्रेष्ठं श्वोवस्यसम्**' को श्वोवसीयस ब्रह्म कहा है।

इस मन की आनन्द, विज्ञान, प्राण, वाक् चार कलाएं हैं। आनन्द-विज्ञान-मन प्रतिष्ठ ब्रह्म है, अकर्म (ब्रह्म) है, अमृत है, विद्या-ज्ञान है। मन-प्राण-वाक् सृष्ट ब्रह्म है, कर्म है, मृत्यु है, अज्ञान है, अविद्या है। अत: एक ही ब्रह्म का आधा भाग ब्रह्म रूप है। दोनों मिलकर प्रजापति का शरीर हैं। '**अर्द्धं वै प्रजापतेरात्मनो मर्त्यमासीदर्द्धममृतम्।**'

ज्ञान और कर्म को अलग नहीं किया जा सकता। मन-प्राण-वाक् भले ही सृष्टि साक्षी प्राण हों, किन्तु आनन्द-विज्ञान के बिना सृष्टि नहीं हो सकती। स्त्री-पुरुष में यदि वैर भाव है, आनन्द नहीं है, तो सन्तान उत्पन्न नहीं हो सकती। दु:खी मनुष्य कुछ भी नहीं कर सकता। श्रुति कहती है-'**आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि**

भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति। आनन्दं प्रयन्त्यभि संविशति।' आनन्द से ही सृष्टि उत्पन्न होती है एवं आनन्द से ही स्थिति होती है। दु:खी व्यक्ति शीघ्र ही मृत्यु के मुख में जाना चाहता है। इसी प्रकार ज्ञान कोई नई चीज बन ही नहीं सकती। बुद्धि को ही विज्ञान कहते हैं। विज्ञान ही तो आज विश्व को चला रहा है। जो व्यक्ति विरक्त चित्त होता है, उससे कोई नई चीज नहीं बन सकती। जो विज्ञान शून्य हैं, मूर्ख हैं, वे भी नई चीज नहीं बना सकते। अत: यह मानना होगा कि हर परिस्थिति में आनन्द, विज्ञान, प्राण, वाक् सदा रहते हैं।

मन तीन प्रकार के होते हैं। अव्यय मन 'श्वोवसीयस मन' या 'ब्रह्म' कहलाता है। सारी इन्द्रियों पर रहने वाला जो मन है, वह प्रज्ञा मन कहलाता है। यही दु:ख-सुख-मोह का अनुभव करता है। इसे सर्वेन्द्रिय मन भी कहते हैं। इन्द्रियां अपने नियत विषय का ही अनुभव करती हैं और यह मन सभी विषयों का अनुभव करता है, इसे अतीन्द्रिय मन भी कहते हैं। यही सारी इन्द्रियों की प्रतिष्ठा है। कहते हैं कि मन बाहर दौड़ता है, इसको कामना ही समझना चाहिए। मन बाहर नहीं जाता। यह तो हृत्-प्रतिष्ठित है। मन की वृत्ति-इच्छा-बाहर जाती है। मन यदि निकल गया तो शरीर कहां रहेगा।

श्वोवसीयस मन ज्ञान-कर्ममय है। माया बल तथा इच्छा बल के कारण ज्ञान-कर्म रूप हो जाता है। ज्ञान को रस तथा कर्म को बल कहते हैं। परिच्छिन्न रस ही मन है। रस और बल अविनाभूत हैं। बल की सुप्त अवस्था में मन निष्कल अव्याकृत या अद्वैत भाव में रहता है। जिस प्रकार कली खिलने पर पत्ते और केसर दो रूप हो जाते हैं। उसी प्रकार श्वोवसीयस मन भी ज्ञान व कर्ममय हो जाता है। भिन्न-भिन्न स्वरूपों में परिणत हो जाता है। जैसे फुलझड़ी से अग्नि का सम्बन्ध होते ही हजारों स्फुलिंग (फूल) निकलने लगते हैं। वैसे ही मन के व्याकृत होते ही सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी, नक्षत्र, मनुष्य, पक्षी, कीट आदि भाव बन जाते हैं। जब तक मन सृष्टि साक्षी नहीं होता (इच्छा रूप), तब तक एक रहता है। मन में ज्ञान-कर्म दोनों सुप्त रहते हैं। यही उन्मुग्ध या अव्यक्त अवस्था है। सृष्टि साक्षी बल से सम्बन्ध होते ही मन व्याकृत हो जाता है। '**इदं च श्वोवस्यसं मन: सर्वसृष्टि बीजभूतमव्याकृत: ज्ञानकर्ममयकामेन ज्ञानकर्माभ्यां व्याकृतं भवति।**' सृष्टि साक्षी बल के कारण मन उक्थ, अर्क, अशिति तीन रूपों में व्याकृत होता है। मन ही उक्थ है, अर्क इच्छा है, अशिति चयन है। मन से इच्छा-रूप जो रश्मियां बाहर जाती हैं-वे अर्क हैं। ये रश्मियां जिस विषय या अन्न को लाकर मन पर जमा करती हैं, वे अशिति हैं। इच्छा का विषय अन्न है और मन से ही उठता है।

पुरुष बिना प्रकृति के एक क्षण भी नहीं रह सकता। क्षर और अक्षर दोनों ही अव्यय पुरुष की प्रकृति हैं। तभी पुरुष का स्वरूप बन सकता है। अव्यय, अक्षर, क्षर तीनों एक साथ जन्म लेते हैं। अव्यय आलम्बन, अक्षर निमित्त तथा क्षर समवायिकारण है। इनमें अक्षर ज्ञान और प्राणमय है तथा क्षर वाक् और आनन्दमय है। प्राण व्यापार को ही कर्म कहते हैं। अक्षर ज्ञान-कर्ममय होने से सभी कार्य ज्ञान-कर्म मिश्रित होते हैं। कर्म प्राण का पर्याय है।

इसी प्रकार वाक् वस्तु को कहते हैं। आनन्द अनुभूति है। हमारे सभी कार्य इन दो की प्राप्ति के लिए ही होते हैं। आनन्द भी एक वस्तु ही है। वस्तु से आनन्द आता है। मन के पेड़ पर विज्ञान और प्राण के पुष्प खिलते हैं, वाक् और आनन्द के फल लगते हैं। विज्ञान का फल आनन्द है, प्राण का फल वाक् है। ज्ञान में आनन्द है। प्राण से वस्तु प्राप्त होती है। जिनमें प्राण मात्रा अधिक होती है-उन उद्यमियों, वीरों के लिए सम्पत्ति सामने खड़ी रहती है। प्राण ही सम्पत्ति का अधिष्ठाता है।

आनन्द-विज्ञान-मन-प्राण-वाक् पांच नहीं, तीन ही हैं-आनन्द, ज्ञान व सत्ता। ये तीनों भी एक ही हैं-एक ही मन के रूप हैं। ज्ञान-कर्म की प्रवृत्ति से इच्छा पैदा होती है। हां, कभी ज्ञान पहले और कर्म बाद में (निर्माण क्षेत्र) तथा कहीं कर्म पहले, ज्ञान बाद में (पुस्तक पढऩा) होता है। दोनों की मिली-जुली अवस्था ही 'काम' है। ज्ञानसूत्र से होने वाली कर्षण क्रिया ही 'काम' है।

ब्रह्म भी तीन प्रकार के कहे हैं-कं ब्रह्म, खं ब्रह्म, व रं ब्रह्म। संसार के प्रत्येक प्राणी में आवपन, अन्नाद और अन्न तीन भाव होते हैं। आवपन ब्रह्म ही आलम्बन ब्रह्म है। आनन्द, भोक्ता-ब्रह्म है तथा अन्न भोग्य ब्रह्म है। शरीर आलम्बन, आत्मा-भोक्ता या अन्नाद, तथा भोग्य पदार्थ सब अन्न हैं। ये अन्न भी सात प्रकार के हैं-मिट्टी, पानी, अग्नि, हवा, आवाज, क्रिया और ज्ञान। खाने वाला जिस स्थान पर बैठकर खाता है, उस स्थान को 'आवपन' कहते हैं। खाने वाला अन्नाद तथा जिसे खाया जाए वह अन्न है। पदार्थ के स्वरूप के लिए तीनों आवश्यक हैं। आत्मा जब तक शरीर आलम्बन पर टिका है, तब तक ही अन्न खा सकता है। इस आवपन, अन्नाद और अन्न को ही क्रमश: खं, रं तथा कं ब्रह्म कहा जाता है। आकाश ही भोक्ता का आलम्बन है। आत्मा दहराकाश में ही प्रतिष्ठित है। अत: आत्मा आकाश के आलम्बन को खं ब्रह्म कहा जाता है। दहराकाश में आत्मा ले-लेकर रमण करता है। कं सुख को कहते है जो अन्न से प्राप्त होता है। अन्न ब्रह्म ही कं ब्रह्म है। पानी को भी कं कहते हैं, सोम है। आत्मा-अन्नाद-अग्नि रूप है। इसमें सोम की आहुति होती रहती है।

यह सम्पूर्ण सृष्टि एक ही मूल तत्त्व से उत्पन्न हुई है, उसी में स्थित रहती है और अन्त में उसी में लीन हो जाती है। उस तत्त्व को ब्रह्म कहते हैं। इसके दो रूप कहे हैं-कारण ब्रह्म और कार्य ब्रह्म। उक्थ, प्रतिष्ठा और साम का सम्मिलित रूप कारण ब्रह्म है। जिसमें सम्पूर्ण पदार्थ उठते, निकलते, प्रकट होते हैं, उसे उक्थ कहते हैं। मिट्टी घड़े का उक्थ है। बृंह् धातु से ब्रह्म बनता है जिसका अर्थ है बृंहण अर्थात् बढऩा। जो अपने आप क्षीण न होता हुआ नई वस्तु बनाए। पदार्थ उत्पन्न होकर जिसके आधार पर टिके रहते हैं, वह पदार्थ की प्रतिष्ठा कहलाती है। मिट्टी ही घड़े की प्रतिष्ठा है। पदार्थों का जो भरण-पोषण करता है, वह ब्रह्म है। भरणात्मक भृञ् धातु से भी ब्रह्म शब्द बनकर प्रतिष्ठा रूप बोध करता है। जल से उत्पन्न फेन, हिम, कफ आदि रूपों में जल व्याप्त रहता है। रज, शर्करा (बालू), पत्थर, लौह, आदि रूपों में पृथ्वी तत्त्व समान रूप से व्याप्त रहता है। जगत् के सब तत्त्वों में अभिन्न रूप से वर्तमान एक सत्तारूप है-जो सर्वत्र समान भाव से रहने

के कारण साम कहलाता है। यह भी बृंह् धातु ब्रह्म का ही द्योतक है। उक्थ, प्रतिष्ठा, साम लक्षणों वाला कारण ब्रह्म ही सृष्टि की उत्पत्ति से पूर्व वर्तमान था।

सत्-चित्-आनन्द ब्रह्म के रूप हैं। सत् शब्द से सत्ता वाले का ग्रहण नहीं है, बल्कि सत्ता रूप ही ब्रह्म है। यद्यपि सर्वत्र व्यापक निर्विशेष ब्रह्म के लिए किसी शब्द विशेष का सङ्केत नहीं किया जा सकता, तथापि संसार जब बन जाता है तब उस जगत् में सत्ता-चेतना-आनन्द रूप में ही ब्रह्म को पहचाना जाता है। सत्ता रूप की व्यापकता का सर्वत्र अनुभव होता है। प्राणी 'मैं हूं', 'यह है' का ही अनुभव करता है। सृष्टि से पूर्व ब्रह्म (उक्थ, प्रतिष्ठा, साम रूप) एक अविभक्त रूप में रहता है। वृद्ध्यर्थक बृंह् धातु से ब्रह्म बनता है, अत: अपने आप अविकृत रहता हुआ भी वह अनेक रूपों में विभक्त प्रतीत होने लगता है। इसी को ब्रह्म का व्याकरण कहते हैं। अविभक्त का विभक्त रूप दिखाई पड़ना व्याकरण कहलाता है। सृष्टि से पहले ब्रह्म में बल सुप्त था, अब जाग्रत् अवस्था में आ गया तो व्याकृत हो गया। निर्विशेष ब्रह्म में विशेष प्रकट होना जागरण है।

सृष्टि पूर्व अवस्था में बल सुप्त रहता है, विशुद्ध रस ही रहता है। तब निर्विशेष कहलाता है। बल जब उद्बुद्ध होता है, तब परात्पर अवस्था होती है। यह बल नि:सीम रस की सीमा बनाता है। तब पहला अव्यय पुरुष प्रकट होता है।

अव्यय पुरुष की सृष्टि साक्षी तीन कलाओं-मन-प्राण-वाक् से कर्म पुरुष बनता है, जो कर्म या क्रिया करता है। आनन्द-विज्ञान-मन से विद्या या ज्ञान पुरुष बनता है, जो कर्म तोड़ता है। इनमें मन सम्पूर्ण ज्ञानों का, प्राण सम्पूर्ण क्रियाओं का तथा वाक् सम्पूर्ण अर्थों का उक्थ होता है। मन-प्राण-वाक् ही ज्ञान-क्रिया-अर्थ के उक्थ-प्रतिष्ठा-साम होते हैं। तीनों का सम्मिलित रूप ही आत्मा कहा जाता है। श्रुति प्रसिद्ध है कि आत्मा मनोमय, प्राणमय, वाङ्मय है। वाक् का अर्थ है नीचे की ओर जाने वाली-चैतन्य रहित। मन और प्राण वाक् के गर्भ में रहते हैं। आत्मा धर्मों को धारण करने वाला-धर्मी है। अपनी प्राण रूप शक्ति से सदा कुछ करता रहता है।

गीता में कहा गया है कि कोई भी प्राणी किसी भी क्षण क्रिया के बिना नहीं रहता है। यह आत्मा मन के द्वारा सदा कुछ जानता भी रहता है। इस सतत क्रिया से आगे तीन रूप बन जाते हैं-आत्मा, प्राण और पशु। तीनों का मिश्रित रूप ही 'सत्य' है। सृष्टि आत्मा से चलती है-वही उक्थ है। सत्य रूप से ही पशुओं में प्राणों की स्थिति होती है। विचरता हुआ अर्क(इन्द्र) जब वाक् (विष्णु) को लाकर मन को अर्पित करता है, तो मन का विकास होता है। इसी को ज्ञान कहते हैं। जो वाक् विषय में प्रविष्ट होती है, पशु कहलाती है। आत्मा सर्वज्ञ, सर्व शक्तिमान्, सम्पूर्ण धर्मों से युक्त है। सब पदार्थों को जानने की, सब कुछ करने की तथा सबको धर्म रूप भीतर लेने की शक्ति इसमें है। सारी क्रियाएं, अभिव्यक्ति या सारे पदार्थ आत्मा ही हैं।

कारण ब्रह्म में उक्थ-प्रतिष्ठा-साम भिन्न-भिन्न नहीं होते। एक ही स्थान में तीनों रहते हैं। कारण ब्रह्म से ही कार्य ब्रह्म उत्पन्न होता है। चूंकि कार्य अनन्त होते हैं, अत: कार्य ब्रह्म में उक्थ-प्रतिष्ठा-साम भिन्न-भिन्न

आधार में रहते हैं। पृथ्वी के सभी पिण्ड पदार्थ, सूर्य, चन्द्रमा आदि सभी पृथक्-पृथक् ब्रह्म हैं। इनमें प्रत्येक के पृथक्-पृथक् तीन रूप बनते हैं-उक्थ-प्रतिष्ठा-साम। प्रत्येक पिण्ड अपने में से निकलने वाले वाक्-प्राण आदि का उक्थ होता है। पिण्ड को ही निरुक्ता वाक् तथा ऋक् कहते हैं। इसके नाभि (केन्द्र) में प्रतिष्ठित प्राण शक्ति इन्द्र कहलाती है। यही पिण्ड की प्रतिष्ठा है। इसके च्युत होने पर पिण्ड च्युत हो जाता है। चाक के घूमते रहने पर केन्द्र बिन्दु स्थान नहीं छोड़ती। अत: पिण्ड भी स्थान नहीं छोड़ता। वहां 'अवयव क्रिया' ही होती है। समुदाय क्रिया नहीं हो पाती। इस केन्द्र शक्ति को 'अनिरुक्त प्रजापति' कहा जाता है।

प्रत्येक पिण्ड दूर से भी दिखाई देता है। एक बिन्दु ऐसा आता है, जिससे आगे पिण्ड दिखाई नहीं देता। यह 'लोकालोक' मण्डल कहलाता है। निधन साम (अन्तिम मण्डल या बिन्दु) तथा बीच के सभी मण्डल साम कहलाते हैं। सब दिशाओं से देखने पर वे समान ही दिखते हैं, अत: साम हैं। पास और दूर से पिण्ड छोटे-बड़े दिखाई देते हैं। मूल पिण्ड के अनुरूप ही छोटे-बड़े साम बनते हैं। छोटे पिण्ड का बड़ा या बड़े पिण्ड का छोटा साम नहीं होता।

उक्थ और साम की आत्मा है-प्रतिष्ठा। साम और प्रतिष्ठा उक्थ की आत्मा है। तीनों साथ हैं। जिसकी सत्ता से दूसरे की सत्ता रहती है, वही उसकी आत्मा है। अत: उक्थ-प्रतिष्ठा-साम ही आत्मा है। आत्मा ही ब्रह्म है। ये तीनों कार्य ब्रह्म तीन जातियों में विभक्त दिखाई पड़ते हैं। स्वज्योति, परज्योति, रूपज्योति (ज्योति न फैलाते हुए भी रूपवान् दिखने वाले-पृथ्वी आदि)। सर्वं तेज:। तेज को साम कहते हैं। जहां प्रकाश तथा अन्धकार मिल से जाते हैं, वही लोकालोक है। पृथ्वी आदि बिना ज्योति के पदार्थों का ऐसा मण्डल समझ में नहीं आता।

प्रधान सम्पादक,
राजस्थान पत्रिका समूह,
केशरगढ, जयपुर (राजस्थान)

मूर्धन्य तन्त्रशास्त्री शिवानन्द गोस्वामी

महामहोपाध्याय देवर्षि कलानाथ शास्त्री

भारत के प्राचीन और महत्त्वपूर्ण शास्त्रों में एक प्रमुख शास्त्र है—तन्त्रशास्त्र, जिसकी परम्परा हजारों वर्षों से चली आ रही है किन्तु गोपनीय माने जाने के कारण उसकी जानकारी बहुत कम लोगों को हो पाती है। आजकल तो विदेशी अध्येताओं की रुचि के कारण तन्त्रशास्त्र की धाक देश-विदेश में पुन: फैलने लगी है। इस तन्त्रशास्त्र के मूर्धन्य विद्वान् और भारत प्रसिद्ध ग्रन्थकार गोस्वामी शिवानन्द की कृतियाँ शायद इसी कारण पिछली अर्धशती में पुन: प्रकाश में आई हैं। यह विद्वान् विभिन्न राज्यों से होते हुए राजस्थान में आ बसा था जहाँ आज भी इसके लिखे बीसियों शास्त्रीय ग्रन्थ विभिन्न ग्रन्थागारों में उपलब्ध हैं।

अब तो इस विद्वान् के बहुत-से ग्रन्थ प्रकाशित भी हो गये हैं और उनकी जानकारी देश-विदेश में फैली है जिनमें तन्त्रशास्त्र, व्याकरण, ज्योतिष, वैद्यक, धर्मशास्त्र, शब्दकोष, साहित्य, काव्य, स्तोत्र, सभी विद्वायों के चालीस-पचास ग्रन्थ हैं। इन ग्रन्थों के अतिरिक्त भी अनेक कृतियाँ और हो सकती हैं जो मध्यप्रदेश या राजस्थान के किसी ग्रन्थागार में रखी हों। गोस्वामी शिवानन्द ने शिरोमणि नाम से भी अनेक ग्रन्थ लिखे थे।

वंश परम्परा

शिवानन्द गोस्वामी सत्रहवीं सदी में पैदा हुए थे और इन्होंने ग्रन्थ रचना ईसा की सत्रहवीं सदी के उत्तरार्ध में की। ये अपने जीवकाल में मध्यप्रदेश के चन्देरी राज्य तथा राजस्थान के बीकानेर और आमेर राज्यों के राजाओं के गुरु रहे, उनके द्वारा सम्मानित और भूसम्पत्ति से समृद्ध होकर उनके अनुरोध पर इन्होंने ग्रन्थ रचना की। इनका वंश दक्षिण भारत से उत्तर भारत में आकर बसा था। इस वंश में संस्कृत के विद्वान्, शास्त्रकार और उत्कृष्ट कवि हर पीढ़ी मेंहुए। यह परिवार द्रविड़ देश अर्थात् तमिलनाडु व आन्ध्रप्रदेश व कांचीपुरी के दक्षिण में पाणिंपट्ट नामक नगर का निवासी था जिसमें शास्त्रों के ज्ञाता समरपुंगव दीक्षित, *वैद्य चन्द्रोदय* और *यात्रा प्रबन्ध चम्पू* आदि के रचनाकार तिरुम्मल दीक्षित, *यशस्तिलक चम्पू* के रचयिता श्री निकेतन आदि विद्वान् हुए।

इन श्री निकेतन के पुत्र थे श्रीनिवास गोस्वामी जो तन्त्रशास्त्र के अप्रतिम विद्वान् थे। इन्होंने *शिवार्चन चन्द्रिका, सौभाग्य रत्नाकर, सपर्याक्रमकल्पवल्ली* आदि अनेक ग्रन्थ लिखे। ये शक्ति के उपासक, चमत्कारी साधक और सशस्वी लेखक थे।

ये पहले विद्याध्ययन के लिए काशी गये। फिर जालन्धर पीठ नामक शक्तिपीठ में साधना करने गये। ये दक्षित भारत से उत्तर भारत में आकर बस गये। तभी से यह परिवार उत्तर भारतीय बन गया। ये तन्त्रशास्त्री होने के नाते विद्यानन्दनाथ नाम से प्रसिद्ध हुए। इनकी प्रशस्ति अनेक विद्वानों ने लिखी है—

तत्सूनुः श्रीनिवासः सकलनिगमवित् सर्वशास्त्रार्थवेत्ता,
श्रौतस्मार्तेषु कर्मस्वतिशयनिपुणः सत्कविः स्वीयदेशान्।
पीठं जालन्धराख्यं प्रकटितविभवं प्राप्य यात्राप्रसङ्गात्,
तत्र श्रीसुन्दराख्यं सकलगुणनिधिं प्राप सद्देशिकेन्द्रम्।।

इन्हीं श्रीनिवास के पुत्र थे जगन्निवास जिनके पुत्र शिवानन्द अद्भुत वैदुष्य के धनी ग्रन्थकार और शास्त्रलेखक हुए। स्वयं जगन्निवास भी बड़े साधक और लेखक थे। इन्होंने *शिवार्चन चन्द्रिका* आदि तन्त्रशास्त्रीय ग्रन्थ लिखे। इन्हें बुन्देलखंड के चंदेरी राज्य के राजा देवीसिंह काशी से अपनी राजधानी ले गये जहाँ जागीर देकर इन्हें बसाया और राजगुरु बनाया।

राजा देवीसिंह अपने गुरु जगन्निवास के पुत्र शिवानन्द गोस्वामी की प्रतिभा, विद्वत्ता और तन्त्रसाधना से बहुत प्रभावित हुए। देवीसिंह के अनुरोध पर शिवानन्द गोस्वामी ने अनेक ग्रन्थ लिखे जिनमें व्याकरण, धर्मशास्त्र, ज्योतिष, तन्त्रशास्त्र आदि के प्रतिपादक महत्त्वपूर्ण आधारग्रन्थ शामिल हैं। शिवानन्द की विद्वत्ता और लेखकीय प्रतिभा की प्रशंसा अनेक लेखकों ने की है।

शिरोमणि शिवानन्द

तत्सूनुः शास्त्रचर्चाचतुरतममतिस्तन्त्रमन्त्रैकवेत्ता,
छेत्ता यः संशयानां निजचरणपयोजन्मपूजापराणाम्।
सर्वोर्वीपाल–भास्वन्मुकुटगतमहारत्न–नीराजिताङ्घ्रिः,
भूयो दानैकतानोऽभवदवनितले श्रीशिवानन्दनामा।

इन शिवानन्द गोस्वामी को शिरोमणि भी कहा जाता था। इनकी विद्वत्ता की ख्याति जब देश में फैलने लगी तो विभिन्न राज्यों के राजाओं ने इन्हें सम्मानित कर अपने राज्य में बुलवाया। चन्देरी के राजा देवीसिंह के पुत्र दुर्गसिंह भी इनका सम्मान करते थे किन्तु इन्हें जब बीकानेर नरेश अनूपसिंह और जयपुर नरेश विष्णुसिंह ने बुलाया और जागीरें देकर अपने राज्य में बसाना चाहा तो वे मना नहीं कर सके। शिवानन्द गोस्वामी दोनों ही राजवंशों के गुरु हो गये। बीकानेर और जयपुर दोनों नगरों में इन्होंने कुछ समय तक निवास किया और ग्रन्थ लिखे।

बीकानेर से शिवानन्द जी को आमेर नरेश महाराजा विष्णुसिंह अपना गुरु बनाकर आमेर ले आए। इन्हीं विष्णुसिंह जी के पुत्र सवाई जयसिंह ने जयपुर बसाया था। उससे पूर्व यहाँ की राजधानी आमेर ही थी। आमेर

के राजा विष्णुसिंह देवी के भक्त थे, शाक्ततन्त्र में रुचि रखते थे और मन्त्रसाधना करते थे। उन्होंने विधिवत् शिवानन्द को अपना गुरु बनाया, उनकी चरणपूजा की, उनसे दीक्षा दी। इसका प्रामाणिक विवरण श्रीकृष्ण भट्ट कवि कलानिधि ने अपने ऐतिहासिक महाकाव्य *ईश्वरविलास* में दिया है।

आम्बेरेश्वरविष्णुसिंहनृपतिः पूर्णाभिषिक्तो गुरुं,
पञ्चग्रामवरान् समर्प्य चरणात्तौं तस्य भक्त्याऽकरोत्।
तेनाऽभ्यर्चितपादपद्मयुगलः श्रीमान् शिवानन्दनो,
देवाराधनसिद्धिदां क्षितिमिमां मत्वान्वगृह्णान्नृपम्।।

अर्थात् विष्णुसिंह ने पाँच गाँवों की भेंट देकर शिवानन्दजी की चरणपूजा की। उन्होंने भी राजा का पूर्णाभिषेक किया, मन्त्र दिया और आशीर्वाद दिया कि यह भूमि साधना के अनुकूल है, तुम्हें सिद्धि प्राप्त होगी।

जयपुर बसने से पूर्व आमेर के राजा विष्णुसिंह ने शिवानन्द जी को जो पाँच गाँव दिये वे जयपुर के पास ही अजमेर रोड पर थे। स्वतन्त्रता से पूर्व तक उन पर शिवानन्द जी के वंशज गोस्वामियों का ही आधिपत्य था। इनमें से एक गाँव 'महापुरा' में आज भी इनकी स्मृति में एक बस्ती शिवानन्दपुरी नाम से स्थापित है और एक स्नातक महाविद्यालय गोस्वामी शिवानन्द राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के नाम से चल रहा है। इसकी स्थापना इनके वंशज संस्कृत विद्वाना गोस्वामी हरिकृष्ण शास्त्री ने की थी।

गोस्वामी हरिकृष्ण शास्त्री स्वयं संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान् एवं कवि थे। इनके लिखे अनेक ग्रन्थ, काव्य, कथासंग्रह आदि प्रकाशित हो चुके हैं। इन्होंने स्वामी रामानन्दाचार्य के जीवन पर '*आचार्यविजयः*' नामक जो ग्रन्थ लिखा वह अनेक प्रकाशन संस्थानों से प्रकाशित हो चुका है। शिवानन्द गोस्वामी के वंशजों में तन्त्रशास्त्र की वैदुष्य परम्परा बराबर चलती रही है इसका विवरण में दिया जा सकेगा। इससे पूर्व गोस्वामी शिवानन्द जी के लिखे तन्त्र ग्रन्थों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया जा रहा है।

ग्रन्थ परम्परा

शिवानन्द गोस्वामी के लिखे लगभग चालीस ग्रन्थों की जानकारी अब तक प्राप्त हुई है। इनका क्षेत्र इतना विशाल है कि इसमें तन्त्रशास्त्र, धर्मशास्त्र, व्याकरण, ज्योतिष, आयुर्वेद, शब्दकोष, स्तोत्र साहित्य सभी आ जाते हैं। संस्कृत वाङ्मय को इनके योगदान का सर्वोत्कृष्ट प्रतिनिधि ग्रन्थ है—*सिंहसिद्धान्त सिन्धु* जिसे तन्त्रशास्त्र का विश्वकोष कहा जा सकता है।

इसमें 92 अध्यायों में सब तरह के मन्त्रों की जानकारी दी गई है, सब तरह के देवताओं की पूजा पद्धति है, दैनिकचर्या के विधान हैं, होम और पाठ के प्रकार हैं। किस कामना से किस देवता की साधना की जाती है और किस कार्य की सिद्धि के लिए कौन-से मन्त्र जपे जाते हैं इसका विवरण है, पुरश्चरण का, दीक्षा लेने

का, यन्त्र आदि बनाने का विधान बताया है। इस प्रकार इसमें 268 प्रकरण हैं, पैंतीस हजार से अधिक श्लोक हैं। इसमें जिन ग्रन्थों, ग्रन्थकारों और स्रोतों के उद्धरण और संदर्भ हैं उनकी संख्या है दो सौ इक्यासी (281)। इससे इस ग्रन्थ की विशालता का और विषयवस्तु के व्यापक फलक का अनुमान किया जा सकता है। स्वयं ग्रन्थकार ने इस ग्रन्थ का महत्त्व बतलाया है—

गुरुचरणसरोजानुग्रहप्राप्यबोधः, श्रवणजनितभक्तस्वान्तभूरिप्रमोदः।
निखिलमनुरहस्योद्बोधकोयं निबन्धो, जयतु जगति नाम्ना सिंहसिद्धान्तसिन्धुः।

अर्थात् वैसे तो गुरु की कृपा से ही सिद्धि प्राप्त होती है किन्तु इस ग्रन्थ में समस्त मन्त्रों का विधान और रहस्य बतला दिया गया है जिसके पढ़ने और सुनने से हृदय प्रबुद्ध हो जाता है। यह *सिंहसिद्धान्तसिन्धु* नामक ग्रन्थ विश्वविजयी होगा।

इसका नाम सिंहसिद्धान्तसिंधु तो रखा गया है चन्देरी के राजा देवीसिंह के अनुरोध पर समस्त तन्त्र सिद्धान्तों का समुद्र इसे बतलाने के लिए किन्तु यह तन्त्रशास्त्र और मन्त्रशास्त्र का सन्दर्भ ग्रन्थ है जिसकी प्रतियाँ राजस्थान के सभी प्रमुख ग्रन्थागारों में उपलब्ध हैं। शिवानन्द गोस्वामी चन्देरी से बीकानेर आए थे अत: इसकी अनेक प्रतियाँ बीकानेर की अनूप संस्कृत लायब्रेरी में हैं जो बीकानेर के राजा अनूपसिंह जी के नाम पर सदियों से स्थापित है।

यह ग्रन्थ अब राजस्थान सरकार के शोध संस्थान राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर से चार भागों में प्रकाशित हो गया है। सन् 1674 में लिखा यह ग्रन्थ देश-विदेश के शोधार्थियों में सुपरिचित और सम्मानित है।

गोस्वामी शिवानन्द को राजस्थान के उन तीन तन्त्रशास्त्रीय ग्रन्थकारों में अग्रणी माना जाता है जिन्होंने संस्कृत में उत्कृष्ट काव्य रचना भी की है और तन्त्रशास्त्र के आकार ग्रन्थ अर्थात् विश्वकोषीय सन्दर्भ ग्रन्थ भी लिखे हैं। *सिंहसिद्धान्तसिन्धु* की तरह तन्त्रशास्त्र का विशाल सन्दर्भ लिखने वाले एक अन्य विद्वान् थे पं. सरयूप्रसाद द्विवेदी जिन्होंने *आगमरहस्य* नामक ग्रन्थ में तन्त्रशास्त्र की पूरी जानकारी दी है। ये बहुत परवर्ती थे और पूर्वी उत्तर प्रदेश के विद्वान् थे। भरतपुर में आकर रहे आचार्य अमृत वाग्भव भी तन्त्रशास्त्री और कवि थे। इन सबसे सदियों पूर्व हुए शिवानन्द गोस्वामी ने जितने तन्त्रशास्त्र के ग्रन्थ लिखे उतने ही अन्य शास्त्रों के भी।

सिंहसिद्धान्तसिन्धु में केवल शक्तिपूजा के मन्त्र ही हों सो बात नहीं है। तन्त्रशास्त्रीय पद्धति से गणपति, सूर्य, नवग्रह, हरिहर, नारायण, वासुदेव, लक्ष्मी, हयग्रीव, वराह, नृसिंह, राम, हनुमान, कामदेव, उमा, महेश्वर, दक्षिणामूर्ति, मृत्युंजय, बटुकभैरव, सरस्वती, अन्नपूर्णा आदि की उपासना की जाए तो इनके मन्त्र

क्या होंगे—साधना के क्या प्रकार होंगे, पूजा कैसे की जाएगी यह सब शिवानन्दजी ने विस्तार से बताया है। खड्गरावणमन्त्र, क्षेत्रपालमन्त्र, चिन्तामणिमन्त्र आदि दुर्लभ और अज्ञात मन्त्र भी इसमें समाहित हैं।

तन्त्रशास्त्र सदियों से गोपनीय रखा जाता था। जिसके पास कोई तन्त्रशास्त्र का ग्रन्थ होता वह उसके बारे में किसी से भी चर्चा नहीं करता था किन्तु चन्देरी के राजा देवीसिंह के अनुरोध पर उस सब गोपनीय साधना का विवरण देकर शिवानन्द गोस्वामी ने जो कार्य किया उसकी ख्याति सारे देश में तत्काल फैल गई।

तभी तो बीकानेर के राजा अनूपसिंह ने इन्हें अपना गुरु बनाकर बुलाया। शिवानन्द जी कुछ समय बीकानेर रहे। उनके एक पौत्र बीकानेर में ही बस गये थे जिनके वंशज आज भी वहाँ बसे हुए हैं, राजसम्मानित और पर्याप्त भूसम्पत्ति के स्वामी होने के नाते सदियों से नगर में उनका सम्मान है। शहर के बीच एक मोहल्ला गोस्वामी चौक नाम से प्रसिद्ध है।

बीकानेर की अनूप लायब्रेरी में शिवानन्द जी के अनेक ग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ आज भी सुरक्षित हैं। *सिंहसिद्धान्तसिन्धु* की पांडुलिपियाँ तो पूरे देश में फैली हुई थीं। आफ्रेक्ट ने पांडुलिपियों का जो विशाल सूची पत्र कैटेलागस कैटेलोगेरस नाम से बनाया था उसमें *सिंहसिद्धान्तसिन्धु* की पाण्डुलिपि भी अंकित है।

गोस्वामी शिवानन्द के रचना संसार का फलक आश्चर्यजनक रूप से व्यापक और विशाल है। उन पर शोध करके विस्तृत लेखन करने वाले विद्वान् संस्कृत शिक्षा के राजस्थान सरकार में निदेशक रहे श्री के. माधवकृष्ण शर्मा ने उनके 35 ग्रन्थों पर परिचयात्मक लेखन कर के बताया है कि उन्होंने 10-12 शास्त्रों के ग्रन्थ लिखे थे।

धर्मशास्त्र के ग्रन्थों में *आह्निक रत्न, तिथिनिर्णय, व्यवहारनिर्णय, आचारसिन्धु, संक्षेप प्रायश्चित्त* आदि 6-7 ग्रन्थ तो बीकानेर के अनूप संस्कृत पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। इसी ग्रन्थागार में *मुहूर्तरत्न, आख्यानविवेक, बालविवेक, खेचरतुंगादि प्रकाशिका* आदि ज्योतिष के ग्रन्थ भी शिवानन्द जी के लिखे संगृहीत हैं। व्याकरण के इन्होंने 6-7 ग्रन्थ लिखे जिनमें *कारककोश, सिंहसिद्धान्तदीपिका, तद्धितकोश, समासकोश, स्त्रीप्रत्ययकोश* आदि उल्लेखनीय हैं।

इन्होंने *गङ्गास्तुति, ईश्वरस्तुति, दुर्गास्तुति, त्रिपुरास्तुति, सौन्दर्यलहरी* आदि जो स्तोत्र लिखे हैं उनसे इनकी संस्कृत काव्य रचना की प्रतिभा भी प्रमाणित होती है। इन ग्रन्थों के अतिरिक्त इन्होंने आयुर्वेद का भी एक ग्रन्थ *वैद्यरत्नम्* शीर्षक से लिखा था जो वेंकटेश्वर प्रेस मुंबई से टीकासहित प्रकाशित हो चुका है।

शिवानन्द गोस्वामी शिरोमणि का सर्वाधिक विपुल अवदान मन्त्रशास्त्र को है जिसमें इनके लिखे 8-10 अत्यन्त उच्चकोटि के सन्दर्भ ग्रन्थ माने जाते हैं। इनमें सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ *सिंहसिद्धान्तसिन्धु* तो विश्वविदित है ही, उसके अतिरिक्त *महाविद्याप्रमोदलहरी, ललितार्चनदीपिका, ललितार्चनकौमुदी,*

श्रीविद्यार्चनदीपिका आदि ग्रन्थों में इन्होंने त्रिपुरसुन्दरी महाविद्या की उपासना का विधान बताया है। दस महाविद्याओं में प्रमुख त्रिपुर सुन्दरी को ललिता भी कहा जाता है।

वंशज

अनेक शास्त्रों और विद्याओं के पारंगत मनीषी शिवानन्द गोस्वामी सत्रहवीं सदी के अन्त में राजस्थान आकर बस गए थे। तभी से इनके वंशज राजस्थान के स्थायी निवासी हो गए। ये जयपुर और बीकानेर इन दो राजवंशी रियासतों के राज्यों में दो शाखाओं में फैले हुए हैं क्योंकि शिवानन्दजी के पुत्र श्री निकेतन जी के दो पुत्रों में से एक रमारमण जी जयपुर में स्थायी रूप से आकर बए गए थे और दूसरे राधारमण जी बीकानेर में राजसम्मानित होकर रहने लगे थे। इन परिवारों में भी तन्त्रशास्त्र की परम्परा निरन्तर चलती रही। राधारमण जी के वंशज भूऋषि गोस्वामी प्रसिद्ध तन्त्रशास्त्री हुए। इस वंश ने राजस्थान में तन्त्रशास्त्र को विशिष्ट अवदान दिया है वह इतिहास में अभिलिखित है। जब भी तन्त्रशास्त्र की परम्परा का उल्लेख होगा, गोस्वामी शिवानन्द जी का नाम उसमें स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा यह स्पष्ट ही है।

पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान संस्कृत अकादमी तथा
पूर्व निदेशक संस्कृत शिक्षा एवं भाषाविभाग, राजस्थान सरकार
सी-8 पृथ्वीराज रोड, जयपुरम्-302001

आगमोक्त गुरुस्तोत्र विमर्श

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

आगमोक्त गुरुस्तोत्रों को ब्राह्ममुहूर्त में साधक पढ़कर दैनिक पूजा का प्रारम्भ करते हैं। वस्तुत: गुरुस्तोत्र का पठन, मनन एवं ध्यान गुरूपदिष्ट होता है। आगमोक्त तीन गुरुस्तोत्रों का भावार्थ इस लेख में विवेचित किया गया है—(1) श्रीगुरुपञ्चक, (2) श्रीगुरुपादुकापञ्चक, तथा (3) गुरुस्तवराज। साधक इस मार्ग पर चलने हेतु अनिवार्य रूप में इन स्तोत्रों के विधान को अपनाये क्योंकि गुरु-इष्टदेवता तथा मन्त्र वास्तव में तीन नहीं है अपितु एक ही है। अत: यह कार्य साधना के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

आनन्दमानन्दकरं प्रसन्नं ज्ञानस्वरूपं निजबोधरूपम्।
योगीन्द्रमीड्यं भवरोगवैद्यं श्रीमद्गुरुं नित्यमहं भजामि।।

हे मेरे गुरुवर आप आनन्दमय हो, आनन्द को करने वाले हो। आप प्रसन्न मुख हो, ज्ञानस्वरूप तथा स्वयं के बोधरूप हो। हे योगीन्द्र! पूज्य! भवरोग के चिकित्सक वैद्य! गुरुवर! मैं आपको नित्य भजता हूँ।

श्रीगुरुपञ्चकम्

नमस्ते नाथ भगवन् शिवाय गुरुरूपिणे।
विद्यावतार संसिद्ध्यै स्वीकृतानेकविग्रह।।1।।

हे शिवरूप स्वामिन् गुरुरूपी भगवन् आपको नमस्कार करता हूँ। आप विद्या के अवतार हो, सिद्धि प्रदान करने के लिए अनेक विग्रहों (रूप) को धारण करते हो।

नवाय नवरूपाय परमार्थस्वरूपिणे।
सर्वाज्ञानतमो-भेद-भानवे चिद्घनाय ते।।2।।

आप नूतन, नवरूप तथा परमार्थ स्वरूपी हो। सभी तरह के अज्ञानरूपी अन्धकार को नष्ट करने वाले सूर्य हो। आप ज्ञानघन (ज्ञान के बादल) हो। आपको नमस्कार करता हूँ।

स्वतन्त्राय दयाकृप्त-विग्रहाय शिवात्मने।
परतन्त्राय भक्तानां भव्यानां भव्यरूपिणे।।3।।
विवेकिनां विवेकाय विमर्शाय विमर्शिनाम्।
प्रकाशानां प्रकाशाय ज्ञानिनां ज्ञानरूपिणे।।4।।

आप स्वतन्त्र, दयावान् विग्रह एवं शिवस्वरूपी हो, भक्तों के वश में होने वाले हो। आप भव्यों के भव्य हो, विवेकियों के विवेक हो तथा विमर्शन कर्ताओं के विमर्श हो तथा प्रकाशों के भी प्रकाश हो।

पुरस्तात् पार्श्वयोः पृष्ठे नमस्कुर्यामुपर्यधः।
सदा मच्चित्तरूपेण विधेहि भवदासनम्।।5।।

सामने से, अगल से, बगल से, ऊपर से एवं नीचे से सब तरफ से मैं आपको प्रणाम करता हूँ। सदा आप मेरे चित्त में अपना आसन जमाये।

इत्येवं पञ्चभिः श्लोकैः स्तुवीत यतमानसः।
प्रातः प्रबोध-समये जपात् सुदिवसं भवेत्।।6।।

इस प्रकार प्रातःकाल उठकर इन पाँच श्लोकों से ध्यान लगाकर स्तुति करे। इसके जप करने पर वह दिवस अच्छे दिवस में परिणत हो जाता है। यह इस स्तोत्र की महिमा है।

श्रीगुरुपादुकापञ्चकम्

श्रीविद्या साधक ब्राह्म मुहूर्त में सर्वप्रथम प्रातः स्मरण से गुरुवन्दना एवं ध्यान हेतु 'श्रीगुरुपादुकापञ्चकम्' स्तोत्र का पाठ करके गुरु, परमगुरु एवं परमेष्ठिगुरु की पादुका पूजन की भावना करते हैं। यह स्तोत्र पञ्चवक्त्र-शिव के द्वारा प्रोक्त है। इसका गम्भीर रहस्य साधकों के लिए अवश्य ज्ञातव्य है। इसलिये इसका भावानुवाद हिन्दी भाषा के माध्यम से प्रकट किया जा रहा है। इस स्तोत्र के गम्भीरार्थ को सुस्पष्ट करने हेतु पं. कालिचरण ने अमला संस्कृत टीका लिखी जिसका अनुवाद पं. कृष्णानन्द बुधौलिया ने किया था। यह ग्रन्थ श्री पीताम्बरा संस्कृत परिषद्, दतिया से विक्रम संवत् 2042 में प्रकाशित हुआ है। इसका नाम है *'गुरुतत्त्वम् एवं पादुका पञ्चकम्'।* इस व्याख्या के अनुसार संक्षिप्त रूप में स्तोत्र का सरलार्थ एवं भावार्थ इस निबन्ध में प्रस्तुत है। विस्तार से जानने के लिए जिज्ञासु उक्त ग्रन्थ का अवलोकन करे।

जीवन की भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति का हेतु गुरु कृपा ही होती है। तन्त्रसाधना में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना जाता है। गुरु, मन्त्र एवं देवता में ऐक्य स्थापित होना ही साधना का प्रधान लक्ष्य होता है। अतः ब्राह्म मुहूर्त में सर्वप्रथम साधक को गुरु स्तोत्रों को ध्यान मग्न होकर पढ़ना एवं समझना चाहिए। श्रीविद्यासाधना में 'श्रीगुरुपादुकापञ्चकम्' को पढ़ने की अनिवार्य परम्परा है, जिसका भावार्थ इस प्रकार है।

ब्रह्मरन्ध्रसरसीरुहोदरे नित्यलग्नमवदातमद्भुतम् ।
कुण्डलीविवरकाण्डमण्डितं द्वादशार्णसरसीरुहं भजे।।1।।

ब्रह्मरन्ध्र के कमल अर्थात् सहस्रार चक्र के मध्यम में द्वादश वर्णों से मण्डित एक कमल जुड़ा हुआ है। यह गुरु का स्थान है। यह सर्वदा नित्य, लग्न (जुड़ा हुआ है), अवदात (शुक्लवर्ण) अद्भुत एवं कुण्डली के विवरकाण्ड से मण्डित द्वादश वर्णात्मक कमल है जो उपासकों के लिए भजनीय है। सहस्रार कमल अधोमुख

है। द्वादश दल के कमल में ये द्वादश वर्ण अङ्कित है—हस्ख्फ्रें हसक्षमलवरयूं। अत: इसे द्वादशवर्ण कमल कहते हैं—वस्तुत: यह शिव गुरु का रहने का आसन स्थान है अत: साधक के लिए सर्वथा वन्दनीय है।

तस्य कन्दलितकर्णिकापुटे क्लृप्तरेखमकथादिरेखया।
कोणलक्षितहळक्षमण्डलीं भावलक्ष्यमबलालयं भजे।।2।।

अब कमल की कर्णिका के मध्य में त्रिकोण में गुरु का ध्यान लगाना चाहिये। यहाँ तीन रेखाएँ हैं जो अ, क तथा थ से प्रारम्भ होती है। इनके कोणों पर ह, ळ तथा क्ष अंकित है। इस त्रिकोण को भावना से लक्ष्य किया (देखा) जाता है जिसमें अबला अर्थात् शक्ति का आलय अर्थात् गृह है जिसको मैं भजता हूँ। वस्तुत: अबला यहाँ काम कला शक्ति का द्योतक है। इसके तीन बिन्दुओं से वामा, ज्येष्ठा तथा रौद्री तीन रेखाएँ अङ्कुरित होती है जो कि काम कला का स्वरूप है। इसे ही त्रिबिन्दु, त्रिशक्ति, त्रिमूर्ति भी कहा गया है। अबलालय नामक त्रिकोण अ, क, थ आदि तीन रेखाओं से मण्डित है। प्रथम वाम रेखा में 16 वर्ण—अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अ: षोडश स्वर है। द्वितीय ज्येष्ठा रेखा है जिसमें 16 वर्ण—क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ ड ढ ण त हैं। तृतीय रौद्री रेखा में थ द ध न प फ ब भ म य र ल व श ष स—ये 16 वर्ण हैं। अकार से विसर्ग पर्यन्त ब्रह्मरेखा है जो प्रजापति के रूप में है। ककार से तकार रूप पर्यन्त विष्णु रेखा है तथा थकार से शिव पर्यन्त शिव रेखा है। इस प्रकार तीन रेखा से मण्डित त्रिकोण ब्रह्मा-विष्णु एवं शिव स्वरूप है। इन्हें त्रिगुणात्मक भी तन्त्रों में माना गया है। त्रिकोण के भीतर ह, ळ, क्ष इन तीन वर्णों का अवस्थान है जो रेखाओं के बिन्दु के अङ्कुर स्थान है। इस प्रकार के शक्ति के घर रूपी त्रिकोण को मैं भजता हूँ।

तत्पुटे पटुतडित्कडारिमस्पर्द्धमानमणिपाटलप्रभम् ।
चिन्तयामि हृदि चिन्मयं वपुर्नादबिन्दुमणिपीठमुज्ज्वलम्।।3।।

उस त्रिकोण के अन्तर्गत मणिपीठ के ऊपर गुरु का चिन्मय शरीर स्वरूप का हृदय में ध्यान करता हूँ। मणिनिर्मित पीठ (सिंहासन) नाद एवं बिन्दु से युक्त है। नाद का वर्ण शुक्ल है बिन्दु का वर्ण रक्त है। पराशक्तिमय बिन्दु तीन भागों में विभक्त होता है जिसके तीन नाम हैं—बिन्दु, नाद और बीज। यह *शारदातिलक* में परिभाषित है—

पराशक्तिमय: साक्षात् त्रिधाऽसौ भिद्यते पुन:।
बिन्दुर्नादो बीजमिति तस्य भेदा: समीरिता:।।

अत: नाद का वर्ण शुक्ल है तथा बिन्दु का वर्ण रक्त है तथा उनके मध्य स्थित मणिपीठ का वर्ण पिङ्गल (पीला) विद्युत् (बिजली) की तरह चमकता हुआ है। अत: त्रिकोण में नाद, बिन्दु तथा मणिपीठ तीनों पृथक् है। इनको ही वह्नि, चन्द्र तथा सूर्य नाम से सम्बोधित किया गया है।

ऊर्ध्वमस्य हुतभुक्शिखात्रयं तद्विलासपरिबृंहणास्पदम्।
विश्वघस्मरमहोच्चिदोत्कटं व्यामृशामि युगमादिहंसयोः।।4।।

त्रिकोण के अधोभाग में नाद, ऊर्ध्व भाग में बिन्दु तथा मध्य में अति प्रकाशमान तडित् के सदृश पिङ्गल वर्ण का मणिपीठ है जो गुरु का उज्ज्वल सिंहासन है। उस पर आसीन रजताचल सदृश गुरु का ध्यान करता हूँ। यहाँ नाद, बिन्दु तथा मणिपीठ के मण्डल को चिन्मय अर्थात् ज्ञानमय कहा गया है।

हंस पीठ के ऊपर नाद एवं बिन्दु के मध्य स्थित मणिपीठ के ऊर्ध्व त्रिकोण में श्री गुरु का अधिवास होता है जो कि कामकला रूप त्रिकोण के ऊर्ध्व भाग में स्थित है। अत: हंस ज्ञान के लिए हंस एवं त्रिकोण का ज्ञान आवश्यक है। मणिपीठ के ऊपर त्रिकोण की तीन रेखाओं में अग्नि, सूर्य तथा चन्द्र का विमर्श होता है। इनके प्रकाश में मणिपीठ प्रकाशित होता है तथा इसका प्रतिबन्धक सांसारिक विषय रूप चिन्ता का त्याग कर सूर्य, चन्द्र तथा अग्निरूप शिखात्रय की दृढतर भावना मैं करता हूँ। बह्नि बिन्दु की अङ्कुरभूत वामरेखा, चन्द्रबिन्दु की अङ्कुरभूत ज्येष्ठ रेखा तथा सूर्य की अङ्कुरभूत रौद्रीरेखा है। इन तीन बिन्दुओं से मिलकर यह कामकला का त्रिकोण सुरचित है। यही क्रमश: ब्रह्मा, विष्णु तथा रुद्र है। इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया कहे अथवा अग्नि, सूर्य तथा चन्द्र कहे एक ही बात है। इसी से सृष्टि, स्थिति तथा संहार होता है। इन पाँच पादुकाओं पर आधारित हंस पद है। जहाँ परम गुरु का स्थान है। यह सगुण स्वरूप है। हंस यह दो पद है। 'अहं स:' का संक्षेप 'हंस' है। यहाँ ऐक्य रहते हुए कुछ वासनाएँ शेष रहती है अत: हंस पद को त्रिकोण के भीतर दिखलाया गया है। 'हं' पुरुष का वाचक है 'स:' प्रकृति है अत: हंस पद प्रकृति पुरुषात्मक है—

हंकारो बिन्दुरित्युक्तो विसर्ग: स इति स्मृत:।
बिन्दु: पुरुष इत्युक्तो विसर्ग: प्रकृति: स्मृत:।।
पुं प्रकृत्यात्मको हंसस्तदात्मकमिदं जगत्।।

इस हंस पद पर पहुँच कर साधक का परं शिव से एकाकार होता है। यह ऐक्य ही अमृतात्मक सरोवर है। यहाँ अज्ञान से उत्पन्न मोहान्धकार दूर हो जाता है तथा शिव से अभेदात्मक स्वात्मज्ञान उत्पन्न होता है।

मणिपीठ के ऊपर अग्नि, सूर्य तथा चन्द्र के त्रिकोण की दृढतर भावना करनी चाहिए। विश्व को ग्रसने के कारण अग्नि ही वह्नि कही गई है क्योंकि यह समस्त विश्व को भस्मसात् करती है। इसलिए हुतभुक् आदि शिखात्रय कहते हैं।इनके विलास प्रकाश से परिवर्द्धित होने से मध्य में आदि हंस का युग है जो कि विश्व का भक्षक तथा महाप्रकाश स्वरूप है अत: सर्वाधिक बलवान् है। अथवा हंस के महाप्रकाशात्मक स्वरूप से विश्व के अविद्या या अन्धकार स्वरूप का सर्वथा नाश हो जाता है। शक्ति के त्रिकोणात्मक स्वरूप हंस के सामरस्यात्मक परमात्मा रूप से आविर्भाव होता है तथा जो कि हंस के इसी परमात्म रूप में विलय हो जाता है अत:मैं उस आदि हंस के युग की भावना करता हूँ।

तत्र नाथचरणारविन्दयोः कुङ्कुमासवपरीमरन्दयोः ।
द्वन्द्वबिन्दुमकरन्दशीतलं मानसं स्मरति मङ्गलास्पदम्।।5।।

पूर्व पद्य में गुरु के चरणारबिन्द के अधिकरणभूत आधारपीठ के निरूपण के पश्चात् इस श्लोक में ध्यान योग्य की सूचना दी गई है। मैं मणिपीठमण्डल पर विराजमान गुरु के चरणों का ध्यान करता हूँ। 'चरणारविन्दयोः' का विशेषण है 'कुङ्कुमासवपरीमरन्दयो' श्रीनाथ के चरणारविन्द से कुङ्कुम अर्थात् लाक्षारस के समान आभा से युक्त परमामृतरूपी मकरन्द जिन चरणों से झरता है। जिन चरणयुगलों का मकरन्द चन्द्रमा की किरणों से अनुस्यूत अमृत के समान शीतल है अर्थात् भक्तजनों के उत्तप्त मानस को शान्त करता है। जिन चरणों के ध्यान से दुःख एवं ताप की शान्ति होती है उन चरणों के स्मरण से मङ्गल अर्थात् अभिप्रेत अर्थ की सिद्धि प्राप्त होती है अर्थात् उनके चरणों में मन को लगाने से सर्वाभीष्ट की सिद्धि होती है। उन चरणारविन्द युगल को मन से स्मरण करता हूँ।

निषक्तमणिपादुका-नियमिताघकोलाहलं,
स्फुरत्किसलयारुणं नखसमुल्लसच्चन्द्रकम्।
परामृतसरोवरोदितसरोजसद्रोचिषं,
भजामि शिरसि स्थितं गुरुपदारविन्दद्वयम्।।6।।

इससे पूर्व पद्य में पीठ पर स्थित सहस्रार में गुरु पदारविन्द द्वय का ध्यान करने का आदेश है। इस पद्य में कहा है मणिपूर स्थित पादुका पर स्थित गुरु चरणारविन्द के ध्यान से पापों का क्षय हो जाता है अथवा विकल्प से अर्थ है कि वह पादुकाएं जिन में गुरुचरण रूप चिन्तामणि निषक्त है उनके द्वारा पापों का कोलाहल शान्त हो गया है। तात्पर्य यह है कि पञ्च पादुकाओं के ध्यान के पश्चात् गुरु चरणों का चिन्तन करने से पाप नष्ट हो जाते हैं। यहाँ पादुकाएं ध्यान रूप व्यापार के साधन रूप में प्रतिपादित है। गुरुचरण नवीन पल्लवों के समान अरुण है तथा उनके चरण नखों का प्रकाश चन्द्र प्रकाश के समान उज्ज्वल है। परामृत में उदित कमल की सुन्दर कान्ति के समान जिन चरणों की कान्ति है अर्थात् श्री गुरुचरणों से निरन्तर परामृत का प्रवाह होता है शिर में स्थित उन गुरुचरणारविन्दद्वय का भजन करता हूँ।

पादुकापञ्चकस्तोत्रं पञ्चवक्त्राद्विनिर्गतम्।
षडाम्नायफलप्राप्तं प्रपञ्चे चातिदुर्लभम्।।7।।

पादुकापञ्चकस्तोत्र पञ्चवक्त्र शिव के मुखारविन्द से कहा गया है। पादुकापञ्चक के स्तोत्र पाठ से षडाम्नाय के फल की प्राप्ति होती है। प्रकटित सांसारिक प्रपञ्च में यह अति दुर्लभ है।

यह श्लोक फलश्रुति है। चरणों के रक्षाभूत उपकरण का नाम पादुका (खड़ाऊ) है। पादुकाएं यहाँ पाँच निरूपित की गई है। अतः इस स्तोत्र को पादुकापञ्चकम् कहा है। प्रथम पादुका सहस्रदल है, द्वितीय पादुका

सहस्रार में स्थित अकथादि त्रिकोण है, तृतीय पादुका त्रिकोण के अन्तर्गत नाद, बिन्दु एवं मणिपीठ मण्डल है। चतुर्थ पादुका नाद बिन्दु के अध:स्थित हंस कहा गया है तथा मणिपीठ पर कल्पित त्रिकोण पाँचवीं पादुका है। पादुका की संख्या पाँच है। अथवा मतान्तर से इनका विकल्प भी है—1. पद्म, 2. त्रिकोण, 3. नाद-बिन्दु, 4. मणिपीठ मण्डल, 5. ऊर्ध्वस्थ त्रिकोणाकार काम कला के रूप में परिणत हंस। फलश्रुति सहित श्लोकों की संख्या सात है।

यह पञ्चपादुका स्तोत्र पञ्चवक्त्र शिव के मुखों से निर्गत है। *लिङ्गार्चनतन्त्र* में शिव के पाँच मुख इस प्रकार बताए हैं—1. सद्योजात पश्चिमाभिमुख, 2. वामदेव उत्तराभिमुख, 3. अघोर दक्षिणाभिमुख, 4. तत्पुरुष पूर्वाभिमुख एवं ईशान की स्थिति मध्य में है।

सद्योजातं पश्चिमे तु वामदेवं तथोत्तरे।
अघोरं दक्षिणे ज्ञेयं पूर्वे तत्पुरुषं स्मृतम्।।
ईशानं मध्यतो ज्ञेयं चिन्तयेद् भक्तितत्पर:।।

इन मुखों से यह स्तोत्र प्रकट हुआ है। इनसे षडाम्नाय का फल प्राप्त होता है। *शिवतन्त्र* के अनुसार वक्त्रन्यास में छ: विधान है। इनका मन्त्र है 'ॐ हं ह्रीं ओं ह्री तामसाय स्वाहा।' इस प्रकार वक्त्र न्यास के ध्यान के अनुसार नीलकण्ठ नामक छठवां अधोवक्त्र है जो कालकूट के समान है—

नीलकण्ठमधोवक्त्रं कालकूटस्वरूपिणम्।

इस प्रकार शिव के छ: मुख सिद्ध होते हैं। शिवप्रोक्त यह स्तोत्र सभी षड्वक्त्रों का कथन है। प्रत्येक आम्नाय की पूजा में प्रयुक्त मन्त्रों में उनका फल विहित है। जो फल उन स्तोत्रों से प्राप्त होता है वह सम्पूर्ण फल पादुका पञ्चक के ध्यान से होता है। समस्त माया प्रकटित इस संसार में जो-जो दुर्लभ पुण्यजनक कष्टसाध्य तप के फल है वह सब सुलभता से गुरुपादुका के ध्यान मात्र से प्राप्त हो जाते हैं। इस प्रकार इस स्तोत्र की महिमा समझनी चाहिए।

गुरुस्तवराज:

ध्यानम्—

शरच्चन्द्रसमाभासं शरत्पकङ्कजलोचनम्।
ईषद्धासां शारदीयं पूर्णेन्दुसदृशाननम्।
दिव्यास्रगम्बरधरं दिव्यं गन्धानुलेपनम्।
सुरक्तशक्तिसंयुतं वामभागमनोहरम्।
वराभयकराम्भोजसर्वलक्षणलक्षितम्।
सहस्रारे महापद्मे गुरुं शिरसि चिन्तयेत्।।

शरत् चन्द्र के समान श्वेत कमल के से नेत्र थोड़ा मुसकराते हुए शरत् के पूर्ण चन्द्रमा के सदृश मुख कान्तिवाले, दिव्य पुष्प वस्त्र और चन्दन को धारण करे हुए सुन्दर, रक्त वर्ण वाम भाग में मनोहर शक्ति को बैठाये हुए, वर, अभय को धारण करते हुए सर्व लक्षणों से युक्त ऐसे गुरु को अपने शिर के ब्रह्मरन्ध्र वाले सहस्र दल कमल में ध्यान करे।

ॐ ब्रह्मस्थानसरोजमध्यविलसच्छीतांशुपीठे स्थितम् ।
स्फूर्यत्सूर्यरुचिं वराभयकरं कर्पूरकुन्दोज्वलम् ॥
श्वेतस्रग्वसनानुलेपनयुतं विद्युद्रुचाकान्तया।
संश्लिष्टार्द्धतनुं प्रसन्नवदनं वन्दे गुरुं सादरम् ॥1॥

सहस्र दल कमल में स्थित चन्द्र पीठ में बैठे हुए जाज्वल्यमान सूर्य के समान प्रकाशमान वर अभय को धारण करे हुए कपूर, कुन्द के अनुसार प्रभा श्वेत फूलों की माला श्वेत वस्त्र और चन्दन लगाये बिजली के समान कान्ति वाली अर्धाङ्गिनी के साथ गुरु की आदर पूर्वक वन्दना करता हूँ॥1॥

मोहध्वान्तमहावृतां ग्रहवतां चक्षूंषि चोन्मीलयन्।
यश्चक्रे रुचिराणि तानि दयया ज्ञानाञ्जनाभ्यञ्जनैः॥
व्याप्तं यन्महसा जगत्त्रयमिदं तत्त्वप्रबोधोदयम् ।
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थसिद्धिप्रदम् ॥ 2॥

मोह रूप अन्धकार से ग्रसे हुए मनुष्यों के नेत्रों को खोलकर, अपनी दया से ज्ञान के सुरमें से दया करके जिसने रुचिर बना दिया तथा जिसका तेज तीनों जगत् में व्याप्त है तत्त्व का ज्ञान प्रकट करने वाले सब सिद्धि देने वाले शिव स्वरूप अपने गुरु की वन्दना करता हूँ।।2।।

मातङ्गी भुवनेश्वरी च बगला धूमावती भैरवी ।
तारा छिन्नशिरोधरा भगवती श्यामा रमा सुन्दरी ॥
दातुं न प्रभवन्ति वाञ्छित फलं यस्य प्रसादं विना।
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थसिद्धिप्रदम् ॥3॥

मातङ्गी, भुवनेश्वरी, बगला, धूमावती, भैरवी, तारा, छिन्नमस्ता, भगवती काली, लक्ष्मी, त्रिपुरसुन्दरी यह सब जिस गुरु के बिना प्रसन्न हुए वांछित सिद्धि नहीं दे सकतीं ऐसे शिवस्वरूप सब सिद्धि देने वाले अपने गुरु की वन्दना करता हूँ ॥ 3 ॥

काशी-द्वारवती-प्रयागमथुरायोध्यागयावन्तिकाः।
माया-(हरिद्वार) पुष्करकाञ्चिकोत्कलगिरिश्रीशैलविन्ध्यादयः ॥
नैते तारयितुं भवन्ति कुशलाः यस्य प्रसादं विना ।
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थसिद्धि प्रदम् ॥ 4 ॥

काशी, द्वारकापुरी, प्रयाग, मथुरा, अयोध्या, गया, अवन्तिका (उज्जैन) माया (हरिद्वार) पुष्कर, काञ्ची (विष्णु काञ्ची, शिव काञ्ची) उत्कल (उड़ीसा) श्री शैल, विन्ध्याचल यह सब भी शिव समान गुरु की बिना कृपा के तारने को समर्थ नहीं ऐसे सर्व सिद्धि देने वाले निज गुरु की वन्दना करता हूँ॥4॥

रेवा सिन्धु सरस्वती त्रिपथगा सूर्यात्मजा कौशिकी ।
गङ्गासागरसङ्गमाद्रितनया-लोहित्यशोणादयः॥
नालं प्रोक्तफलप्रदानसमये यस्य प्रसादं विना।
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थसिद्धिप्रदम् ॥ 5॥

नर्मदा, सिन्धु, सरस्वती, गंगा, यमुना, कौशिकी, गंगासागर, संगम आद्रितनया, लोहित्य (ब्रह्मपुत्र), शोणभद्रादि यह सब नदियाँ भी जिसके बिना सिद्धि दान करने के विषय में समर्थ नहीं ऐसे शिव स्वरूप सब सिद्धि देने! वाले निज गुरु को वन्दना करता हूँ ॥ 5 ।।

सत्कीर्तिर्विमला यशः सुकविता पाण्डित्यमारोग्यता।
वादे वाक्पटुता कुले चतुरता गाम्भीर्यमक्षोभिता ॥
प्रागल्भं प्रभुता गुणे निपुणता यस्य प्रसादाद्भवेत् ।
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थसिद्धिप्रदम् ॥ 6 ॥

सुन्दर कीर्ति, विमल यश, अच्छी कविता, पंडिताई, आरोग्यता, शास्त्रार्थ में वाक् पटुता, कुल में चतुरता, गम्भीरता, सहनशक्ति, प्रगल्भता, प्रमुख गुण में निपुणता यह सब गुण जिसके प्रसाद से प्राप्त होते हैं जो सब सिद्धि के देने वाले हैं ऐसे शिव स्वरूप निज गुरु की वन्दना करता हूँ। ।।6।।

लोकेशो हरिरम्बिका स्मरहरो मातापिताभ्यागताः।
आचार्यः कुलपूजितो पतिवरो वृद्धस्तथा भिक्षुकः ॥
नैते यस्य तुलां व्रजन्ति कलया कारुण्यवारान्निधेः।
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थसिद्धिप्रदम् ॥ 7॥

इन्द्रादिक, लोकपाल, विष्णु, देवी, महादेव, माता, पिता, अभ्यागत, आचार्य, कुल गुरु, पति श्रेष्ठ, विद्यावृद्ध, तपोवृद्ध, भिक्षुक यह सब जिस करुणा के समुद्र की तुलना करने पर जिसकी एक कला के बराबर भी नहीं हो सकते ऐसे सब प्रकार की सिद्धि देने वाले निज गुरु की वन्दना करता हूँ॥7॥

ध्यानं दैवतपूजनं गुरुतपो दानाग्निहोत्रादयः।
पाठो होमनिषेवनं पितृमखा ह्यभ्यागतार्चा बलिम् ॥
एते व्यर्थफला भवन्ति नियतं यस्य प्रसादं विना।
तं वन्दे शिवरूपिणं निजगुरुं सर्वार्थसिद्धिप्रदम् ॥ 8॥

ध्यान, देव पूजन, तीव्रतप, दान, अग्निहोत्र, पाठ, हवनादिक, श्राद्ध, अभ्यागतों का विविध पूजन, बलिदान यह सब भी जिसके बिना निष्फल होय ऐसे शिव स्वरूप सब सिद्धि देने वाले निज गुरु की वन्दना करता हूँ ॥ 8॥

पूर्वाशाभिमुखीकृताञ्जलिपुटः श्लोकाष्टकं यः पठेत्।
पौरश्चर्यविधिं विनापि लभते मन्त्रस्य सिद्धिं पराम्॥
नो विघ्नैः परिभूयते प्रतिदिनं प्राप्नोति पूजाफलम्।
देहान्ते परमं पदं हि विशते यद्योगिनां दुर्लभम् ॥ 9॥

पूरब की ओर मुख करके हाथ जोड़ता हुआ इन आठों श्लोकों को जो पढ़ता है वह बिना पुरश्चरण किये हुए मन्त्र की सिद्धि को प्राप्त होता है तथा कोई विघ्न न होते हुए पूजा के फल को प्राप्त करता है और अन्त में योगियों को भी दुर्लभ है जो परमपद उसको प्राप्त होता है ।। 9 ।।

वामकेश्वरतन्त्रे पार्वतीश्वरसंवादे गुरुस्तवराजः सम्पूर्णः ॥

वामकेश्वर तन्त्र में कहा गया पार्वती शिव के संवाद में गुरुस्तव संपूर्ण हुआ॥

यह गुरुस्तवराज स्तोत्र शिष्य की सभी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है। गुरु की महिमा के वर्णन से गुरु प्रसन्न होते हैं। उसके सभी विघ्नरूपी संकटों से गुरु तुरन्त रक्षा कर देते हैं। शिष्य की साधना में जो भी कमी होती है वह इस गुरुवन्दना से परिपूर्ण हो जाती है। शिष्य को सम्पूर्ण फल की प्राप्ति होती है। इसलिये तन्त्र साधना में गुरु का माहात्म्य सर्वोपरि सिद्धान्तित किया गया है। शिष्य की परिस्थितियाँ विकट हो, भगवान् भी नाराज हो तो भी गुरु की प्रसन्नता से उनका समाधान हो जाता है क्योंकि आगम घोषणा करते हैं—**हरे रुष्ठे गुरुस्त्राता।** अतः गुरुवन्दना को परमपद की प्राप्ति का सहज मार्ग माना गया है।

पूर्व-अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
55 गोविन्दनगर, वैशाली नगर,
जयपुर-302021

शब्दब्रह्म एवं उसकी शक्तियों का दार्शनिक विमर्श

कीर्तिका भट्टाचार्य

व्याकरणदर्शनाभिमत परमसत् शब्दब्रह्म एक व अद्वितीय है उससे पृथक् कुछ भी नहीं है परन्तु साथ ही यह भी कहा गया है कि वह परम तत्त्व विश्व रूप में विवर्त्तित होता है।[1] उस एकमात्र भाव के अनेक परिणाम देखे जाते हैं।[2] अब प्रश्न यह उठता है कि यह किस प्रकार सम्भव है कि शब्दब्रह्म एक ही समय में एक भी कहा गया है व अनेक भी। इसका उत्तर भर्तृहरि दर्शन यह स्थापित कर देता है कि यह परमतत्त्व सक्रिय व सशक्त सत्ता है, यद्यपि यह एक है और कभी अपने एकत्व का परित्याग नहीं करता तथापि अनेक शक्तियों से युक्त होने के कारण यह अनेक बन जाता है। परमतत्त्व की शक्तियों की विविधता के आधार पर विश्व के वैचित्र्य की व्याख्या करना अधिक सरल है। अपेक्षाकृत परतत्त्वों की अनेकता के आधार पर जैसा कि दूसरे कुछ सम्प्रदाय करते हैं।[3]

आचार्य भर्तृहरि ने शक्ति शब्द का प्रयोग व्यापक अर्थ में किया है। बाद में आविर्भूत होने और व्यक्त बनने के लिए जो अव्यक्त रूप में स्थित रहता है, वह शक्ति है। जब यह आविर्भूत होती है और प्रकट बनती है, यह व्यक्ति बन जाती है। इस अर्थ में विश्व के सभी पदार्थ, वैशेषिक आदि दर्शन के सम्प्रदायों द्वारा स्वीकृत सभी तत्त्व, अनुभव के तार्किक विश्लेषण के आधार पर, शब्दतत्त्व में शक्तियाँ माने जा सकते हैं क्योंकि आचार्य भर्तृहरि के अनुसार चूँकि वे व्यक्त बनते हैं, अत: ये सभी इनमें अव्यक्त रूप में है। अत: द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय, दिक्, काल, क्रिया, साधन इत्यादि शब्दब्रह्म की शक्तियाँ है जो उसकी एकता का अतिक्रमण नहीं करतीं।[4]

व्याकरणदर्शन में ब्रह्म की सभी शक्तियों में 'काल शक्ति' को सर्वोपरि रखते हुए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण माना है। यह शब्दब्रह्म की प्रमुख शक्ति है जिससे वह स्वतन्त्र कर्त्ता कहा जाता है।

काल की वास्तविकता एवं स्वरूप आदि से सम्बन्धित जिज्ञासाओं के समाधान अतिप्राचीन काल से वैदिक व दार्शनिक ऋषि खोजते आए हैं। प्राचीन ऋषियों ने संसार की परिवर्तनशीलता को देखते हुए इस परिवर्तन की अवस्था विशेष के बोध के लिए और अवस्थाओं के पूर्वापरसम्बन्ध ज्ञान के लिए जिस उपाय का आश्रय लिया वह उपाय है 'काल'।

काल शब्द का प्रथमप्रयोग '*ऋग्वेद*' में मिलता है।[5] पुरुष सूक्त में काल को पुरुष का विकार कहा गया है। यह सब भूत भविष्यद्रूप (काल) भी पुरुष ही है।[6] *अथर्ववेद* 19.53 और 19.54 में काल को परमेश्वर के समान सर्वशक्तिशाली माना गया है। वह भुवनों का पोषण करने वाला है, सभी भुवनों में व्यापक है। उससे बढ़कर अन्य कोई तेजस नहीं है। वही स्रष्टा व भर्त्ता है।

व्याकरण के अनुसार काल के व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ अनेक है। काल शब्द में प्रयुक्त 'कल' धातु अनेकार्थक है। *पाणिनीय धातुपाठ* में कुल शब्दसंख्यानयो: (भ्वादिगण), कुल क्षेपे (चुरादिगण) कल गतौ संख्याने च (चुरादिगण) इस रूप में पठित है।[7] आचार्य रघुनाथ शर्मा अम्बाकर्त्रीकार के अनुसार काल शब्द की व्युत्पत्ति 'कल क्षेपे' इस स्वार्थिक 'णिच्' प्रत्ययान्त धातु से 'अच्' प्रत्यय करने पर होती है।[8] आचार्य यास्क ने काल शब्द की व्युत्पत्ति गत्यर्थक 'काले' धातु से (कालि+घञ्=काल) मानी है; जिसका अर्थ है 'गति'-'काल:' 'कालयेतेर्गतिकर्मण:'।[9] 'कलयत्यायु: काल:' इस प्रकार क्षीरस्वामी ने गति अर्थ की ओर संकेत किया है।[10]

आचार्य भर्तृहरि ने काल पर विचारक एक दार्शनिक की भाँति किया है। उनके शब्द हैं— 'शक्त्यात्मदेवतापक्षे भिन्नं कालस्य दर्शनम्।'[11] इनके काल सम्बन्धित अपने स्वतन्त्र विचार है। काल सम्बन्धित सम्पूर्ण गवेषणा का केन्द्र यह है कि काल शब्दब्रह्म की प्रमुख शक्ति है, उसका स्वातन्त्र्य या कर्तृशक्ति है, जो पदार्थों की उत्पत्ति व उपसंहार में कारण है। काल नामक स्वातन्त्र्य शक्ति से समस्त परतन्त्र जन्म लेने वाले पदार्थ (शक्तय:) व्याप्त रहते है, अथवा काल की वृत्ति अर्थात् सत्ता, विपरिणाम, वृद्धि आदि का अनुगमन करते हैं।[12]

शब्दब्रह्म के विवर्त का हेतु है—दूसरे को अर्थ अवबोध कराना। उसके अखण्ड स्वरूप में काल का कोई भी प्रभाव दृष्टिगोचर नहीं होता। अत: शब्दतत्त्व वस्तुत: कालातीत है। परन्तु यदि शब्दतत्त्व जब जगत् की प्रक्रिया के लिए अर्थ-भावना से विकसित होता है तो उस दशा में उसका विवर्त्तभूत रूप कालाबद्ध होता है।

सृष्टिसृजन वेला में जिस प्रकार ब्रह्मवादियों के यहाँ 'माया' को ब्रह्म की शक्ति के रूप में कल्पित किया गया है उसी प्रकार यहाँ पर भी 'काल' को बड़े ही तार्किक रूप से शब्दतत्त्व की प्रमुख शक्ति माना है—

अध्याहितकलां यस्य कालशक्तिमुपाश्रिता:।
जन्मादयो विकारा षड् भावभेदस्य योनय:।।[13]

अर्थात् जिस शब्दब्रह्म की आरोपित कलाओं या भेदों (लव, निमेषादि और अतीत, अनागत आदि) वाली कालशक्ति (स्वातन्त्र्य शक्ति अथवा अविद्या शक्ति) का आश्रय लेकर जन्म, सत्ता, विपरिणाम, वृद्धि, अपक्षय और नाश ये षड् भावविकार अथवा मूर्ति और क्रिया-भेद के कारण बनते हैं।

आचार्य भर्तृहरि के अनुसार कालशक्ति लोकयन्त्र का सूत्रधार है।[14] काल विश्वात्मा है[15] और विश्वात्मा एक परब्रह्म नामक सत्य भाव है।[16] उसमें नानाशक्ति योग समाविष्ट हैं। उस शक्ति योग द्वारा भावों की कला को वह बिखेरता है (कालयति) इसलिये उसे काल कहते हैं।[17] हेलाराज ने भर्तृहरि के काल विचार का निष्कर्ष दो बार स्वातन्त्र्य शक्ति के रूप में व्यक्त किया है—

'स विभु: स्वतन्त्र:। अत एव 'स्वातन्त्र्यशक्ति: काल:' इति *वाक्यपदीये* सिद्धान्तितम्।'[18]

तथा—

कालाख्या स्वातन्त्र्यशक्तिर्ब्रह्मण इति तत्रभवद्भर्तृहरेरभिप्राय:।[19]

यह उल्लेख पश्चाद्वर्ती आचार्यों ने यथास्थान किया है।[20] शब्दब्रह्म की यही स्वातन्त्र्यशक्ति उसकी कर्तृशक्ति है। इनमें कोई भेद नहीं है। ब्रह्म की कर्तृशक्ति क्रम रूप पाकर काल शक्ति के रूप में व्यक्त होती है। हरिवृत्ति के अनुसार—

तस्य क्रमवद्भि: मात्रारूपै: कर्तृशक्ति: प्रविभाज्यमाना विकारमात्रा गतं भेदरूपं तत्राध्यारोपयति।[21]

आचार्य वृषभदेव ने भी स्वातन्त्र्य को कर्तृशक्ति के रूप में ग्रहण किया है—

स्वातन्त्र्य कर्तृशक्ति:। पदार्थनिष्पादनोपसंहारयोग्या कर्तृशक्ति:।[22]

काल की शक्तियाँ

काल एक होते हुए भी लोकव्यवहार की व्यवस्था के लिए काल की शक्तियाँ भी अपेक्षित हैं। शेष सभी शक्तियाँ काल के अधीन है। समस्त कारण शक्तियाँ काल की आज्ञानुसार ही कार्य करती हैं। अतएव प्रत्येक वस्तु का सहायक कारण 'काल' है। समस्त विकार-कार्य या पदार्थ, जो अपनी उत्पत्ति में अनेक कारणों की अपेक्षा रखते हैं और जिनका जन्म-स्वरूपोपलम्भ अभी अवरुद्ध है, उनके जन्म की अनुज्ञा देकर काल सहकारी कारण बनता है।[23] आचार्य भर्तृहरि ने कालशक्ति की सहकारिणी कई अवान्तर शक्तियाँ स्वीकार की हैं—प्रतिबन्ध व अभ्यनुज्ञा, जरा, क्रम और समवाय शक्ति।

प्रतिबन्ध और अभ्यनुज्ञा शक्ति

व्याकरण नय में अङ्गीकृत काल की प्रमुख शक्तियों में 'प्रतिबन्ध और अभ्यनुज्ञा' नाम्ना द्विधा शक्तियाँ अभिप्रेत है। यथा—

ततश्च प्रतिभावं वैश्वरूपस्य प्रतिबन्धाभ्यनुज्ञाभ्यां शक्त्यवच्छेदेन क्रमवानिवाभा-सोपागमो लक्ष्यते।[24]

सम्पूर्ण भावों-पदार्थों का उन्मीलन और निमीलन, जन्म और नाश इन दो शक्तियों से परिचालित है। पौर्वापर्य अथवा क्रम इन्हीं शक्तियों की क्रिया है। यदि प्रतिबन्ध और अभ्यनुज्ञा अपने व्यापार न करें तो भावों की युगपत् उत्पत्ति होने लगे, बीज अङ्कुर, नाल, काण्ड आदि में पौर्वापर्य क्रम विच्छिन्न हो जाय और सर्वत्र सांकर्य छा जाए।[25]

किसी क्रिया अथवा भाव के साधनशक्तियों के व्यापार का विघात, विनाश या उनके जन्म को लयावस्था में रखना 'प्रतिबन्ध' है और इसके विपरीत इन साधनशक्तियों के जन्म या उत्पत्ति में अनुमति ही 'अभ्यनुज्ञा' है।[26] वस्तुत: अतीत व अनागत प्रतिबन्ध का कार्य क्षेत्र है तथा वर्तमान अभ्यनुज्ञा का। सृष्टि की प्रक्रिया के लिए किसी वस्तु का उत्पन्न होना ही पर्याप्त नहीं है। अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए उसका स्थित रहना भी आवश्यक है अत: काल के 'अभ्यनुज्ञा' व्यापार से न केवल वस्तुओं की उत्पत्ति होती है अपितु उनकी निरन्तरता भी बनी रहती है। जब वस्तुएँ अपना उद्देश्य पूर्ण कर लेती है उनमें किसी प्रकार का सामर्थ्य शेष नहीं रहता तब तक उनका लय या विनाश काल की 'प्रतिबन्ध' नामक अवरोधक शक्ति के कारण होता है। इस शक्ति के दो पक्ष है यह समय के पूर्व वस्तुओं को उत्पन्न होने से रोकती है और समय पूरा हो जाने के बाद उन्हें जारी रहने से रोकती है।[28]

जराशक्ति

प्रतिबन्ध का ही एक स्वरूप अथवा पक्ष है 'जराशक्ति'। आचार्य भर्तृहरि ने लोक से वृद्धावस्था के स्वरूप से इस शक्ति को विचार क्षेत्र में लिया है। यह वस्तुओं की शक्तियों को क्षीण करने का कार्य करती है। इसीसे भावों का ह्रास (जीर्णत्व) होता है।[29] चर-अचर सब के यौवन को कुण्ठित करने वाली 'जरा'शक्ति-विघातक मानी जाती है और शक्ति विरोधी दूसरे जरा-जन्य दोष का कारण होती है।[30]

क्रमशक्ति

काल अपनी शाश्वत वृत्ति (प्रतिबन्ध व अभ्यनुज्ञा) से विश्व-अवयवों में विभक्त होता है और यह विभाग क्रमिक होता है।[31] अत: अवयवों का क्रम से अवभास होना ही 'क्रमाख्या शक्ति' का काम है। क्रम से उदय और क्रम से प्रत्यस्त होना दोनों ही उसकी क्रिया है। यह क्रम 'क्रिया' संज्ञा को प्राप्त करते हैं।[32] क्रिया अथवा भाव सतत परिणामी एवं परिवर्तनशील है और इस परिवर्तन का आधार 'क्रम' ही है।

समवाय शक्ति

समवाय शक्ति वह शक्ति है जो कार्यकारण भेद की बाधिका है व कारण और कार्य के भेद को तिरोहित करती है। इसी शक्ति के प्रभाव से कारण के साथ कार्य की एकत्व की-सी प्रतीति होती है, कार्य-कारण अभिन्न से लगने लगते हैं।[32] कारण का कार्योत्पत्त्यनुकूल सशक्त होना, कारण से कार्य का जन्म व कार्य का कारण में लीन होना यह सभी व्यापार 'समवाय शक्ति' से ही सम्भव होते हैं।

काल का वास्तविक स्वरूप—अखण्ड, नित्य तथा विभु

उपर्युक्त विवेचन से यह ज्ञात होता है कि काल नानाविध कार्यों (उत्पत्ति, स्थिति व विनाश) का नियन्ता है तथा काल में भी नानात्व (भूत, वर्तमान, भविष्य) रूप में व्यवहार होता है[34] परन्तु काल में जो भेद प्रतीति होती है, वह औपाधिक ही है, वस्तुत: तो अभेद ही है।[35]

व्याकरणशास्त्र में काल को अखण्ड, अकृतक, अविभाज्य, नित्य, विभु व अमूर्त्त माना गया है।[36] भेद और औपाधिक स्वीकृत है। भेद का प्रयोजन लोक व्यवहार है। यह भेद मात्र बुद्धि की कल्पनाएँ हैं।

काल की सबसे महत्त्वपूर्ण उपाधियाँ हैं 'क्रियाएँ'। वे काल द्वारा क्रम में प्रकट की जाती है। उन्हीं के कारण भूत, भविष्य तथा वर्तमान के भेद इस पर आरोपित होते हैं। काल के तीन विभागों के अपने उपविभाग हैं जो कुल मिलाकर ग्यारह है।[37] भूत के पाँच भेद, भविष्य के चार भेद और वर्तमान के दो भेद।[38] क्रिया का आरम्भ-काल, क्रिया-काल तथा समाप्ति-काल—ये तीन विभाग विभिन्न अवस्थाओं में व्यापारों के भेद के कारण होते हैं। जबकि वह एक है। जिस तरह मार्ग का दूर होना या समीप होना चलने वाले की गति पर निर्भर है न कि स्वभावत: मार्ग भेद है उसी तरह दीर्घकाल या अल्पकाल क्रिया-सन्तान की दीर्घता या अल्पता पर निर्भर है और न ही पदाति के रुक जाने से मार्ग समाप्त होता है। अत: स्वभावत: काल मार्ग की तरह अभिन्न, एक व नित्य है।[39]

प्रकृति की प्रवृत्ति के भेद के कारण, काल को वसन्त, ग्रीष्म आदि ऋतुओं में विभाजित किया जाता है। यह उसी प्रकार है जैसे एक ही पुरुष को उसके द्वारा किये जाने वाले काम के भेद से बढ़ई, लौहार आदि कहना।[40]

अत: काल के सारे विभाग असत् है, भूत, भविष्य, वर्तमान आदि विभाग का केवल व्यवहारिक मूल्य है, काल-विभाग उन क्रियाओं पर आश्रित हैं जो इसके द्वारा निष्पादित की जाती है।[41] यह सम्पूर्ण प्रक्रिया बुद्धि आश्रित है[42] जो कि अविद्या अहित है। अत: इस विश्व प्रपञ्च की विविधता के निमित्त कारण-सत्ताओं की बहुलता अथवा एक सत्ता के वास्तविक विभाग मानने की कोई आवश्यकता नहीं है। काल के तीन विभागों को वास्तविक मानने की अपेक्षा काल की तीन शक्तियाँ मानना अधिक उचित है।[43] इस प्रकार समग्र भाव तथा दृश्य प्रपञ्च काल के गर्भ में है जो क्रियाशील है एंव जो निरन्तर उनकी सृष्टि तथा संहार यथासमय करता रहता है और इस तरह सांसारिक व्यवस्था को सम्पादित करता है।

उपर्युक्त विभिन्न सत्ताएँ शब्दार्थ स्वरूप है ओर यह शब्द और अर्थ शक्ति रूप से बुद्धि में सदैव एकत्व को प्राप्त रहते हैं। जैसाकि कहा गया है—अक्रम श्रोतृबुद्धिस्थ शब्द वर्णों, पदों एवं वाक्यों के रूप में विभक्त होकर अर्थ का वाचक बनता है। वहाँ बुद्धि में अर्थाकारात्मक शब्द अभेद को प्राप्त करता है। बौद्ध शब्द और अर्थ का तादात्म्य होता है। बौद्ध शब्द से ही अर्थ की प्रतीति होती है। यही वाच्य-वाचक व्यवस्था

है।[44] शब्द और अर्थ के परमार्थत: अभिन्न होने पर भी व्यवहार में उनकी पृथक् क्रिया देखी जाती है। वस्तुत: शब्द और अर्थ का तत्त्व एक ही है जो निश्चित और नित्य है।[45]

अत: ज्ञानाश्रय बुद्धिस्थ शब्दार्थ ही बाह्यार्थ रूप में अनेकधा प्रतिभासित होता है,[46] यह प्रत्यक्ष स्थावर-जङ्गम, जगत् 'शब्द' का ही परिणाम है।[47] जो तत्त्वत: एक है उसे अनेकधा विवेचन करने की शक्ति बुद्धि में है। शब्द वैसे अर्थ सूचित करते हैं जैसे वे हमारे ज्ञान में आते हैं।[48] अर्थों के सम्बन्ध में हमारे ज्ञान विकल्पनात्मक होते हैं। ज्ञान, प्रत्यय या चेतना का विषय के आकार में आकारित होना एक प्रकार का कालुष्य है।[49] इस प्रकार बुद्धि ही संसार के पदार्थों का विवेचन जाति, द्रव्य, गुण, क्रिया आदि रूपों में करती है एवं इनके लिए जातिवाचक, द्रव्यवाचक, गुणवाचक व क्रियावाचक शब्दों का प्रयोग करती है।

निष्कर्षत: यह प्रतिपादित होता है कि सभी शब्द प्रत्यक्षत: तो जाति, द्रव्य, गुण, क्रिया आदि पदार्थों का बोध कराते हैं एवं परोक्षत: सर्वोच्च सत्ता का। सभी शब्दों का वाच्य सत्ता है। सर्वोच्च सत्ता से तात्पर्य परब्रह्म से है जिसे व्याकरणदर्शन में शब्दब्रह्म कहा गया है। यह शब्दब्रह्म महासामान्य के रूप में सर्वत्र एकत्व स्थापित करता है। यही परमद्रव्य उपाधि भेद से भिन्न-भिन्न व्यक्ति रूप में प्रकट होता है यही सगुण रूप में सभी पदार्थों के विभिन्न धर्म स्थापित करता है यही पर भाव है जो अपनी क्रियाशक्ति अथवा कालशक्ति के प्रकर्ष से सम्पूर्ण विकारों एवं परिणामों का एकमात्र कारण है। यह ज्ञानाश्रया बुद्धि का सर्वोत्कृष्ट परम ज्ञान है।

सन्दर्भ

1. विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यत:। — *वाक्यपदीय,* 2/2
2. शब्दस्य परिणामोऽयमित्याम्नायविदो विदु:।
   छन्दोभ्य एव प्रथममेतद् विश्वं व्यवर्तते।। — *वाक्यपदीय*, 2/222
3. सर्वशक्त्यात्मभूतत्वमेकस्यैवेति निर्णय:।
   भावानामात्मभेदस्य कल्पना स्यादनर्थिका।। — *वाक्यपदीय*, 3/2/22
4. *भर्तृहरि का वाक्यपदीय*, के. ए. एस.अय्यर, अनुवादक डॉ. रामचन्द्र द्विवेदी, राजस्थान हिन्दी अकादमी, जयपुर, पृ. 227
5. कृतं यच्छ्वध्नी विचिनोति काले। — *ऋग्वेद*, 20/42/1
6. पुरुष एवेदं सर्वं यद् भूतं यच्च भाव्यम्। — *ऋग्वेद*, 20/20/2
7. पाणिनीय, *अष्टाध्यायी*, *धातुपाठ*, 02/0570, 20/0013, 20/0404
8. 'कल क्षेपे' इति चौरादिकात् स्वार्थिकणि जन्तात् पचाघच्। — *वाक्यपदीय*, 3/9/24 पर *अम्बाकर्त्री व्याख्या*, पृ. 505
9. *निरुक्त*, 2/25, पृ. 56
10. *अमरकोश*, 2/2/51
11. *वाक्यपदीय*, 3/1/62

12. कालाख्येन हि स्वातन्त्र्येण सर्वा: परतन्त्रा: जन्मवत्य: शक्त्य: समाविष्टा: कालशक्ति: वृत्तिमनुपतन्ति। — *वाक्यपदीय*, 2/3 की स्वोपज्ञ वृत्ति।
13. *वाक्यपदीय*, 2/3
14. तं अस्य लोकयन्त्रस्य सूत्रधारं प्रचक्षते। — *वाक्यपदीय*, 3/1/4
15. काल एव हि विश्वात्मा व्यापार इति कथ्यते। — *वाक्यपदीय*, 3/1/22
16. विश्वात्मैक एव परब्रह्माभिधान: सत्यो भाव:। — *वाक्यपदीय*, 3/2/24 पर हेलाराज की वृत्ति।
17. जलयन्त्रभ्रमावेशसदृशीभि: प्रवृत्तिभि:।
स कला: कलयन्सर्वा: कालाख्यां लभते विभु:।— *वाक्यपदीय*, 3/1/24
18. *वाक्यपदीय*, 3/1/24 पर हेलाराज की वृत्ति।
19. *वाक्यपदीय*, 3/1/62 पर हेलाराज की वृत्ति।
20. (क) यस्य ... ब्रह्मण: ... तस्य स्वातन्त्र्यशक्ति: काल:। — *वाक्यपदीय* 2/3 पर भावप्रदीप वृत्ति।
(ख) He (Bhartrhari) Considers kala as an independent power of Brahaman. (The Kalasamuddesh of Bhartrhari's *Vakya Padiya* : Together wirh Helaraja's commentary, Sharma Peri Sareswara, p. 26
21. *वाक्यपदीय*, 2/3 पर स्वोपज्ञ वृत्ति।
22. *वाक्यपदीय*, 2/3 पर पद्धति टीका।
23. सर्वेषां हि विकाराणां कारणान्तरेष्वपेक्षावतां प्रतिबद्धजन्मनामभ्यनुज्ञया सहकारिकारणं काल:। — *वाक्यपदीय*, 2/3 पर स्वोपज्ञ वृत्ति।
24. *वाक्यपदीय*, 2/3 पर स्वोपज्ञ वृत्ति।
25. यदि न प्रतिबन्ध्नीयात्प्रतिबन्धं च नोत्सृजेत्।
अवस्था व्यतिकीर्येरन्पौर्वापर्यविनाकृता:।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/5
26. (तेन कालेन प्रतिबन्धाभ्यनुज्ञाभ्यां) जन्मन: प्रतिबन्धो लयो=विनाश:, अभ्यनुज्ञा=उत्पत्तावनुमति:, ताभ्याम्। *वाक्यपदीय*, 3/1/4 पर अम्बाकर्त्री व्याख्या, पृ. 497
27. स्थित: संसर्गिभिभावै: स्वक्रियास्वनुगृह्यते।
नैषां सत्तां अनुद्गृह्य वृत्तिर्जन्मवतां स्मृता।।— *वाक्यपदीय*, 3/1/23
28. प्रयोजकास्तु ये भावा: स्थितिभागस्य हेतव:।
तिरोभवन्ति ते सर्वे यत आत्मा प्रहीयते।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/25
29. जीर्यते भावेऽनयेति जरा नाम कालस्य शक्ति:। — *वाक्यपदीय*, 3/1/24 पर हेलाराज की वृत्ति।
30. जराख्या कालशक्तिर्या शक्त्यन्तरविरोधिनी।
सा शक्ति प्रतिबध्नाति जायन्ते च विरोधिन:।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/24

31. प्रतिबन्धाभ्यनुज्ञाभ्यां वृत्तिर्या तस्य शाश्वती।
तया विभज्यमानोऽसौ भजते क्रमरूपताम्।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/30

32. क्रमाख्या शक्तिम्। यतस्तेऽवयवाः क्रमेणावभासमुपगच्छन्ति। तेषामवयवानां यः क्रमेणोदयप्रत्यस्तमयप्रत्यवभासः सैवास्य क्रिया। — *वाक्यपदीय*, 2/52 पर पद्धति टीका।

33. ततस्तु समवायाख्या शक्तिर्भेदस्य बाधिका।
एकत्वमिव ता व्यक्तीरापादयति कारणैः।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/27

34. एकोऽपि कालो नानात्वेन व्यवह्रियते। — *वाक्यपदीय*, 3/1/6 पर हेलाराज की वृत्ति।

35. औपाधिकोऽस्य भेदो मुख्यस्त्वभेदः। — *वाक्यपदीय*, 3/1/6 पर हेलाराज की वृत्ति।

36. (अ) नित्ये हि कालनक्षत्रे। — *महाभाष्य* 4/2/3
(ब) न नित्यः क्रममात्राभिः कालो भेदं इहार्हति।
व्यावर्तिनीनां मात्राणां अभावे कीदृशः क्रमः। — *वाक्यपदीय*, 2/24
(स) It is invisible and eternal. (*The Philosophy of Sanskrit Grammer*, P.C. Chakravarti), p. 54
(द) Time is immaterial and conceived as a symbol of eternity. (*The Philosophy of Sanskrit Grammer*, P.C. Chakravarti), p. 54

37. क्रियोपाधिश्च सन् भूतभविष्यवर्तमानताः।
एकादशभिराकारैर्विभक्ताः प्रतिपद्यते। — *वाक्यपदीय*, 3/1/37

38. भूतः पञ्चविधस्तत्र भविष्यश्च चतुर्विधः।
वर्तमानो द्विधाख्यात इत्येकादश कल्पना।। — *वाक्यपदीय, 3/1/37*

39. व्यतिक्रमेऽपि भावनां तस्य नास्ति व्यतिक्रमः।
न गन्तृगतिभेदेन मार्गभेदोऽस्ति कश्चन।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/74

40. क्रियाभेदाद् यथैकस्मिन् तक्षाद्याख्या प्रवर्तते।
क्रियाभेदात्तथैकस्मिन् ऋत्वाद्याख्योपजायते।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/32

41. तस्याभिन्नस्य कालस्य व्यवहारे क्रियाश्रताः।
भेदा इव त्रयः सिद्धा यांल्लोको नातिवर्तते।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/47

42. बुद्ध्यवग्रहभेदाच्च व्यवहारात्मनिस्थितेः।
तावानेव क्षणः कालो युगमन्वन्तराणि वा।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/61

43. एकस्य शक्त्यः तिस्त्रः कालस्य समवस्थिताः।
यत्सम्बन्धेन भावानां दर्शनादर्शने सताम्।। — *वाक्यपदीय*, 3/1/41

44. अविभक्तो विभक्तेभ्यो जायतेऽर्थस्य वाचकः।
शब्दस्तत्रार्थरूपात्मा सम्भेदमुपगच्छति।। — *वाक्यपदीय*, 2/43 की स्वोपज्ञ वृत्ति में उद्धृत कारिका।

45. शब्दार्थयोरसम्भेदे व्यवहारे पृथक् क्रिया।
यत: शब्दार्थयोस्तत्त्वमेकं तत्समवस्थितम्।।
सम्बन्धस्य न कर्तास्ति शब्दानां लोकवेदयो:।
शब्दैरेव हि शब्दानां सम्बन्ध: स्यात्कृत: स्वयम्।। — *वाक्यपदीय,* 2/26 की स्वोपज्ञ वृत्ति में उद्धृत कारिका।

46. *वाक्यपदीय*, 2/2

47. *वाक्यपदीय*, 2/222

48. शब्दस्य च निरूपितार्थ ... प्रत्ययश्च विकल्प:। —— *वाक्यपदीय,* 3/3/54 की स्वोपज्ञ वृत्ति।

49. *वाक्यपदीय*, 3/3/57

शोधछात्रा (संस्कृत)
जगत्शिरोमणि टेम्पल रोड,
बंगाली पाड़ा, आमेर
जिला-जयपुर-302028
दूरभाष-8949546426

आश्वमेधिक पर्व में ब्रह्माजी का सांख्य शास्त्रीय उपदेश

समीर कुमार

महाभारत सदृश्य महाकाव्य किसी-न-किसी प्रयोजन की सिद्धि हेतु ही रचा गया होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। *आश्वमेधिक पर्व* के सम्बन्ध में अवश्य प्रश्न किया जा सकता है कि जब *महाभारत* युद्ध की घटना का पूर्ण वर्णन हो चुका तो वही *महाभारत* काव्य की 'इतिश्री' क्यों नहीं की गयी? अत: आश्वमेधिक पर्व की रचना का प्रयोजन *महाभारत* युद्ध की घटना के वर्णन के अतिरिक्त कुछ अन्य ही रहा होगा। *आश्वमेधिक पर्व* में ऋषियों द्वारा अनेक संशय तथा प्रश्न उपस्थित किये गये हैं तथा ब्रह्माजी द्वारा उन सभी प्रश्नों का अलग-अलग उत्तर न देकर ऐसा सारगर्भित सांख्यशास्त्रीय प्रवचन दिया है जिसमें सही जिज्ञासु के लिए सम्पूर्ण समाधान है। ब्रह्माजी ने अपने प्रवचन के आरम्भ में ही पूर्ण अहिंसा और प्रकृति-पुरुष का विवेक बताकर आत्मलीनता का महत्त्व बताया जो धर्म का सार तथा अध्यात्म का सार है। यह साधकों के लिए मननीय है।

ब्रह्माजी से ऋषियों ने पूछा—ब्रह्मन्! धर्म के विषय में विविध विचार है। धर्म के विविध मार्ग एक-दूसरे से चोट खाये हुए से दिखते हैं—

व्याहतामिव पश्यामो धर्मस्य विविधां गतिम्। (*अश्वमेधिकपर्व, 49.1*)

